MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 15 मार्च, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-72

# एक घर-एक ईंधन

## पीएनजी वालों को एलपीजी नहीं

**नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां):** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की सप्लाई को लेकर बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव किया है। नए नियमों के तहत अब जिन घरों में पहले से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन मौजूद है, उन्हें घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। यदि किसी उपभोक्ता के पास पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन हैं, तो उन्हें अपना एलपीजी कनेक्शन तुरंत सरेंडर करना होगा। यह फैसला शनिवार को जारी अधिसूचना के माध्यम से लागू किया गया है और यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।



**एक घर में दोनों कनेक्शन रखना अब गैर-कानूनी**

नए नियमों के तहत अब एक ही घर में पीएनजी (पाइप गैस) और एलपीजी (सिलेंडर) दोनों कनेक्शन रखना गैर-कानूनी होगा। जिनके पास सक्रिय पीएनजी कनेक्शन है, वे अब अपने पुराने एलपीजी सिलेंडर की रिफिलिंग (बुकिंग) नहीं करा सकेंगे। जिनके पास दोनों सुविधाएं हैं, उन्हें अपना घरेलू एलपीजी कनेक्शन विभाग को तुरंत सरेंडर करना होगा। इसके अलावा, पाइप गैस (पीएनजी) वाले उपभोक्ता अब नए घरेलू एलपीजी कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे।

**गजट अधिसूचना में किया गया संशोधन**

मंत्रालय द्वारा जारी गजट अधिसूचना में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति एवं वितरण का विनियमन) आदेश, 2000 में संशोधन किया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार पीएनजी कनेक्शन रखने वाला कोई भी व्यक्ति नया घरेलू एलपीजी कनेक्शन नहीं ले सकेगा। पीएनजी और एलपीजी दोनों रखने वाले उपभोक्ता एलपीजी सिलेंडर का रिफिल नहीं प्राप्त कर सकेंगे। ऐसे उपभोक्ताओं को एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना अनिवार्य होगा।

सरकारी तेल कंपनियां (आईओ-सीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल) और उनके वितरक ऐसे घरों में एलपीजी प्रदान नहीं कर सकेंगे।

**जरूरतमंदों तक पहुंचे सब्सिडी वाला सिलेंडर**

सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है कि एलपीजी की सीमित आपूर्ति को बेहतर तरीके से प्रबंधित किया जाए और उन जरूरतमंद परिवारों तक सिलेंडर पहुंचे, जिनके पास पीएनजी जैसा विकल्प नहीं है। पीएनजी मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध है, जहां पाइपलाइन के माध्यम से सस्ती और पर्यावरण-अनुकूल गैस मिलती है। वहीं ग्रामीण और छोटे शहरों में अभी भी एलपीजी ही मुख्य ईंधन है। इस बदलाव से पीएनजी वाले क्षेत्रों में एलपीजी की मांग कम होगी, जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी वाले सिलेंडर की उपलब्धता बढ़ेगी।

यह कदम एक घर-एक ईंधन नीति की दिशा में भी माना जा रहा है। पहले भी सरकार ने दोहरे कनेक्शन पर रोक लगाने की कोशिश की थी, लेकिन अब यह नियम स्पष्ट और सख्त रूप से लागू किया गया है। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि यदि उनके पास दोनों कनेक्शन हैं, तो वे तुरंत नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर या कंपनी के पोर्टल पर जाकर कनेक्शन सरेंडर करें। सरेंडर करने पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा, लेकिन नियम तोड़ने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

## हैदराबाद में 24/7 कमांड कंट्रोल सेंटर लॉन्च किया

**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वैश्विक कच्चे तेल की बाधाओं के बीच राज्य भर में निर्बाध एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, तेलंगाना नागरिक आपूर्ति विभाग ने वास्तविक समय में गैस वितरण की निगरानी के लिए 24/7 बहु-एजेंसी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की है।



**जीपीएस-सक्षम प्रणाली से होगी निगरानी**

शनिवार को लॉन्च किया गया यह केंद्र, जीपीएस-सक्षम निगरानी प्रणालियों का उपयोग करके तेलंगाना भर में एलपीजी परिवहन को ट्रैक करेगा, जिससे अधिकारियों को आपूर्ति आवाजाही की निगरानी करने और वितरण श्रृंखला में बाधाओं को तुरंत दूर करने की अनुमति मिलेगी।

**राज्य का केंद्रीय केंद्र बनेगा निगरानी केंद्र**

नागरिक आपूर्ति आयुक्त एम. स्टीफन रवींद्र, आईपीएस ने कहा कि यह केंद्र घरेलू उपभोक्ताओं और प्राथमिकता वाले वाणिज्यिक क्षेत्रों के लिए स्थिर एलपीजी उपलब्धता बनाए रखने के लिए तेल कंपनियों, जिला अधिकारियों और वितरकों के साथ समन्वय के लिए राज्य का केंद्रीय केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

**लगातार निगरानी और वास्तविक समय ट्रैकिंग**

अधिकारियों ने कहा कि कमांड एंड कंट्रोल सेंटर लगातार एलपीजी की आवाजाही, स्टॉक स्तर और तेलंगाना भर में जिलेवार वितरण की निगरानी करेगा। यह प्रणाली वास्तविक समय जीपीएस डेटा के माध्यम से गैस परिवहन वाहनों को ट्रैक करेगी, जिससे अधिकारियों को देरी, डायवर्जन या आपूर्ति व्यवधानों की पहचान करने और तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने में सक्षम बनाया जाएगा। ▶10 पर

### जनगणना 2027: दो चरणों में होगी डिजिटल जनगणना

## खबरदार! गलत जानकारी दी तो..

**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के जन-गणना संचालन निदेशक भारती होलिकेरी ने शनिवार को कहा कि जनगणना 2027 के दौरान गलत जानकारी प्रदान करने या गणक के साथ विवरण साझा करने से इनकार करने पर 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।



तेलंगाना में जनगणना संचालन का पहला चरण 11 मई से 9 जून तक चलेगा, जिसके दौरान घर-सूचीकरण संचालन (एचएलओ) किया जाएगा।

डिजिटल जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसमें एचएलओ के बाद मुख्य जनसंख्या गणना 9 से 28 फरवरी 2027 तक की जाएगी। निवासियों के लिए वैकल्पिक स्व-गणना सुविधा 26 अप्रैल से 8 मई 2026 तक उपलब्ध होगी।

यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, होलिकेरी ने कहा कि जनगणना के सुचारु संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। होलिकेरी ने स्पष्ट किया कि स्व-गणना डेटा को अंतिम नहीं माना जाएगा जब तक कि गणक अनिवार्य घर-दर-घर दौरे के माध्यम से इसकी पुष्टि न करें। स्व-गणना का विकल्प चुनने वाले निवासियों को एक अद्वितीय स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे एक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सत्यापन के लिए दौरा करने वाले गणक के साथ साझा करना होगा।

**डेटा सटीकता और गोपनीयता पर विशेष जोर**

उन्होंने कहा कि डेटा सटीकता सुनिश्चित करने और वंचित रहने से रोकने के लिए दोहरी प्रक्रिया को डिजाइन किया गया है, जबकि ऑनलाइन विकल्प के माध्यम से सुविधा भी प्रदान की जा रही है। स्व-गणना पोर्टल में उपयोगकर्ताओं की सहायता के लिए टूल टिप्स और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न होंगे, लेकिन अंतिम रूप से आधिकारिक तौर पर अंतिम बनाने से पहले सभी जमा किए गए डेटा की पुष्टि की जाएगी।होलिकेरी ने आश्वासन दिया कि एकत्र की गई जानकारी की गोपनीयता की रक्षा के लिए सख्त उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत कड़े कानूनी प्रावधानों का पालन करती है, ▶10 पर

## वांगचुक रिहा-शांति की राह



**नयी दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां) ।** केंद्र सरकार ने शनिवार को पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

गृह मंत्रालय ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि यह निर्णय लद्दाख में शांति, स्थिरता और रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लिया गया है।

गौरतलब है कि वांगचुक को पिछले साल 24 सितंबर को लेह में कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति उत्पन्न होने के बाद 26 सितंबर को हिरासत में लिया गया था। उन्हें राजस्थान की जोधपुर जेल भेजा गया था। वांगचुक उक्त अधिनियम के अंतर्गत हिरासत की अवधि का लगभग आधा समय व्यतीत कर चुके हैं।

रासुका अधिनियम की धारा के तहत किसी व्यक्ति को हिरासत में रखने की अधिकतम अवधि 12 महीने हो सकती है। सरकार यदि चाहे, तो इस अवधि के समाप्त होने से पहले किसी भी समय व्यक्ति को रिहा कर सकती है। गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार, सरकार लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं और चिंताओं को दूर करने के लिए विभिन्न हितधारकों और सामुदायिक नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई है। ▶10 पर

॥ श्री हरिः ॥ हृदयांजलि ॥ श्री हरिः ॥
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः ।।


(सुपुत्र : श्री बद्रीविशाल अग्रवाल)
अत्यंत हृदयविदारक घटना...
प्रकृति का यह क्रूर निर्णय अत्यंत पीड़ादायक है। पिता के कंधों पर जवान पुत्र की अर्थी का बोझ उठाने की शक्ति न तो सामान्य मनुष्य में होती है और न ही ऋषि-मुनियों अथवा देवताओं में।
पीढ़ियों से पूजा-पाठ और सनातन संस्कृति के आदर्शों के अनुसार जीवन जीने वाले इस परिवार के साथ घटी यह असामयिक एवं आकस्मिक दुर्घटना अत्यंत असहनीय है। किन्तु ईश्वर द्वारा निर्धारित प्रारब्ध के निर्णय को टाला नहीं जा सकता, इसलिए उसे श्रद्धा और विनम्रता के साथ स्वीकार करने के अतिरिक्त कोई अन्य मार्ग भी नहीं है।
परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देकर शांति प्रदान करें तथा भाई बद्रीविशाल अग्रवाल सहित समस्त शोकाकुल परिजनों को इस असह्य दुःख को सहन करने की शक्ति और धैर्य प्रदान करें।
* विनम्र *
रमेश अग्रवाल * गिरीश अग्रवाल
सिमलावाला परिवार
मनोकामना गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड * मनोकामना चिट फंड प्राइवेट लिमिटेड
ॐ शिव शक्ति सेवा मण्डल-तेलंगाना (रजि.) * अभिनव भारत (NGO)
भाग्यनगर (हैदराबाद) तेलंगाना. फोन : +91 98481 12060, +91 97010 08999

# होर्मुज दुश्मनों के लिए बंद

### ईरान के विदेश मंत्री अराघची बोलेआम लोगों को नहीं बनाएंगे निशाना

**नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां) ।** मिडिल ईस्ट में जारी जंग अब अपने तीसरे हफ्ते में पहुंच गई है और हालात पल-पल बिगड़ रहे हैं। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का एक बड़ा और रणनीतिक बयान सामने आया है। अराघची ने साफ कर दिया है कि दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद नहीं है, बल्कि यह सिर्फ दुश्मनों और उनके सहयोगियों के जहाजों और टैंकरों के लिए बंद किया गया है। बाकी देशों के लिए यातायात सामान्य बना हुआ है।



**नागरिकों को सुरक्षा, लेकिन ऊर्जा केंद्रों पर हमले का जवाब सख्त होगा**

ईरानी मीडिया के मुताबिक, विदेश मंत्री ने भरोसा दिलाया है कि युद्ध के दौरान आम आबादी वाले इलाकों को बचाने के लिए पूरी सावधानी बरती जाएगी, ताकि नागरिकों को कोई नुकसान न पहुंचे। हालांकि, उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर ईरान के तेल डिपो या पावर प्लांट जैसे ऊर्जा केंद्रों को निशाना बनाया गया, तो इसका पहले से कहीं ज्यादा सख्त और निर्णायक जवाब दिया जाएगा।

**यूएई के बंदरगाहों को खाली करने की खुली चेतावनी**

जंग के बीच ईरान ने पहली बार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की संपत्तियों को खु-लेआम धमकी दी है। ईरान ने चेतावनी जारी करते हुए लोगों से कहा है कि ▶10 पर

## ईरानी हमले में तबाह हुए 5 अमेरिकी प्लेन

**नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां) ।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच खबर आई कि सऊदी अरब में स्थित प्रिंस सुल्तान वायुसेना अड्डे पर ईरानी मिसाइल हमले में अमेरिकी वायुसेना के पाँच ईंधन भरने वाले विमान नष्ट हो गए। एक अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के दिनों में हुए इस हमले में ये विमान जमीन पर खड़े थे, जब मिसाइलों की चपेट में आ गए। बताया गया कि विमानों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन वे पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं और उनकी मरम्मत की जा रही है। इस हमले में किसी के मारे जाने की खबर नहीं है। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन ▶10 पर

खबरें जो सोच बदल दे शुभ लाभ



# ईरान के खर्ग द्वीप पर अमेरिका की बमबारी, सैन्य ठिकानों को तबाह करने का दावा, तेहरान ने कहा-जल्द जवाब देंगे

**वाशिंगटन/तेहरान, 14 मार्च (एजेंसियां)।** ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल सैन्य अभियान के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिकी केंद्रीय कमान ने ईरान के खार्ग द्वीप पर बड़ा बमबारी अभियान चलाया। उन्होंने इसे मध्य-पूर्व के इतिहास का सबसे बड़ा बमबारी अभियान करार देते हुए कहा कि ईरान के सबसे महत्वपूर्ण द्वीप खार्ग द्वीप पर मौजूद हर सैन्य ठिकाने को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। इस हमले पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि तेहरान इसका जवाब देगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया कहा कि अमेरिकी केंद्रीय कमान ने ईरान के खार्ग द्वीप पर एक बड़ा बमबारी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने द्वीप पर मौजूद सभी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया, जबकि जानबूझकर तेल अवसंरचना को नुकसान नहीं पहुंचाया।

ट्रंप के अनुसार यह हमला मध्य पूर्व के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक था। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने खार्ग द्वीप पर मौजूद सभी सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया और उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया है।

ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ईरान या कोई अन्य देश होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों की सुरक्षित आवाजाही में बाधा डालता है तो अमेरिका अपना फैसला बदल सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में अमेरिका द्वीप के तेल ढांचे को भी निशाना बनाने पर विचार करेगा।

अमेरिका के खर्ग द्वीप पर हमले पर ईरान ने पलटवार की धमकी दी है। समाचार समूह ईरान इंटरनेशनल ने ईरान के खतम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा है कि ईरान अपने तेल, आर्थिक और ऊर्जा संपत्तियों पर हमलों का तुरंत जवाब देगा, जिसमें अमेरिका से जुड़े क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जाएगा।

खार्ग द्वीप ईरान के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा तेल निर्यात केंद्र है। इसे ईरान की ऊर्जा व्यवस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका ने मोजतबा खामेनेई पर रखा 84 करोड़ का इनाम युद्धपोत भी किया रवाना

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के नए शीर्ष नेतृत्व को सीधे निशाने पर ले लिया है। एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने रिवार्ड्स फार जस्टिस कार्यक्रम के तहत ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई समेत शासन के कई प्रमुख स्तंभों पर 10 मिलियन डालर (लगभग 84 करोड़ रुपये) तक के इनाम की घोषणा की है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका लगभग 2,500 मरीन सैनिकों की एक नई टुकड़ी और युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली को क्षेत्र की ओर रवाना कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट की तैनाती से इलाके में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति में भारी वृद्धि होगी। अमेरिकी नोटिस में विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। इनाम की इस सूची में मोजतबा खामेनेई के अलावा डिप्टी चीफ आफ स्टाफ अली असगर हेजाजी, सैन्य सलाहकार मेजर जनरल यहया रहीम सफावी, सलाहकार अली लारीजानी, आंतरिक मामलों के मंत्री ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी और खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब जैसे कद्दावर नाम शामिल हैं। अमेरिका का आरोप है कि ये व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के उन अंगों का संचालन करते हैं, जो वैश्विक स्तर पर आतंकवादी गतिविधियों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में संलिप्त हैं। अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि महत्वपूर्ण जानकारी देने वाले व्यक्ति को न केवल नकद पुरस्कार दिया जाएगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर बसाने की सुविधा भी दी जा सकती है।



### जहां निकोटीन के सुरक्षित विकल्प मौजूद, वहां कम हुआ सिगरेट सेवन, सुधरा जन स्वास्थ्य

**लंदन।** जिन देशों में एक वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर निकोटीन के सुरक्षित विकल्पों को मंजूरी दी गई है, वहां पर सिगरेट के सेवन और उससे जुड़ी बीमारियों में तेज व स्थिर कमी दर्ज की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जब तम्बाकू नियंत्रण की मौजूदा नीतियों के साथ सिगरेट का सेवन करने वालों को रैगुलेटेड और कम नुकसान वाले निकोटीन उत्पाद उपलब्ध होते हैं, तो सिगरेट के सेवन में कमी आती है और जन स्वास्थ्य में सुधार होता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जापान और स्वीडन में सिगरेट के सेवन में तेजी से कमी दर्ज की गई क्योंकि ग्राहकों ने हीटेड टोबैको और ओरल निकोटीन प्रोडक्ट्स जैसे सुरक्षित विकल्पों का सेवन शुरू कर दिया। जापान में पुरुषों के बीच सिगरेट का सेवन साल 2020 में गिरकर 30 फीसदी से नीचे चला गया। साल 2016 में टोबैको हीटिंग सिस्टम पेश होने के बाद ऐसा पहली बार हुआ था। इससे पहले सालों तक सिगरेट का सेवन स्थिर बना हुआ था। इस गिरावट ने पांच सालों में सिगरेट के सेवन में 32 फीसदी कमी लाने में एक अहम योगदान दिया है। वहीं दूसरी ओर स्वीडन में सिगरेट का सेवन साल 2023 में गिरकर 5.6 फीसदी तक पहुंच गया, जिससे यह देश सिगरेट सेवन मुक्त देश बनने के करीब पहुंच गया।



### हाथ में बंदूक, बेटी को लेडी तानाशाह बना रहा सनकी किम जोंग उन



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की एक नई तस्वीर सुर्खियों में है। इसमें वे अपनी बेटी के साथ पिस्टल चलाते नजर आ रहे हैं। उनके हाथ में पिस्तौल दिख रहा है। लोकल मीडिया ने कहा है कि उत्तर कोरिया के नेता ने हथियारों को बहुत बढ़िया बताया है। हालांकि सरकारी मीडिया रिपोर्ट में किम जोंग उन की बेटी के उनके साथ फैक्ट्री जाने का जिक्र नहीं किया था, लेकिन तस्वीरों में उन्हें उत्तर कोरिया के दूसरे सीनियर अधिकारियों के साथ पिस्टल चलाते हुए दिखाया गया था। किम जोंग उन की बेटी का नाम किम जू ए है जो अभी सिर्फ 13 साल की हैं। लेकिन उन्हें अपने तानाशाह पिता के साथ अब ज्यादातर समारोह में देखा जाता है। बताया जा रहा हैं कि किम जू ए ही अपने पिता की वारिस बनने वाली हैं। ये तस्वीरें एक हल्के हथियारों की फैक्ट्री की जांच के दौरान ली गई हैं। खबर है कि न्यूक्लियर हथियारों पर सालों तक फोकस करने के बाद किम जोंग उन अब पारंपरिक सेना को आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। किम जू ए पहली बार नवंबर 2022 में सार्वजनिक समारोह में दिखाई दी थीं। उसके बाद से वे अपने पिता के साथ फैक्ट्री ओपनिंग और मिलिट्री डिस्प्ले जैसे कई कार्यक्रम दिखाई दी हैं। पिछले साल सितंबर में वह अपने पिता के साथ बीजिंग भी गई थीं जहां उत्तर कोरिया के लीडर की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ छह साल में पहली समिट हुई थी।

# चीनी प्रोफेसर जियांग की भविष्यवाणी बोले लंबा संघर्ष अमेरिका के लिए घातक साबित होगा

**बीजिंग, 14 मार्च (एजेंसियां)।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव अब अपने 14वें दिन में प्रवेश कर गया है, और युद्ध की यह स्थिति लगातार जटिल होती जा रही है। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को इस संघर्ष में अपेक्षा से अधिक प्रतिरोध और नुकसान का सामना करना पड़ा है। इस बीच, चीनी विद्वान जियांग शियुकिंग द्वारा की गई एक पुरानी भविष्यवाणी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहन चर्चा का विषय बन गई है, जिसमें उन्होंने इस संघर्ष के लंबे समय तक खिंचने और अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से नुकसानदेह साबित होने का दावा किया था।

जियांग शियुकिंग ने दो वर्ष पहले अपने विश्लेषण मंच प्रेडिक्टिव हिस्ट्रीके माध्यम से तीन प्रमुख अनुमान लगाए थे। उनकी पहली भविष्यवाणी डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता में वापसी और दूसरी अमेरिका-ईरान के बीच बड़े सैन्य टकराव को लेकर थी। अब जब ये दोनों बातें सच साबित होती दिख रही हैं, तो उनकी तीसरी भविष्यवाणी को लेकर विश्लेषण तेज हो गया है। जियांग का मानना है कि यदि यह युद्ध होता है, तो अमेरिका को इसमें अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाएगी। जियांग के अनुसार, यह संघर्ष किसी पारंपरिक युद्ध की तरह जल्दी समाप्त होने वाला नहीं है। उन्होंने ईरान की रणनीति की तुलना साठ के दशक के वियतनाम युद्ध से की है। जिस तरह वियतनाम में अमेरिका सैन्य क्षमता की कमी से नहीं, बल्कि लंबे समय तक चले संघर्ष और उससे उत्पन्न राजनीतिक व आर्थिक दबावों के कारण कमजोर पड़ा था, ठीक वैसी ही स्थिति यहाँ बन सकती है। ईरान की रणनीति सीधे टकराव के बजाय अपने विरोधी को आर्थिक और सैन्य रूप से थकाने की हो सकती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आज ईरान के पास उन्नत बैलिस्टिक मिसाइलें, ड्रोन तकनीक और इलेक्ट्रानिक युद्ध प्रणालियां मौजूद हैं, जो उसे वियतनाम से कहीं अधिक घातक बनाती हैं। इसके अलावा, होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर ईरान का नियंत्रण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बड़ा खतरा है। यदि इस मार्ग में बाधा आती है, तो इसका असर केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, व्यापार और खाद्य आपूर्ति पर भी पड़ेगा। जियांग शियुकिंग के विश्लेषण का मुख्य आधार यह है कि आधुनिक युद्ध केवल युद्धक्षेत्र की सैन्य शक्ति से नहीं।



### इजरायल-बोइंग के बीच 2,400 करोड़ की डिफेंस डील, नन्हा स्मार्ट बम बदेलेगा रणनीति

**वाशिंगटन।** आधुनिक युद्ध के मैदान में अब भारी-भरकम बारूद के बजाय सर्जिकल प्रिसिजन यानी अचूक सटीकता का महत्व बढ़ गया है। इस नई जंग का सबसे घातक योद्धा बनकर उभरा है बोइंग कंपनी का स्मार्ट डायामीटर बम (एसडीबी)। महज 53 लाख रुपये की लागत वाला यह छोटा हथियार आसमान से ऐसी सटीक आग बरसाता है कि पाताल में छिपे दुश्मन के बंकर भी सुरक्षित नहीं रह जाते। इजरायल और बोइंग के बीच हुआ करीब 2,400 करोड़ रुपये का यह मेगा सौदा भविष्य के युद्धों की रणनीति बदलने का एक बड़ा संकेत है। यह हथियार एक प्रिसिजन-गाइडेड म्यूनिशन है, जिसे विशेष रूप से कम वजन और उच्च मारक क्षमता के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह लगभग 110 किलोमीटर की दूरी से ही दुश्मन के ठिकानों को मटियामेट कर सकता है। यह आईएनएस और जीपीएस तकनीक से लैस है, जो इसे खराब मौसम, धुएं या धूल के बीच भी पिन-पाइंट सटीकता प्रदान करता है। स्टैंडआफ रेंज अधिक होने के कारण लड़ाकू विमान को दुश्मन के एयर डिफेंस जोन में घुसे बिना ही काफी दूर से इसे लान्च करने की सुविधा मिलती है। तकनीकी रूप से, इस बम का वजन मात्र 113 किलोग्राम है, लेकिन कंक्रीट के मजबूत बंकरों को भेदने की इसकी क्षमता बेजोड़ है। इसके छोटे आकार के कारण एक ही विमान रैक पर चार बम ले जाए जा सकते हैं, जिससे एक ही उड़ान में कई अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बनाना संभव हो जाता है। पुराने 2,000 पाउंड वाले भारी बमों की तुलना में यह काफी किफायती है और इसके सटीक निशाने के कारण आसपास की नागरिक संपत्तियों को नुकसान (कोलैटरल डैमेज) होने का खतरा भी न्यूनतम रहता है। इजरायल के लिए यह सौदा लंबी अवधि की सुरक्षा रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। सौदे की शर्तों के मुताबिक, इसकी डिलीवरी तीन साल बाद शुरू होगी। इसका अर्थ यह है कि इजरायल वर्तमान ईरान-इजरायल तनाव के साथ-साथ भविष्य के संभावित लंबे संघर्षों के लिए अपने शस्त्रागार को मजबूत कर रहा है। बोइंग के लिए भी यह सौदा एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे उसका डिफेंस पोर्टफोलियो और सुदृढ़ हुआ है।

# जापान में कई कंपनियां जिंदा लोगों को ताबूत में लेटने की सर्विस दे रहीं



**टोक्यो, 14 मार्च (एजेंसियां)।** लोग अक्सर कई तरह के बिजनेस करते हैं। लेकिन दुनिया में कुछ लोग अजीब-ओ-गरीब आइडिया से भी पैसा बनाते हैं। जैसे कि जापान में कई कंपनियां जिंदा लोगों को ताबूत में लेटने की सर्विस दे रही है और इसके बदले मोटा पैसा वसूल रही हैं। इस सर्विस को मेडिटेशन का एक तरीका बताया जा रहा है, मगर ये कुछ कंपनियों के लिए पैसा कमाने का बिजनेस बन गया है। दरअसल काफिन लाउंज आपको सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन कुयो का कान्सेप्ट, जिसका मतलब है मेमोरियल सर्विस, जापानी कल्चर का मशहूर हिस्सा है, और यह वहां के लोगों को जिंदगी की नाजुकता और मौत की खूबसूरती को अपनाने की नेशनल परंपरा को समझाने में मदद करता है। रिपोर्ट्स के अनुसार अपनी काफिन-लाइंग सर्विस को प्रमोट करने वाले बिजनेसमैन के मुताबिक इस तरह का मेडिटेशन उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो अपनी घबराहट कम करने के लिए एंकात में समय बिताना चाहते हैं। यह ट्रेंड आफिशियली काफी बड़ा है। लोग अलग-अलग पर्सनैलिटी के हिसाब से अलग-अलग काफिन ले रहें हैं। अगर एक सादा, लकड़ी का बक्सा किसी के नर्वस सिस्टम को शांत नहीं करता, तब टोक्यो में नए खुले स्पा, मीसो कुकन कनोके-इन में क्यूट काफिन ज्यादा सुकून देने वाले है। ग्रेव टोक्यो नाम की एक कंपनी ने ये रंग-बिरंगे सजाए हुए ताबूत डिजाइन किए हैं ताकि लोगों को एक मेडिटेशन एक्सपीरियंस मिले जहाँ वे मौत के बारे में जानकर जिंदगी को देख सकें। इन ताबूतों में 30 मिनट लेटने के लिए कंपनियां 13 डालर तक चार्ज कर रही हैं, जो भारतीय करेंसी में करीब 1200 रुपये हैं। दरअसल जापान में सुसाइड रेट बहुत बढ़ गया है। इसी वजह से कई बिजनेस मेंटल हेल्थ के लिए अलग-अलग तरह के क्रिएटिव तरीके अपना रहे हैं, जिनमें से एक काफिन लाइंग है। रिपोर्ट्स के अनुसार लोगों के लिए खुला ताबूत और बंद ताबूत वाला आप्शन भी मौजूद है। इसमें उन्हें शांत करने वाला म्यूजिक सुनने को मिल सकता है या वे चाहें तो ताबूत में लेटे हुए छत पर कोई वीडियो देख सकते हैं।

**30 मिनट का चार्ज भारतीय रुपये में 1200**

## अफगानिस्तान का दावा- इस्लामाबाद में बरसाए बम



**काबुल।** मिडल ईस्ट में जारी तनाव के बीच अब दक्षिण एशिया में एक और युद्ध की लपटें तेज हो गई हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड रेखा पर जारी विवाद ने अब एक पूर्ण सैन्य संघर्ष का रूप ले लिया है। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे अफगान वायु सेना के कई ड्रोनों ने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के फैजाबाद इलाके में स्थित रणनीतिक सैन्य केंद्र हमजा को निशाना बनाया। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह हमला दोनों देशों के बीच जारी खुले युद्ध में अब तक की सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई है। अफगान रक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर दावा किया है कि इस सटीक ड्रोन हमले में पाकिस्तानी सैन्य केंद्र के नेतृत्व ढांचे, कमांड सेंटर, हथियार डिपो और सैनिकों के आवासीय क्षेत्रों को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया है। तालिबान शासित अफगानिस्तान का कहना है कि इस हमले में पाकिस्तान को भारी मानवीय और वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा है। अफगान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई पाकिस्तान द्वारा काबुल, पक्तिया और कंधार जैसे अफगान शहरों पर किए गए हवाई हमलों का सीधा जवाब है।

# पहले डराता रहा अब भारत से रूसी तेल खरीदने की भीख मांग रहा अमेरिका, ईरान ने कसा तंज

**तेहरान, 14 मार्च (एजेंसियां)।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने वैश्विक ऊर्जा राजनीति और युद्ध के बीच अमेरिका के बदलते रुख पर कड़ा प्रहार किया है। शनिवार को एक बयान जारी कर अराघची ने दावा किया कि जो अमेरिका कल तक भारत सहित पूरी दुनिया पर रूसी कच्चा तेल न खरीदने के लिए भारी दबाव डाल रहा था, वही आज ईरान के साथ जारी संघर्ष के कारण अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर हो गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि व्हाइट हाउस अब भारत जैसे देशों से रूसी तेल आयात करने की भीख मांग रहा है, ताकि वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बनी रहे और कीमतें नियंत्रण से बाहर न हों। सोशल मीडिया पर अपनी बात रखते हुए ईरानी विदेश मंत्री ने याद दिलाया कि कैसे कुछ महीने पहले तक अमेरिका ने भारत को रूस से ऊर्जा व्यापार बंद करने के लिए खुलेआम धमकाया था। अराघची के अनुसार, ईरान के साथ पिछले दो सप्ताह से चल रहे भीषण युद्ध ने वाशिंगटन की प्राथमिकताओं को रातों-रात बदल दिया है। उन्होंने यूरोपीय देशों की भी कड़ी आलोचना की और उनके रुख को दयनीय बताया। अराघची ने कहा कि यूरोप ने इस उम्मीद में ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियानों का समर्थन किया कि बदले में उसे रूस के खिलाफ अमेरिका की पूरी मदद मिलेगी, लेकिन अंततः उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। इस कूटनीतिक वाकयुद्ध के बीच राहत की सबसे बड़ी खबर समुद्री व्यापारिक गलियारों से आई है। पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव और हार्मुज जलडमरूमध्य में मंडराते खतरों के बावजूद, ईरान ने भारतीय ध्वज वाले दो एलपीजी वाहक जहाजों को सुरक्षित निकासी की अनुमति दी है। शिपिंग डेटा के अनुसार, सऊदी अरब से तेल लेकर आ रहा एक अन्य टैंकर भी सुरक्षित रूप से भारत पहुँचने की उम्मीद है। यह घटनाक्रम वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि हार्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्गों में से एक है। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली ने भी इस मैत्रीपूर्ण रुख की पुष्टि की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान और भारत की नियति और हित एक समान हैं। राजदूत ने जोर देकर कहा कि भारत एक पुराना और भरोसेमंद मित्र है, इसलिए तेहरान हर हाल में भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि भारत के लोगों की पीड़ा ईरान की पीड़ा है, और इसी साझा विश्वास के कारण दोनों देश इस संकट की घड़ी में एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं। ईरान का यह कदम न केवल दोनों देशों के मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाता है, बल्कि पश्चिमी दबाव के बीच भारत के लिए ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा आश्वासन भी है।



# इटली ने 320 करोड़ में खरीदी महान चित्रकार कारवागियो की दुर्लभ पेंटिंग, अब रोम के म्यूजियम की बढ़ाएगी शान

**मिलान, 14 मार्च (एजेंसियां)।**

**इटली सरकार ने कला जगत के इतिहास में एक बड़ा कदम उठाते हुए महान चित्रकार कारवागियो की एक अत्यंत दुर्लभ और बेशकीमती पेंटिंग को खरीद लिया है। इस ऐतिहासिक मास्टरपीस के लिए सरकार ने 30 मिलियन यूरो, यानी लगभग 320 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि का भुगतान किया है। इटली के इतिहास में किसी एकल कलाकृति के लिए सरकार द्वारा किया गया यह अब तक का सबसे बड़ा निवेश माना जा रहा है।**



यह पेंटिंग मान्सिग्नोर माफेओ बार्बेरिनी का पोर्ट्रेट है, जो बाद में इतिहास में पोप अर्बन आठवें के रूप में प्रसिद्ध हुए। इटली के संस्कृति मंत्रालय ने इस खरीद को राष्ट्र के लिए असाधारण महत्व का निर्णय बताया है, जिसका मुख्य उद्देश्य ऐसी अमूल्य धरोहरों को निजी संग्रहकर्ताओं के हाथों में जाने से रोकना और आम जनता के लिए उपलब्ध कराना है। लगभग 400 साल पुरानी यह कलाकृति 1598 के आसपास तैयार की गई थी। इसमें माफेओ बार्बेरिनी को एक प्रभावशाली दाढ़ी वाले धर्मगुरु के रूप में चित्रित किया गया है, जिनका दायां हाथ एक विशिष्ट मुद्रा में आगे बढ़ा हुआ है। माफेओ बार्बेरिनी ने 1623 से 1644 तक पोप के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं और उन्हें कला व संस्कृति का महान संरक्षक माना जाता था। कला विशेषज्ञों के अनुसार, यह पोर्ट्रेट उस दौर की जटिल राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों का सजीव चित्रण पेश करता है। कारवागियो, जिनका वास्तविक नाम माइकलएंजेलो मेरिसी था, बारोक कला शैली के सबसे क्रांतिकारी चित्रकारों में से एक थे। वर्तमान में दुनिया भर में उनकी केवल 65 मूल पेंटिंग्स ही अस्तित्व में हैं, जिनमें से महज तीन ही पोर्ट्रेट शैली की हैं, जो इस नई खरीद को और भी विशिष्ट बनाती हैं। कारवागियो अपनी चियारोस्क्यूरो तकनीक के लिए विश्व विख्यात थे, जिसमें वे प्रकाश (लाइट) और छाया (शैडो) के बीच गहरे विरोधाभास का उपयोग कर पात्रों को बेहद जीवंत और नाटकीय रूप देते थे। यह दुर्लभ पेंटिंग अब तक फ्लोरेंस के एक निजी संग्रह का हिस्सा थी और इसे पहली बार वर्ष 2024 में रोम में प्रदर्शित किया गया था। अब सरकार के इस फैसले के बाद, इसे स्थायी रूप से रोम के प्रसिद्ध पलाजो बार्बेरिनी म्यूजियम में रखा जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि यह म्यूजियम वही ऐतिहासिक इमारत है जो कभी बार्बेरिनी परिवार का निवास स्थान हुआ करती थी। संस्कृति मंत्री एलेस्सांद्रो जिउली ने प्रतिबद्धता जताई है कि इटली अपनी ऐतिहासिक पहचान और महान कलाकारों की कृतियों को संरक्षित करने के लिए भविष्य में भी ऐसे ठोस प्रयास जारी रखेगा।

# बंगाल में महाजंगलराज लाने वालों का शुरू हो चुका है काउंटडाउन : मोदी

**कोलकाता , 14 मार्च (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बंगाल की मौजूदा तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और राज्य में बदलाव का आह्वान किया। रैली में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोगों का उत्साह और जोश साफ बता रहा है कि बंगाल के लोगों के मन में क्या चल रहा है और वे किस तरह का बदलाव चाहते हैं। ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास गवाह है कि जब भी बंगाल ने देश को दिशा दी है, तब यह मैदान बंगाल की आवाज बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा, इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज पूरे हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। इसी का नतीजा था कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का अंत हुआ। आज एक बार फिर इसी ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में बंगाल की मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में बदलाव की मांग अब हर जगह दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा, बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा और महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज



उठ रही है, 'चाई भाजपा सरकार, अबकी बार।'

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि रैली को रोकने के लिए राज्य सरकार ने हरसंभव कोशिश की। टीएमसी ने रैली में आने वाले लोगों को चोर कहकर अपमानित किया लेकिन बंगाल की जनता अच्छी तरह जानती है कि असली चोर कौन हैं। उन्होंने कहा, टीएमसी ने शुक्रवार को इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी लेकिन बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है कि असली चोर कौन हैं। अपनी कुर्सी जाते देख यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है।

उन्होंने कहा कि रैली में लोगों को आने से रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई बाधाएं खड़ी की गईं। पुल बंद करवा दिए गए, गाड़ियों को रोका गया, ट्रैफिक जाम कराया गया और भाजपा के झंडे व पोस्टर तक हटवा दिए गए।

उन्होंने कहा, आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दीं, ट्रैफिक जाम करवाया और भाजपा के झंडे-पोस्टर फड़वा दिए लेकिन आज के इस जनसैलाब को वे रोक नहीं पाए।

अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बंगाल में 'महाजंगलराज' लाने वालों के लिए अब समय खत्म होने वाला है। राज्य में कानून का राज लौटने वाला है और जो भी कानून तोड़ेगा या अत्याचार करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा, बंगाल में महाजंगलराज लाने वालों का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। वो दिन दूर नहीं जब बंगाल में फिर से कानून का राज होगा। जो कानून तोड़ेगा और जो अत्याचार करेगा, उसे किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। चुन-चुनकर सभी जुल्मों का हिसाब लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, अब बदलाव की आंधी को रोका नहीं जा सकता। मां दुर्गा का आशीर्वाद भाजपा व एनडीए के साथ है और यही आशीर्वाद बंगाल में परिवर्तन की ताकत बनेगा।

# पश्चिम एशिया संकट: एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने उड़ानों की संख्या बढ़ाकर 80 की



**नयी दिल्ली 14 मार्च (एजेंसियां)।** पश्चिम एशिया संकट के बीच संपर्क बनाये रखने के लिए एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शनिवार को इस क्षेत्र के लिए अपनी निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानों की कुल संख्या बढ़ाकर 80 कर दी है।

इससे पहले शुक्रवार को इन दोनों एयरलाइनों ने इसी सेक्टर में कुल 78 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित की थीं। ये उड़ान सेवाएं कई मार्गों पर चलायी जा रही हैं, जो भारतीय शहरों को पश्चिम एशिया के प्रमुख हब से जोड़ती हैं, ताकि यात्रियों की मांग को पूरा किया जा सके और यात्रा की निरंतरता बनी रहे। साथ ही एयरलाइंस इन क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रमों पर नजर बनाये हुए हैं।

एयर इंडिया ने आज जारी बयान में बताया कि दोनों एयरलाइंस 14 मार्च को जेद्दाह और मस्कट के लिए अपनी नियमित सेवाएं जारी रखे हुए हैं। इस दिन जेद्दा के लिए कुल 10 उड़ानें संचालित की जा रही हैं, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट के लिए आठ निर्धारित उड़ानें चला रही है।

इसके अतिरिक्त एयर इंडिया दिल्ली से एक राउंड-ट्रिप और मुंबई से दो राउंड-ट्रिप जेद्दाह के लिए संचालित करेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस कोझिकोड और मंगलुरु से जेद्दा के लिए एक-एक उड़ान चलाएगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट के लिए अपनी निर्धारित सेवाएं भी संचालित करेगी, जिसमें दिल्ली, कोच्चि, कोझिकोड और मुंबई से एक-एक राउंड-ट्रिप शामिल है। अपनी निर्धारित सेवाओं के अलावा एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के लिए कुल 62 गैर-निर्धारित उड़ानें भी संचालित करेंगी। ये उड़ानें स्लॉट उपलब्धता और प्रस्थान हवाई अड्डों की मौजूदा परिस्थितियों के आधार पर संचालित की जाएंगी।

कंपनी ने इन सभी उड़ानों के संचालन के लिए संबंधित भारतीय और स्थानीय नियामक प्राधिकरणों से आवश्यक अनुमति प्राप्त की गयी है।

# एआई समिट प्रदर्शन मामले में दिल्ली पुलिस ने मनीष शर्मा को बताया मुख्य साजिशकर्ता




**नई दिल्ली , 14 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए शर्टलेस प्रदर्शन के मामले में दिल्ली पुलिस ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका पर अपनी दलीलें पेश कीं। पुलिस ने अदालत को बताया कि यह प्रदर्शन पूरी तरह राजनीतिक था और इसका एआई या सरकार की नीति से कोई लेनादेना नहीं था। दिल्ली पुलिस के अनुसार भारत में आयोजित एआई समिट में दुनिया के लगभग 100 से ज्यादा देश शामिल हुए थे, जिनमें 92 देश और यूरोपीय संघ के सदस्य देश भी थे। यह अपने तरह की पहली बड़ी एआई समिट थी। पुलिस ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन का मकसद भारत में हो रहे इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आयोजन की छवि खराब करना था। उन्होंने कहा कि आंतरिक राजनीतिक असहमति के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच का इस्तेमाल किया गया और अदालत पर भी दबाव बनाने की कोशिश हुई। दिल्ली पुलिस ने मनीष शर्मा को इस मामले का मुख्य साजिशकर्ता और फ्रंट मैन बताया। पुलिस ने कहा कि मनीष शर्मा यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी हैं और प्रदर्शन की योजना उनके निर्देश में बनी। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन से पहले चायोज रेस्-तरां में बैठक हुई, जिसकी सीसीटीवी फुटेज उनके पास है। मनीष शर्मा ने सिद्धार्थ अवधूत को फोन कर बुलाया था और यूथ कांग्रेस के अंदर भी कई बैठकें हुईं।प्रदर्शन के दौरान हाई सिक्योरिटी एरिया में 12 लोग मौजूद थे, जिनमें से नौ ने शर्ट उतारकर प्रदर्शन किया। चार लोगों को मौके पर गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि यह गंभीर मामला है और वे जांच में यह पता लगाना चाहते हैं कि इसके पीछे और कौन-कौन लोग शामिल थे।दिल्ली पुलिस ने अदालत से मनीष शर्मा की अग्रिम जमानत का विरोध किया और कहा कि जांच अभी पूरी नहीं हुई है। मामले की अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट इस पर फैसला सुनाएगा। यह प्रदर्शन फरवरी 2026 में भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान हुआ था, जिसमें युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक नारे वाली टी-शर्ट पहनकर विरोध जताया था।

# विकसित भारत के निर्माण में छात्रों, युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : राधाकृष्णन

**नयी दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)।** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने कहा है कि स्वतंत्रता शताब्दी 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के लिए आर्थिक विकास, सामाजिक समावेश, तकनीकी उन्नति, पर्यावरण स्थिरता और नैतिक नेतृत्व की आवश्यकता होगी और इस विजन को साकार करने में छात्र और युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी।

श्री राधाकृष्णन ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के विज़न में देश के युवाओं की भूमिका अहम है। उनका कहना था कि विकसित भारत का विज़न समानता और समावेशी विकास पर आधारित होना चाहिए, जिसमें किसी राज्य तथा समाज के किसी भी वर्ग को पीछे नहीं छोड़ा जाएगा।

हिमाचल को देवभूमि और वीरभूमि बताते हुए उपराष्ट्रपति ने राज्य की समृद्ध आतिथ्य सत्कार, जीवंत संस्कृति और चिरस्थायी परंपराओं की भी प्रशंसा की और कहा कि राज्य ने देश की सशस्त्र सेनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

भारत की समृद्ध शैक्षणिक विरासत का जिक्र करते हुए श्री राधाकृष्णन ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय और तक्षशिला जैसे महान प्राचीन शिक्षा केंद्र अपने शिक्षकों के ज्ञान, विद्वता और निरंतर बौद्धिक विकास के कारण फले-फूले थे। उनका कहना था कि तब इन संस्थानों के गुरु और आचार्य जीवन भर सीखते रहते थे और उन्होंने वाद-विवाद, संवाद और शोध के माध्यम से अपने ज्ञान को निखारा और ऐसा वातावरण बनाया जहां विचारों का विकास हुआ और सभ्यताएं आगे बढ़ीं। उनका कहना था कि इसी भावना को आधुनिक विश्वविद्यालयों तथा संकाय



विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए और शिक्षण में नवाचार, अंतःविषयक अनुसंधान और वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को उत्साहपूर्वक लागू कर रहा है और भारतीय ज्ञान परंपराओं से संबंधित विषयों को शामिल कर रहा है, जिससे एक नए दृष्टिकोण के साथ शिक्षा की एक नई संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा कई रचनाओं का डोगरी में अनुवाद करने और हिंदी साहित्य का पंजाबी में अनुवाद करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेशी चिंतन और भारतीय शोध पद्धतियों पर इसका जोर भारत की बौद्धिक परंपराओं में नए सिरे से विश्वास को दर्शाता है। केंद्र और राज्य सरकारों के उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि संयुक्त अनुसंधान, साझा संकाय विशेषज्ञता, डिजिटल संसाधनों और अकादमिक आदान-प्रदान के माध्यम से ऐसी साझेदारियां एक व्यापक शिक्षण समुदाय का निर्माण कर सकती हैं, जिससे छात्रों और विद्वानों दोनों को लाभ होगा और एक विकसित भारत के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में योगदान मिलेगा।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों ने युवा नवप्रवर्तकों के लिए नए रास्ते खोल दिए हैं। उन्होंने युवाओं में नवाचार को प्रोत्साहित करने और विश्वविद्यालय की 'कम्युनिटी लैब' पहल की सराहना की, जिसके जरिये छात्र और संकाय सदस्य आस-पास के समुदायों के साथ जुड़ते हैं, पहुंच को मजबूत करते हैं और छात्रों को ग्रामीण भारत की वास्तविकताओं को समझने में मदद करते हैं।

# सरकार किसानों से किया वादा निभाना नहीं चाहती : राहुल



**नयी दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार ने किसानों से फसल की लागत के साथ ही 50 प्रतिशत और देने का वादा किया था लेकिन इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है और ऐसा लगता है मोदी सरकार वादे को निभाना नहीं चाहती है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा, लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा था कि 2021 में किसानों से किया गया फसल की लागत के साथ 50 फीसदी कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ।सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एएसपी नीति दोहरा दी।

# 61 वर्ष के हुये आमिर खान



**मुंबई, 14 मार्च (एजेंसियां)।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता-फिल्मकार आमिर खान आज 61 वर्ष के हो गये। आमिर खान का जन्म 14 मार्च 1965 को मुंबई में हुआ। उनके पिता ताहिर हुसैन और चाचा नासिर हुसैन जाने-माने फिल्म निर्माता थे। घर में फिल्मी माहौल के कारण आमिर खान की रूचि भी फिल्मों में हो गयी और वह अभिनेता बनना का सपना देखने लगे। आमिर खान ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1973 में बतौर बाल कलाकार अपने चाचा नासिर हुसैन के बैनर तले बनी फिल्म..यादो की बारात.. से की। बाद में उन्होंने वर्ष 1974 में प्रदर्शित फिल्म ..मदहोश.. में भी बतौर बाल कलाकार काम किया। इसके बाद उन्होंने लगभग 11 वर्षो तक फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया।

# दिल्ली को जलभराव से मिलेगी मुक्ति, सीएम रेखा गुप्ता ने ड्रेनेज रीमॉडलिंग की शुरुआत की

**नई दिल्ली , 14 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस काम से बरसात के समय जलभराव की समस्या कम होगी और सड़कों व आसपास का बुनियादी ढांचा भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हैदरपुर मेन रोड पर (बस स्टैंड से डीए ब्लॉक, शालीमार बाग तक) स्टॉर्म वाटर ड्रेन के रीमॉडलिंग कार्य का भी उद्घाटन किया। यह काम न्यू मास्टर ड्रेन प्लान 2025 के तहत किया जा रहा है, जिसमें आरसीसी ड्रेन बनाकर इलाके की जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, जलनिकासी व्यवस्था और जनसुविधाओं से जुड़े कई कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि रोड नंबर 319, आरयूबी शालीमार बाग, चौधरी मेहर चंद




मार्ग, रोड नंबर 320 और स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती मार्ग पर भी ड्रेनेज सुधार कार्य शुरू किए गए।

मुख्यमंत्री ने शालीमार चौक पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए स्लिप रोड के निर्माण और आरयूबी के आसपास यू-टर्न विकसित करने के कार्य की भी शुरुआत की। इस पहल से क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा और स्थानीय निवासियों व यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सहीपुर गांव के चौपाल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन भी किया। यह केंद्र क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने भगवान महावीर मार्ग और केएल बग्गा मार्ग पर मौजूदा स्टॉर्म वाटर ड्रेन के रीमॉडलिंग कार्य का भी उद्घाटन किया। इस परियोजना के तहत प्रीकास्ट फैक्ट्री निर्मित आरसीसी ड्रेन का निर्माण किया जाएगा, जो न्यू मास्टर ड्रेन प्लान 2025 के अनुरूप होगा। इस कार्य से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा बारिश के दौरान होने वाली समस्याओं में कमी आएगी।इन परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग के सिंगलपुर लेबर चौक पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण और ड्रेनेज सुधार कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ सुदृढ़ ड्रेनेज व्यवस्था का निर्माण बेहद आवश्यक है ताकि क्षेत्र में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान मिल सके।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान स्थानीय निवासियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए और कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी के प्रत्येक क्षेत्र में सड़क, ड्रेनेज, यातायात और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली के हर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी पर सरकार की पैनी नजर

**लखनऊ, 14 मार्च (एजेंसियां)।** पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य एवं रसद विभाग और जिला प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में निरीक्षण और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि पेट्रोल,



डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं और आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए।

प्रवर्तन टीमों ने शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 1,483 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की।

# ईरानी युद्धपोत के चालक दल और नागरिक चार्टर्ड विमान से कोच्चि से हुए रवाना




**कोच्चि, 14 मार्च (एजेंसियां)।** ईरानी नौसैनिक पोत आईरिस लावन के नाविक और ईरानी नागरिक (जो पोत के कोच्चि में डॉक होने के बाद केरल में ठहरे हुए थे) कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से चार्टर्ड विमान से आर्मेनिया के लिए रवाना हुए।

हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार, 107 नाविक और 33 ईरानी नागरिक शुक्रवार शाम को ईरानी अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराये गये एक विशेष विमान से कोच्चि से रवाना हुए।

कोलंबो से आया चार्टर्ड विमान शाम लगभग 7 बजे आर्मेनिया की राजधानी येरेवन के लिए रवाना हुआ।

## सलाह

# गर्मियों में स्किन की चमक को न होने दें कम



गर्मियों के मौसम में दमकती त्वचा पाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. धूप और पसीने के कारण न केवल स्किन जलने लगती है बल्कि इसका निखार भी चला जाता है. दमकती त्वचा न केवल आपकी खूबसूरती में चार-चांद लगाती है, बल्कि आपका आत्मविश्वास भी बढ़ाती है. लेकिन आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में अक्सर हमें अपनी स्किन की केयर करने का समय ही नहीं मिल पाता है. ऐसे में हम लेकर आएं हैं आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स जो आपकी दमकती त्वचा पाने की ख्वाहिश को पूरा कर सकते हैं.

» स्किन में निखार लाने के लिए मक्खन में ताजा स्ट्रॉबेरी पीसकर इसका पतला पेस्ट चेहरे पर लगाएं. इसे 30 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें. त्वचा बेहद मुलायम हो जाएगी.

» अगर आपकी स्किन बहुत ऑयली है तो 4-5 नीम की पत्तियों को पीसकर मुल्तानी मिट्टी में मिलाकर चेहरे पर लगाएं, सूखने पर गुनगुने पानी से धो लें.

» ऑयली स्किन में निखार लाने के लिए पका हुआ केला मैश कर चेहरे पर लगाएं. आधे घंटे बाद ठंडे पानी से धो लें. चेहरा चमकने लगेगा.

» गीली रूई पर दो-तीन बूंद एस्ट्रीजेंट डालें और पूरे चेहरे पर लगाएं. इससे चेहरे की तैलीयपन खत?म हो जाएगा और चेहरा साफ नज़र आने लगेगा.

» हफ्ते में एक बार फेस पैक का इस्तेमाल ज़रूर करें. इससे चेहरे में चमक आती है.

» ककड़ी, खीरा या संतरे का रस निकालकर फ्रिज में जमा लें. इसके क्यूब को चेहरे पर मलें. चेहरा चमक उठेगा और आपकी खूबसूरती में चार-चांद लग जाएंगे.

» इसके अलावा आत्मविश्वास भी आपकी खूबसूरती में महत्वपूर्ण योगदान देता है. अगर आप आत्मविश्वास से भरपूर हैं, तो उसकी चमक आपके चेहरे पर भी झलकती है. इसलिए कभी अपने आपको कमतर महसूस ना करें.

### नाभि के आसपास पेट दर्द का घरेलू उपाय

कई बार नाभि के आसपास पेट दर्द होने लगते है, जिससे काफी परेशानी होती हैं। लोग दर्द से छुटकारा पाने के लिए कई तरह की दवाईयों का सेवन करते हैं। आप घरेलू उपाय से भी इस दर्द से राहत पा सकते है। आइए जाने यह घरेलू उपाय। **सामग्री,** 1 टीस्पून अजवाइन पाऊडर,1 टीस्पून अदरक पाऊडर (सूखा हुआ), 1/4 टीस्पून काला नमक, **विधि,** एक बाउल में अजवाइन पाऊडर, अदरक पाऊडर और काला नमक डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।, पेट दर्द होने पर 1 चम्मच इस मिश्रण को गर्म पानी के साथ खाएं। इससे दर्द से राहत मिलेगी।,



# दर्द से राहत दिलाने में मददगार प्राकृतिक उपाय



हम में से अधिकतर लोगों ने कभी सिर दर्द, पेट दर्द, सीने में दर्द, गर्दन में दर्द और जोड़ो के दर्द जैसे दर्द के विभिन्न रूपों का अनुभव किया होगा। और इस दर्द को दूर करने के लिए हम में से बहुत से लोगों ने कैमिस्ट के यहां से बिना किसी डॉक्टरी पर्चे के डिस्प्रिन और एसिटामेनिफेन जैसी दवाएं खरीद कर खाई होगी। साधाण दर्द निवारक गोलियां दर्द में अस्थाई तौर पर आराम तो देते है लेकिन इसके लम्बे समय तक इस्तेमाल से किडनी के खराब होने, एसिडिटी, दस्त और कब्ज जैसी समस्याएं उत्पन्न होने की संभावना बनी रहती है।

इन दवाओं के दुष्प्रभावों के कारण ही आज अधिक से अधिक लोग दर्द निवारण के लिए वैकल्पिक चिकित्सा और प्राकृतिक विधि से दर्द निवारण की विधियों का अपनाने की ओर लौट रहे है। वैकल्पिक चिकित्सा में योगा, मेडिटेशन, मालिश आदि को दर्द निवारण के लिए अकेले या दवाओं के साथ प्रयोग किया जा सकता है। बहुत से वैकल्पिक चिकित्सा और सहायक चिकित्सा के माध्यमों का आज तक मुख्य धारा के आयुर्विज्ञान के शोधकर्ताओं ने शोध नही किया और जितना किया उतना काफी नही था। उनकी अवेलहना के बावजूद यह पारंपरिक तरीके और विधियां दर्द को कम करने और रोकने में बहुत प्रभावशाली और लोकप्रिय है, विभिन्न प्रकार के दर्द को कम करने के लिए कई तरह के सहायक और वैकल्पिक चिकित्सा विधियों का प्रयोग किया जाता है जिनमें प्रमुख इस प्रकार है

### गर्म और ठंडा सेक



दर्द से प्रभावित अंगों पर गर्म या ठंडे सेक से दर्द से तुरंत आराम मिलता है। सामान्य तौर पर दर्द निवारण में इस विधि का प्रयोग किया जाता है। इंजरी के बाद बर्फ की पट्टियों से प्रभावित अंगों की सिकाई करने पर दर्द में राहत मिलती है। इंजरी के 24 घंटे बाद बर्फ से सिकाई करने पर प्रभावित अंगों में सूजन होने की संभावना कम हो जाती है। सूजन कम होने या नहीं होने से दर्द भी कम होता है। दर्द की गंभीर और पुराने मामलों में प्रभावित स्थान को गर्म ईट या गर्म वाटर बैग से सिकाई करने पर काफी आराम मिलता है।गर्म सेक से ऊतक मुलायम हो जाते है, रक्त का संचार बढ जाता है और इससे मरीज को दर्द से भी आराम मिल जाता है।

### हाइड्रेटेड रहना

डिहाइड्रेशन के कारण शरीर से मिनरल का नुकसान, पुराने सिर और पीठ दर्द को बढ़ा देता है। इसलिए सलाह दी जाती है कि दर्द से बचने के लिए तरल पदार्थो का अधिक से अधिक सेवन करें। कई लोग बॉडी को हाइड्रेटेड करने के लिए कॉफी, सोडा या जूस का सहारा लेते हैं ये बिलकुल गलत है क्योंकि इसमें अतिरिक्त कैलोरी, सोडियम और कैफिन समस्या को और अधिक गंभीर बना देता हैं।

### योगा

भारतीय इलाज की पारंपरिक विधि योगा दर्द निवारण में काफी प्रभावी सिद्ध होती है। जब कभी आप योगा शुरु करें तो पहले हल्के किस्म का योग करे फिर धीरे-धीरे इसके समय में वृद्धि करे। योगा शुरु करने के पहले किसी योग चिकित्सक से एक बार सलाह अवश्य लें ले और पहले उसके देखरेख में योगा करे वरना योग के फायदा के बजाए नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।





### एक्यूपंचर

इस विधि में दर्द से राहत पाने के लिए शरीर के कुछ हिस्सों में सुई चुभो कर इलाज किया जाता है। एक्यूपंचर करने की विधि से होने वाला दर्द मामूली होता है जो मरीज को पता भी नहीं चलता है।...

### एक्सरसाइज

दर्द निवारण के लिए एक्सरसाइज बिना दवा के इलाज के तौर पर एक बहुत ही प्रभावी उपचार सिद्ध होता है। नियमित रूप से एक्सरसाइज करना चाहे वो टहलना, तैराकी या जॉगिंग करना ही क्यों न हो, इससे दर्द में बहुत आराम मिलता है। अपने डॉक्टर से मिलकर आप एक्सरसाइज करना शुरु कर सकते है। फिर धीरे धीरे इसे बाएं।



### संतुलित आहार



जर्नल ऑफ अल्टरनेटिव एंड कॉम्प्लिमेंटरी मेडिसिन के शोध के अनुसार, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ से मुक्त आहार दर्द को कम करने में मदद करते है। हरी पत्तेदार सब्जियां, ओमेगा 3 फैटी एसिड से उच्च खाद्य पदार्थ, शतावरी और लो शुगर वाले खाद्य पदार्थ जैसे चेरी, प्लम, और अनानास और सोया खाद्य उत्पाद दर्द को कम करने में मदद करते हैं।

## घर-संसार

# बेकार सामान फेंके को नहीं, इन तरीकों से करें इस्तेमाल



घरों में ऐसा बहुत सा सामान पड़ा होता है, जिन्हें कि अक्सर इस लिए संभाल लिया जाता है कि ये तादाद में थोड़े ज्यादा हो जाएं, तो इन्हें कबाड़ी को बेच देंगे या फिर कभी काम आ जाएगा लेकिन ऐसे सामान को रखकर हम सिर्फ अपने घर की जगह को ही घेरते हैं जबकि आप चाहें तो ऐसी चीजों को नया रूप दे कर इन्हें यूज कर सकते हैं।

### कोल्ड ड्रिंक की बोतलें

पार्टी हो या फिर घर पर कोई मेहमान आए, शादी हो या कोई भी त्यौहार हम कोल्ड ड्रिंक सबसे ज्यादा यूज करते हैं तथा उसकी छोटी बड़ी अनेक बोतलें हमारे घर पर इक्ट्ठी हो जाती हैं। हम बाजार से इतने महंगे गमले खरीद कर लाते हैं जो कि बहुत कच्चे होते हैं, क्योंकि एक ठोकर लगी और गमला खत्म। आप चाहें तो इन कोल्ड ड्रिंक्स के बोतलों में बहुत अच्छे-अच्छे फूल या पौधे लगा सकती हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि यह कभी खराब नहीं होती हैं तथा हम इन्हें कहीं भी हैंग कर सकते हैं। आप चाहें तो इन्हें थोड़ा सा डेकोरेट कर दें और फिर देखें कि आपकी बगिया कैसे खिल जाती है।

### पुराने जूते को दें नया रंग

यदि आपके पास जूते की काफी कलैक्शन है और आप अपने पुराने जूते पहन कर बोर हो गई हैं तो इन्हें फैंकने की बजाय बाजार से कुछ स्टाइलिश स्टार्स, लेस या बटन ले आएं और अपने जूते को एक नया रंग दे दें, इससे आपको नया स्टाइल भी मिल जाएगा।



### लैंप बन जाएंगी बोतलें

आपके घर के लैंप बहुत पुराने हो चुके हैं और अभी आपका बजट भी नहीं है कि आप नया खरीद पाएं, तो वाईन की बोतलों को आप स्टाइलिश लैंप में बदल सकती हैं। आप चाहें तो उन पर पेंट भी कर सकती हैं, कोई डिजाइन भी बना सकती हैं या फिर ग्लीटर भी लगा सकती हैं।

### पुरानी सीढ़ी को बनाएं रैक

आपके घर में बहुत समय से कोई सीढ़ी पड़ी है, जो काम की नहीं हैं तो उसे रैक में बदल लें। फिर आप चाहें तो उसमें किताबें रखें या फिर डेकोरेशन का कोई सामान, जिसे देख कर हर कोई आपके आइडिया की तारीफ कर उठेगा।



# पर्यावरण दिवस पर वास्तु अनुरूप लगाएं पेड़-पौधे



पर्यावरण से लाभ मिले इसके लिए हमें प्रकृति के नजदीक जाना होगा। इसका सीधा-सा समाधान है बस अपने घर के भीतर व आसपास अधिक से अधिक पेड़-पौधे उगाना।

अपने आशियाने के खुले स्थान पर एक मनमोहक बगीचा लगा दिया जाए तो पूरा घर तरोताजा हवा एवं प्राकृतिक सौंदर्य से सराबोर रहेगा और यदि वास्तुशास्त्र में बताए अनुसार पेड़-पौधे लगाते हैं तो सकारात्मक ऊर्जा का लाभ भी मिलेगा।

पेड़-पौधों में भी जीवन होता है अत: इनकी जीवंत ऊर्जा का सही प्रयोग हमें स्वस्थ एवं प्रसन्न रख सकता है। बस केवल आपको यह ध्यान रखना है कि पेड़-पौधे वास्तुशास्त्र की दिशा के अनुरूप हों।

### चलिए शुरुआत करते हैं बालकनी से

घर के मुख्य द्वार के आसपास एवं पूर्व, उत्तर तथा पूर्वोत्तर दिशाओं की बालकनी पर गुलाब, बेला, चमेली, ग्लेडियोलाई, कॉसमोस, कोचिया, जीनिया, गेंदा और सदाबहार जैसे फूलों के पौधे लगाएं। स्थानाभाव में लोहे या सरिये के स्टैंड में लगे गमलों में भी इन्हें लगाया जा सकता है।

### आपका घर है पश्चिम या दक्षिणमुखी

आपको घर के पीछे के खाली स्थान पर पूर्व, उत्तर अथवा पूर्वोत्तर में स्थित हो ऊपर बताए पौधे लगाना चाहिए।

जबकि पश्चिम एवं दक्षिणमुखी भवन के आगे या मुख्य द्वार की ओर बड़े-बड़े पेड़-पौधों एवं लताओं का प्रयोग करने के बारे में वास्तुशास्त्र में बताया गया है।

### कैसी हो वास्तु दिशा -

वास्तु में अनुसार सकारात्मक ऊर्जा तरंगें सदैव पूर्व दिशा से पश्चिम की ओर, उत्तर दिशा से दक्षिण की ओर एवं पूर्वोत्तर से दक्षिण-पश्चिम के नैऋत्य कोण की ओर प्रवाहित होती हैं।

इसलिए पूर्व एवं उत्तर दिशा में केवल हलके, छोटे व कम घने पेड़- पौधे लगाएं, जिससे कि घर में आने वाली सकारात्मक ऊर्जा के रास्ते में कोई रुकावट न आए।

इन दिशाओं की सकारात्मक बढ़ाने के लिए तुलसी के पौधे लगाएं। तुलसी के आसपास से होकर गुजरने वाली हवा शुद्ध एवं स्वास्थ्यप्रद हो जाती है।

### अन्य औषधीय पौधे -

इसके अलावा यहां पर अन्य औषधीय पौधे, जैसे- पुदीना, लेमनग्रास, खस, धनिया, सौंफ, हलदी, अदरक के पौधे आदि की उपस्थिति भी हमेशा आपके तन-मन को ताजगी चुस्ती-स्फूर्ति एवं आरोग्य प्रदान करेगी।

# गर्मियों में लगाएं ये फूल, बगीचा जाएगा महक



गर्मियों के चलते लोग अपने घरों में अधिक से अधिक पेड़ लगाते है, ताकि घर में ताजी हवा और हरियाली का माहौल बना रहे। यहीं समय होता है, जब आप अपने बगीचे को रंग-बिरंगे खूबसूरत फूलों से सजा महका सकते है। इससे बगीचा और घर खूशबू से महकने लगता है। दिक्कत आती है तो यह कि कौन से फूल लगाए जाए, जो गर्मियों में घर का माहौल चेंज कर दें। अगर आप भी इसी सोच में डूबे बैठे है तो हम आपको कुछ ऐसे फूलों के बारे में बताएंगे, जिनको आप गर्मियों में अपने घरपर उगा सकते है। इससे घर अच्छा भी लगेगा और ताजी, खूशबूदार हवा का माहौल बना रहेगा।

1. **बाल्सम** : इस फूल को गर्मिया शुरू होते ही लगा दें क्योंकि यह गर्मियों कै मौसम के बीच ही खिल जाते है। इन से घर महका-महका लगता है।

2. **डहलिया** : यह फूल कई रंग-बिरंगे होते है। अगर आप गर्मी में इनको लगाएगे तो आपके बगीचे में रौनक सी छा जाएगी। ध्यान रखें कि इन पर तेज सूरज की किरणें न पड़ने पाएं।

3. **ग्लेडियोलस** : सितारों के आकार में बने यह फूल लाल, पिंक, हरे, नीले और पीले रंग में आसानी से मिल जाते है। इससे आपका बगीचा काफी कलरफूल दिखाई देगा।

4. **गेंदा** : घरों में सबसे ज्यादा दिखने वाला फूल गेंदा है क्योंकि इसकी महक बहुत ही अच्छी होती है, जो पूरे वातावरण को ताजा कर देती है।

5. **ओलियंडर** : इस फूल को गर्मी में लगाना काफी बैस्ट है क्योंकि इनकी देखभाल करना काफी आसान होता है। यह पिंक, लाल, बैगनी, पीले और सफेद रंग में मिल जाते है। इनका ख्यान रखना जरूरी है क्योंकि यह बहुत ही जहरीले होते है।

## रेसिपी

### कॉर्न टिक्की



**सामग्री**

3/4 कप 1/4 कप स्वीट कॉर्न, 2 आलू (उबले हुए), 1/2 कप ब्रैड क्रम्ब, 2 हरी मिर्च (कटी हुई), 1 छोटा टुकड़ा अदरक, 4-5 लहसुन की कलियां, 4 चम्मच हरा धनिया (कटा धनिया), 1 चम्मच गरम मसाला, नमक स्वादानुसार, तेल

**विधि**

सबसे पहले स्वीट कॉर्न को माइक्रोवेव में स्टिम कर लें। अब इसे मिक्सी में डालकर अदरक,लहसुन और हरी मिर्च डालकर दरदरा पीस लें। एक बर्तन में उबले आलू,ब्रैड क्रम्ब और कॉर्न पेस्ट बनाकर और 1/4 कप मकई के दाने,हरा धनिया,गरम मसाला,नींबू का रस और नमक डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब हाथ को थोड़ा-सा तेल लगाकर इस मिश्रण के छोटे-छोटे गोले बनाकर टिक्की का आकार बनाएं। एक नॉन स्टिक तवे पर तेल लगा कर इसे गर्म होने पर आंच को धीमा कर दें। अब टिक्की को इस पर फ्राई करें। सुनहरा भूरा होने पर टिक्की को किचन टावल पर रखें। इसे सॉस के साथ सर्व करें।

### पनीर कोरमा



**सामग्री**

2 कप पनीर के टुकड़े, 2 टेबल-स्पून तेल, 3/4 कप कसा हुआ प्याज़, 2 इलायची, 1/2 कप आधे उबले , छिले और बीज निकाले हुए टमाटर, 1 1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर, 1/4 कप फ्रेश क्रीम, नमक स्वादअनुसार, **सजाने के लिए,** 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया

**विधि**

एक गहरे पैन में तेल गरम करें, प्याज़ और इलायची डालकर मध्यम आंच पर 2 मिनट तक भूनें। टमाटर और 2 टेबल-स्पून पानी डालकर, बीच-बीच में हिलाते हुए मध्यम आंच पर 2-3 मिनट तक पकाएं। लाल मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर डालकर मध्यम आंच पर और कुछ सेकेन्ड तक पकाएं। पनीर, क्रीम और नमक डालकर हलके हाथों मिलाएं और बीच-बीच में हिलाते हुए मध्यम आंच पर 2 मिनट तक पकाएं। धनिया से सजाकर गरमा गरम परोसें।

# राम जन्म पर महामुहूर्त का संयोग



**दस** अप्रैल को राम जन्मोत्सव यानी रामनवमी है। राम नवमी पर इतने अधिक योग एक साथ बनेंगे कि यह दिन महामुहूर्त से भरपूर होगा। प्राचीन पांडुलिपियों के आधार पर भगवान श्रीराम की जो जन्म पत्रिका है, वैसे ही ग्रह नक्षत्रों में इस वर्ष रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। भगवान श्रीराम का जन्म पुनर्वसु और पुष्य नक्षत्र में हुआ था। इस वर्ष रामनवमी को भी यही नक्षत्र पड़ रहा है। महानवमी के साथ सुकर्मा योग व कौलवकरण होने से यह दिन विशेष शुभ होगा। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि व पुष्य नक्षत्र का होना इसकी शुभता में वृद्धि करने वाला संयोग है।

ज्योतिषियों के अनुसार राम नवमी पर नक्षत्रों के राजा पुष्य और नवग्रहों के सिरमौर सूर्य देव के स्वामित्व वाले दिन रविवार का होना दिव्य संयोगों का महामुहूर्त को बना रहा है।

यह महासंयोग दस वर्ष बाद बना है, जो पूर्ण शुभता प्रदान करने वाला होगा।

# क्यों करते हैं हनुमान चालीसा का पाठ



**कलियुग** में हनुमानजी की भक्ति सबसे सरल और जल्द ही फल प्रदान करने वाली मानी गई है। श्रीराम के अनन्य भक्त श्रीहनुमान अपने भक्तों और धर्म के मार्ग पर चलने वाले लोगों की हर कदम मदद करते हैं। सीता माता के दिए वरदान के प्रभाव से वे अमर हैं और किसी ना किसी रूप में अपने भक्तों के साथ रहते हैं। हनुमानजी को मनाने के लिए सबसे सरल उपाय है हनुमान चालीसा का नित्य पाठ। हनुमानजी की यह स्तुति का सबसे सरल और सुरीली है। इसके पाठ से भक्त को असीम आनंद की प्राप्ति होती है। तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा बहुत प्रभावकारी है। इसकी सभी चौपाइयां मंत्र ही हैं। जिनके निरंतर जप से ये सिद्ध हो जाती हैं और पवनपुत्र हनुमानजी की कृपा प्राप्त हो जाती है। इससे वह स्वयं भक्तों का साथ देते हैं।

# मूलांक 8 का भविष्य और संभावनाएं



### बचपन

इस मूलांक के बालक एकांतप्रिय और अंतर्मुखी होते हैं। शनि से प्रभावित ऐसे बालकों का हृदय कोमल होता है। इनके लिए शनि यंत्र धारण करना शुभ होता है। इन बालकों में प्रतिस्पर्धा की भावना होती है। आम तौर पर ये स्वस्थ और सुंदर होते हैं।

### स्वभाव एवं व्यक्तित्व

इस मूलांक वाले जातक अपनी मेहनत के बूते ऊंचाइयां हासिल करते हैं। स्वभाव से ये सरल हृदय व दयालु होते हैं और दूसरे के काम आने में सुख की अनुभूति करते हैं। इसीलिए ये मित्रों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। संकोची स्वभाव के कारण कई बार ये अपनी बात ठीक से नहीं कह पाते।

### स्वास्थ्य

इन जातकों के जोड़ों में दर्द, गठिया और हड्डियों सम्बन्धी विकार होने की आशंका रहती है। अधिक श्रम से इस मूलांक वाले जातकों को जल्दी थकान हो जाती है। मुख रोग व दांत का दर्द ऐसे जातकों को आसानी से परेशान करता है। बीमारियों से बचाव के लिए इस मूलांक वाले जातकों को विटामिन बी, सी व लौहतत्व की अधिकता वाले पदार्थों का सेवन करना चाहिए। इन्हें नशे से बिल्कुल दूर रहना चाहिए।

### व्यवसाय

ऐसे जातक मशीनरी, ऑटोमोबाइल सम्बन्धी कारोबार में ज्यादा फायदा कमा सकते हैं। पैट्रोल, गैस, कोयला व खनन आधारित कारोबार भी ऐसे जातकों के लिए फलदायी होता है। सरकारी सेवाओं में थल-नभ ओर रेल परिवहन, सेना, वन व संचार आदि से जुड़े विभागों में इस मूलांक वाले जातक उच्च पदों पर पहुंचते हैं।

### देवता, उपवास, ध्यान और मंत्र

मूलांक 8 वाले जातकों के प्रधान देवता शनि होते हैं। ऐसे जातकों के लिए शनिवार को व्रत रखना शुभकर होता है। इन्हें प्रतिदिन 'ॐ शनै शनैश्चारय नमः' मंत्र का जाप दिन में इक्कीस बार करना चाहिए। इन्हें शनिवार को काले तिल का दान या काली गाय को चारा खिलाना फलदायी होता है।

### कमियां

हठी प्रवृत्ति ऐसे जातकों के लिए परेशानी का कारण बन जाती है। फिजूलखर्ची और दूसरों पर निर्भर रहने की प्रवृत्ति के कारण भी इनको नुक्सान भुगतना पड़ता है। दूसरों के भरोसे काम छोड़ने के कारण भी ये नुक्सान उठाते हैं।

### खूबियां

8 मूलांक वाले जातक कोई भी काम हाथ में लेते हैं तो उसे जिम्मेदारी से निभाते हैं और पूरा करके ही दम लेते हैं। ऐसे जातक हमेशा सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहना पसंद करते हैं। ऐसे लोग जीवन में अहम मुकाम हासिल करते हैं। समाज के लिए कुछ नया काम करते हैं। हमेशा नई योजनाओं में लगे रहते हैं।

### सफलता के उपाय

जिन जातकों का मूलांक 8 होता है उनको सवा पांच रत्ती का नीलम धारण करना चाहिए। कारोबार में सफलता के लिए इस मूलांक वाले जातकों को काला, भूरा और गहरे नीले रंग के वस्त्र पहनने चाहिएं। खीझ और झुंझलाहट भरे जीवन के बजाय जीवन में प्रसन्नता को महत्व देना चाहिए।

# जब कुत्ते ने श्री राम से न्याय मांगा



**यह** कथा त्रेतायुग की है, जब भगवान विष्णु श्री राम का अवतार धारण कर इस धरा पर प्रकट हुए थे। श्री राम का जन्म सूर्यवंश में आयोध्या के नरेश महाराज दशरथ तथा कौशल्या के घर हुआ था। बाल्याव- स्था के पश्चात युवा होने पर श्री राम को आयोध्या की वागडोर सौंप दी गई। श्री राम का अवतार धर्म की स्थापना के लिए ही हुआ था। अत: उन्होंने मर्यादा के अनुसार राज्यकार्य चलाने का आदेश अपने मंत्रीगणों को दिया। किसी प्रकार की कोताही अथवा ज्यादती न हो। इसका श्री राम स्वयं ध्यान रखते थे। राम राज्य में भी किसी प्रकार आदि व्याधि अथवा दैवी प्रकोप नहीं होता था। श्री राम के साथ-साथ प्रजा भी धार्मिक आचरण करने वाली थी। अत: राज्य में किसी को शारीरिक रोग नहीं होता था न ही किसी की अकाल मृत्यु होती थी। सारा राज्य सब प्रकार से सुख संपन्न था। महाराज रामचंद्र ने भी प्रजा को यह संदेश दे रखा था कि किसी प्रकार का कष्ट किसी प्राणी को होने पर वह सीधे राजा अर्थात उनसे मिल सकता था। परंतु आयोध्या में कष्ट तो था ही नहीं। समस्त और बस आनंद ही आनंद था। अत: कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का विवाद या शिकायत लेकर राज्यदरबार नहीं आता था। किंतु एक दिन अजीब घटना घटी। एक कुत्ता राजमहल के द्वार पर आकर बार-बार आकर भौंकने लगा। उसे अभियोगी समझ कर राज दरबार के सिपाही उसे दरबार में ले आए तथा श्री राम के आगे उपस्थित कर दिया। पूछने पर कुत्ते ने बताया, 'प्रभो! आपके राज्य में सर्वाथ सिद्ध नामक एक भिक्षुक है। उसने आज बिना किसी कारण मुझे पीटा है। उसने प्रहार करके मेरा मस्तक फाड़ दिया है। इसलिए मुझे न्याय दिया जाए।' कुत्ते की बात सुनकर श्री राम ने तुरंत सिपाही भेजकर उस भिक्षुक को बुलवाया। भिक्षुक के आने पर राजा रामचन्द्र ने पूछा, 'विप्रवर! क्या आपने इस कुत्ते के सिर पर प्रहार करके इसका सिर फोड़ा था। यदि ऐसा किया था, तो इसका क्या कारण है। वैसे ब्राह्मण को आकारण क्रोध आना तो नहीं चाहिए।' महाराज की बात सुनकर भिक्षुक बोलाप्रभु! यह सही है कि मैंने इस कुत्ते को डंडे से मारा था। उस समय मेरा मन क्रोध से भर गया था। बात यह थी कि कल मेरे भिक्षारन का समय बीत चुका था। तो भी भूख के कारण मैं भिक्षा के लिए द्वार-द्वार पर भटक रहा था। उस समय यह कुत्ता बीच में आ खड़ा हुआ। मैं भूखा तो था ही अतएव मुझे क्रोध आ गया। और मैंने क्रोध के वशीभूत होकर इस कुत्ते के सिर पर डंडा मार दिया। मैं अपराधी हूं। मुझे दंड दीजिए। आपसे दंड पाकर मुझे नरक की यातना नहीं भोगनी पड़ेगी।

राजा रामचंद्र ने अपने सभासदों से उसे दंड देने के विषय में परामर्श किया, तो उन्होंने कहा, राजन ब्राह्मण दंड द्वारा अवध्य है। इसे शारीरिक दंड नहीं दिया जा सकता। परंतु यह इतना निर्धन है कि आर्थिक दंड इसे दिया नहीं जा सकता। क्योंकि यह अदा नहीं कर पाएगा। कुत्ता जो न्याय के लिए लगातार श्री राम की ओर देख रहा था, बोला, महाराज, यदि आप आज्ञा दें तो मैं इसके दंड के बारे में एक सुझाव दूं। राम बोले, आवश्य, तब कुत्ता बोला- मेरे विचार से इसे महन्त बना दिया जाए। यदि आप इसे कालंतर के किसी मठ का मठाधीश बना दें तो यह दंड इसके लिए सबसे उचित होगा। कुत्ते का सुझाव श्री राम को भी पसंद आ गया। उन्होंने उसे मठाधीश बना दिया। उसके जाने के पश्चात एक मंत्री ने कहा- प्रभु, यह तो उसके लिए उपहार हुआ दंड नहीं। मंत्री की बात सुनकर राम ने कहा, मंत्रीवर, यह उपहार नहीं दंड है। इसका रहस्य तुम नहीं समझ पाओगे। फिर कुत्ते से बोले, श्वानराज! तुम इन्हें इस दंड का रहस्य बताओ। राघव की बात सुनकर कुत्ते ने एक लंबी सांस छोड़ी तथा बोला, रघुनंदन। पिछले जन्म में मैं भी कालंतर के एक मठ का अधिपति था। वहां मैं सदैव शुभ कार्य करता था। फिर भी मुझे कुत्ते की योनी मिली। यह भिक्षुक तो अत्यन्त क्रोधी है। इसका अन्त तो मुझसे कहीं अधिक खराब होगा। मठाधीश ब्रह्माणों तथा देवताओं के निमित दिए गए द्रव्य का उपयोग करता है। इसलिए वह पाप का भागी बनता है। यह कहकर वह कुत्ता वहां से चला गया। तथा श्री रामचंद्र के दरबार का वह वरिष्ठ मंत्री अचरज भरी आंखों से बस देखता ही रह गया। सो ऐसा था, रामराज्य जहां हर किसी को न्याय मिलता था। चाहे वह नर हो अथवा नारी, गरीब हो या अमीर पशु-पक्षी अथवा कोई जानवर।

# ध्यान रखें! आपके घर में इस दरवाजे से आती है लक्ष्मी

**बहुत** से लोगों को ये नहीं पता होता है कि उनके घर में अगर लक्ष्मी आने वाली है, तो कौन से दरवाजे से आएंगी। क्या आपको पता है आपके घर में किस तरफ से लक्ष्मी आएगी? जानिए आपके घर में कौन सा ऐसा दरवाजा है जिससे लक्ष्मी का गृह प्रवेश होगा, जानिए आपके घर की कौन सी दिशा है लकी..

- किसी भी मकान का एक प्रवेश द्वार शुभ माना जात है। अगर दो प्रवेश द्वार हों, तो उत्तर दिशा वाले दरवाजे का उपयोग करें।
- पूरब मुखी मकान का प्रवेश द्वार पूरब या उत्तर की ओर होना चहिये। इससे सकारात्मक उर्जा प्राप्त होती है तथा लंबी उम्र, पुत्र और धन आता है।
- अगर आपके मकान का मेन गेट पश्चिम दिशा में है तो उस का एक अतिरिक्त दरवाजा पश्चिम या उत्तर पाश्चिम में बनाया जा सकता है, लेकिन दक्षिण-पश्चिम में बिल्कुल नहीं होना चाहिए।
- आपका मकान या प्लाट कोई भी मुखी हो, लक्ष्मी प्राप्ति के लिए मेन गेट पूर्व, उत्तर-पूर्व की तरफ या उत्तर की तरफ हो तो उत्तम फलों में वृद्धि होती है।
- अगर आपके मकन का मेन गेट उत्तर या उत्तर-पूर्व में है तो खुश हो जाइए । ऐसे प्रवेश द्वार से निरंतर धनी, लाभ, व्यापार और सम्मान में वृद्धि होती है।
- मेन गेट को ठीक मध्य (बीच) में नहीं लगाना चहिए।



- आपके घर का मेन गेट घर के अन्य दरवाजों की तुलना में बड़ा होना चाहिए।
- घर का मेन गेट ठोस लकड़ी या धातु से बना होना चाहिए। उसके ऊपर त्रिशूलनुमा छड़ी नहीं लगी होनी चाहिए।
- ध्यान रखें, मेन गेट के निर्माण जल्दबाजी में नहीं करें। दरवाजा संतुलित और बेहतर नाप-तोल से बना होना चाहिए।

# चैत्र नवरात्रि में अत्यंत शुभ फल देते हैं श्रीराम के 10 आसान मंत्र

**राम नाम** की शक्ति अपरिमित है। उनके नाम से लिखे पत्थर तैर गए। उनके द्वारा चलाया गया अमोघ बाण रामबाण अचूक कहलाया तो उनके मंत्र की शक्ति का तो कहना क्या?



नवरात्रि में रामचरित मानस, वाल्मीकि रामायण, सुंदरकांड आदि के अनुष्ठान की परंपरा रही है। मंत्रों का जाप भी किया जाता है। उन्हें या उनमें से किसी एक के करने पर इच्छापूर्ति नि:संदेह पूर्ण होगी।

(1) 'राम' यह मंत्र अपने आप में पूर्ण है तथा शुचि-अशुचि अवस्था में भी जपा जा सकता है। यह तारक मंत्र कहलाता है।

(2) 'रां रामाय नम:' सकाम जपा जाने वाला यह मंत्र राज्य, लक्ष्मी पुत्र, आरोग्य व वि ?पत्ति नाश के लिए प्रसिद्ध है।

(3) 'रां रामचंद्राय नम:' क्लेश दूर करने के लिए प्रभावी मंत्र है।

(4) 'रां रामभद्राय नम:' कार्य की बाधा दूर करने के लिए अवश्व प्रभावी है।

(5) 'रां जानकी वल्लभाय स्वाहा' प्रभु कृपा प्राप्त करने व मनोकामना पूर्ति के लिए जपने योग्य है।

(6) 'रां नमो भगवते रामचंद्राय' विपत्ति-आपत्ति के निवारण के लिए जपा जाता है।

(7) 'श्रीराम जय राम, जय-जय राम' इस मंत्र का कोई सानी नही है। शुचि-अशुचि अवस्था में जपने योग्य है।

(8) श्रीराम गायत्री मंत्र '? दशरथाय नम: विद्महे सीता वल्लभाय धीमहि तन्नो राम: प्रचोदयात्त' यह मंत्र समस्त संकटों का शमन करने वाला तथा ऋद्धि-सिद्धि देने वाला माना गया है।

(9) 'रां नम: शिवाय', '? हं हनुमते श्री रामचंद्राय नम:।' यह मंत्र एकसाथ कई कार्य करता है। स्त्रियां भी जप सकती हैं। साधारणतया हनुमानजी के मंत्र उग्र होते हैं। शिव तथा राम मंत्र के साथ जप करने से उनकी उग्रता समाप्त हो जाती है।

(10) 'रां रामाय धनुष्पाणये स्वाहा:' शत्रु शमन, न्यायालय, मुकदमे आदि की समस्या से मुक्ति हेतु प्रशस्त है। रामरक्षास्तोत्र, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण इत्यादि के जप कर अनुष्ठान रूप में लाभ प्राप्त किया जा सकता है। श्रीहनुमानजी व भगवान राम का चित्र सामने लाल रंग के वस्त्र पर रखकर पंचोपचार पूजन कर जप किया जाना चाहिए। यही सरल व लौकिक विधि है।




# ऐसा होना चाहिए सुकून का घर

**आजकल** आबादी के बढ़ते या पश्चिम के अनुसरण के चलते लोगों ने फ्लैट में रहना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर कोई भी वास्तुशास्त्र का पालन नहीं करता है। घर में यदि आपको अच्छी सुकून की नींद, अच्छा सेहतमंद भोजन और भरपूर प्यार-अपनत्व नहीं मिल रहा है तो घर में वास्तुदोष है। घर है तो परिवार और संसार है। आप निम्नलिखित नियम मानें या न मानें लेकिन जानें जरूर।

### कौन सी हो दिशा?

सुकून के घर के लिए सबसे पहले दिशा का चयन करना चाहिए। हमारे अनुसार उसबसे उत्तम दिशा- पूर्व, ईशान और उत्तर है। वायव्य और पशचिम सम है। आग्नेय, दक्षिण और नऋत्य दिशा सबसे खराब होती है।

### कैसा हो घर?

घर वास्तु अनुसार होना चाहिए जिसमें आगे और पीछे आंगन हो। खुद की भूमि और खुद की ही छत हो। चंद्र और गुरु से युक्त वृक्ष या पौधें हो। घर के अंद भी वास्तु अनुसार ही वस्तुएं एकत्रित की गई हो। कोई भी वस्तु अनावश्यक न हो। द्वार को देहरी सुंदर और सजावटी हो। दरवाजा और खिड़कियां दो पुड़ वाली हो। उचित हवा और प्रकाश के सुगम **रास्ते हों।**

### भूमि का ढाल कैसा हो?

उत्तर से दक्षिण की ओर ऊर्जा का खिंचाव होता है। शाम ढलते ही पक्षी उत्तर से दक्षिण की ओर जाते हुए दिखाई देते हैं। अत: पूर्व, उत्तर एवं ईशान की और जमीन का ढाल होना चाहिए। मकान के लिए भूमि का चयन करना सबसे ज्यादा महत्व रखता है। शुरुआत तो वहीं से होती है। भूमि कैसी है और कहां है यह देखना जरूरी है। भूमि भी वास्तु अनुसार है तो आपके मकान का वास्तु और भी अच्छे फल देने लगेगा।

### कहां हो आपका घर?



आपका मकान मंदिर के पास है तो अति उत्तम। थोड़ा दूर है तो मध्यम और जहां से मंदिर नहीं दिखाई देता वह निम्नतम है। मकान उस शहर में हो जहां 1 नदी, 5 तालाब, 21 बावड़ी और 2 पहाड़ हो। मकान पहाड़ के उत्तर की ओर बनाएं। मकान शहर के पूर्व, पश ?चिम या उत्तर दिशा में बनाएं। मकान के सामने तीन रास्ते न हों। अर्थात तीन रास्तों पर मकान न बनाए। मकान के एकदम सामने खंभा या वृक्ष न हो। मकान अपनों के ही के पास बनाएं। माकान ऐसी जगह हो जहां आसपास सज्जन या स्वजातीय के लोग रहते हों।

### घर के अंदर किस दिशा में क्या हो?

उत्तर : इस दिशा में खिड़की, दरवाजे, घर की बालकनी होना चाहिए।

दक्षिण : इस दिशा में घर का भारी सामान रखें।

पूर्व : यदि घर का द्वार इस दिशा में है तो मात्र उत्तम है। खिड़की रख सकते हैं।

पश्चिम : रसोईघर या टॉयलेट इस दिशा में होना चाहिए। रसोईघर और टॉयलेट पास-पास न हो।

ईशान : इस दिशा में बोरिंग, पंडेरी, स्वीमिंग पूल, पूजास्थल या घर का मुख्य द्वार होना चाहिए।

वायव्य : इस दिशा में आपका बेडरूम, गैरेज, गौशाला आदि होना चाहिए।

आग्नेय : इस दिशा में गैस, बॉयलर, ट्रांसफॉर्मर आदि होना चाहिए।

नैऋत्य : इस दिशा में घर के मुखिया का कमरा यहां बना सकते हैं। कैश काउंटर, मशीनें आदि आप इस दिशा में रख सकते हैं।

### घर का आंगन कैसा हो?

घर के आगे और घर के पीछे छोटा ही सही, पर आंगन होना चाहिए। आंगन में तुलसी, अनार, जामफल, कड़ी पत्ते का पौधा, नीम, आंवला आदि के अलावा सकारात्मक ऊर्जा पैदा करने वाले फूलदार पौधे लगाएं।

### कैसा हो स्नानघर और शौचालय?

स्नानगृह में चंद्रमा का वास है तथा शौचालय में राहू का। शौचालय और बाथरूम एकसाथ नहीं होना चाहिए। शौचालय मकान के नैऋत्य (पश्चिम-दक्षिण) कोण में अथवा नैऋत्य कोण व पश्चिम दिशा के मध्य में होना उत्तम है। इसके अलावा शौचालय के लिए वायव्य कोण तथा दक्षिण दिशा के मध्य का स्थान भी उपयुक्त बताया गया है। शौचालय में सीट इस प्रकार हो कि उस पर बैठते समय आपका मुख दक्षिण या उत्तर की ओर होना चाहिए।

स्नानघर पूर्व दिशा में होना चाहिए। नहाते समय हमारा मुंह अगर पूर्व या उत्तर में है तो लाभदायक माना जाता है। पूर्व में उजालदान होना चाहिए। बाथरूम में वॉश बेशिन को उत्तर या पूर्वी दीवार में लगाना चाहिए। दर्पण को उत्तर या पूर्वी दीवार में लगाना चाहिए। दर्पण दरवाजे के ठीक सामने नहीं हो।

### शयन कक्ष कैसा हो?

शयन कक्ष अर्थात बेडरूम हमारे निवास स्थान की सबसे महत्वपूर्ण जगह है। इसका सुकून और शांतिभरा होना जरूरी है। कई बार शयन कक्ष में सभी तरह की सुविधाएं होने के कारण भी चैन की नींद नहीं आती। मुख्य शयन कक्ष, जिसे मास्टर बेडरूम भी कहा जाता हें, घर के दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य) या उत्तर-पश्चिम (वायव्य) की ओर होना चाहिए। अगर घर में एक मकान की ऊपरी मंजिल है तो मास्टर बेडरूम ऊपरी मंजिल के दक्षिण-पश्चिम कोने में होना चाहिए। शयन कक्ष में सोते समय हमेशा सिर दीवार से सटाकर सोना चाहिए। पैर उत्तर या पश्चिम दिशा की ओर करने सोना चाहिए।

### अध्ययन कक्ष :

पूर्व, उत्तर, ईशान तथा पश्चिम के मध्य में अध्ययन कक्ष बनाया जा सकता है। अध्ययन करते समय दक्षिण तथा पश्चिम की दीवार से सटाकर पूर्व तथा उत्तर की ओर मुख करके बैठें। अपनी पीठ के पीछे द्वार अथवा खिड़की न हो। अध्ययन कक्ष का ईशान कोण खाली हो।

### रसोईघर :

यदि रसोई कक्ष का निर्माण सही दिशा में नहीं किया गया है तो परिवार के सदस्यों को भोजन से पाचन संबंधी अनेक बीमारियां हो सकती हैं। रसोईघर के लिए सबसे उपयुक्त स्थान आग्नेय कोण यानी दक्षिण-पूर्वी दिशा है, जो कि अग्नि का स्थान होता है। दक्षिण-पूर्व दिशा के बाद दूसरी वरीयता का उपयुक्त स्थान उत्तर-पश्चिम दिशा है।

### अतिथि कक्ष :

अतिथि देवता के समान होता है तो उसका कक्ष उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) या उत्तर-पश्चिम (वाव्यव कोण) दिशा में ही होना चाहिए। यह मेहमान के लिए शुभ होता है।

## जिज्ञासा

# त्वचा क्यों होती है गोरी या काली?



**आपने** अलग-अलग देशों में रहने वाले लोगों के रंग में अंतर देखा होगा। और तो और हमारे अपने देश में ही अलग-अलग रंगों के लोग रहते हैं। पर क्या आपने कभी सोचा है कि त्वचा का रंग आखिर भिन्न क्यों होता है ?

असल में मनुष्यों, प्राणियों व वनस्पती में विभिन्न प्रजातियों में अंतर उनके समय के साथ बदलते निवास के कारण पैदा हुआ है। वे स्थानीय वातावरण के अनुकूल रहन-सहन एवं भोजन आदि के कारण परिवर्तित होते गए। प्रमुख विभिन्ताओं में शारीरिक संरचना, बाल , त्वचा का रंग एवं चेहरे का आकार प्रमुख है। मानव जाति का विचरण पृथ्वी पर पर अन्य प्राणियों के मुकाबले ज्यादा विस्तृत है। किसी भी व्यक्ति की त्वचा का रंग उसके वातावरण के अनुकूलन को प्रदर्शित करता है। गहरी भूरी अथवा काली त्वचा उन जगह के लिए उपयुक्त है, जहां सूर्य के किरणों की तीव्रता अधिक होती है, क्योंकि इस तरह की त्वचा नुकसानदायक परा बैंगनी किरणों द्वारा कैंसर के खतरे को रोकती हैं। कम चमकीले क्षेत्रों में यह उपाय आवश्यक नहीं है, बल्कि ऐसे स्थानों पर गहरी रंगत वाली त्वचा में विटामिन डी का निर्माण अवरुद्ध हो सकता है। इसलिय प्रारंभिक मनुष्यों के अफ्रीका से उत्तरी क्षेत्रों की और गमन के साथ ही उनके त्वचीय रंजक समाप्त होते गए एवं वे पीत वर्ण होते गए। ऊष्ण कटिबंधीय देशों में प्रकाश की अधिक्ता के बाद भी गहरी रंगत वाली त्वचा में विटामिन डी का निर्माण होता है। आज लोग जनसामान्य एक स्थान से दूसरे स्थान तक गमन करते रहते हैं एवं विभिन्न जातियों में विवाह के कारण यह विभेद अस्पष्ट होते जा रहे हैं।

# चीन में बना दुनिया का सबसे लंबा पुल



**बेहतरीन** और बेजोड़ तकनीक की मिसाल बनते जा रहे चीन ने एक बार फिर अपने दृढ़ इरादों से सपनों को हकीकत में बदल दिया है। चीन ने यहां बने दुनिया के सबसे लंबे समुद्री पुल को जनता के लिए खोल दिया। चीन के किंगडाओ शहर में बना दुनिया का सबसे लंबा पुल यातायात के लिए खोल दिया गया है। आठ मार्गों वाले इस समुद्री पुल की लंबाई 42.4 किलोमीटर है। दुनिया के सबसे लंबे पुल को बनाने में तकरीबन 4 साल का वक्त लगा। चीन की सरकारी मीडिया के मुताबिक इसे बनाने में 10 अरब युआन (यानी 1.55 अरब डॉलर) खर्च हुए हैं। इस पुल को 5,200 खंभों पर खड़ा किया गया है।

# पहला डाक टिकट



**डाक** टिकट जारी करने वाला दुनिया का सबसे पहला देश था- ग्रेट ब्रिटेन। 1 मई 1840 को ब्रिटेन में पहली डाक टिकट जारी की गई। इसके बाद दुनिया के अन्य देशों में भी डाक टिकटें शुरू हो गईं। ब्रिटेन दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जिसकी डाक टिकटों पर उसके देश का नाम अंकित नहीं होता। न्यूजीलैंड की पहली डाक टिकट भी ब्रिटेन में ही डिजाइन की गई थी और 1855 में जारी की गई थी। न्यूजीलैंड द्वारा डिजाइन पहली डाक टिकट 1873 में जारी हुई थी, इस पर भी क्वीन विक्टोरिया का ही चित्र था।

# जंगल की सैर

प्यारे बच्चो, जंगल की सैर करना अपने आप में बहुत अनोखा और रोचक अनुभव है। हमारे देश में जंगलों की सैर करने से विदेशों से कई पर्यटक आते हैं। आइए अपने देश के जंगलों को जानें...



**बच्चो,** वृक्षों और वन्य प्राणियों से भरे जंगल के बारे में सोचना अपने आप में बहुत रोमांचक है। कल्पना करें, आप बहुत बड़े जंगल में वृक्षों और प्रकृतिक नजारों के बीच घिरे हैं, तो कितना मजा आए। भले ही ऐसे में जंगली जानवरों के हमले का डर रहता है, परंतु जंगल की सुरक्षात्मक तरीके से सैर करना अपने आप में बहुत रौचक है। आइए आज जंगल और वन्य प्राणियों के बारे में कुछ बातें करें।

वन्य जीवन प्रकृति की अमूल्य देन है। भविष्य में वन्य प्राणियों की समाप्ति की आशंका के कारण भारत में सर्वप्रथम 7 जुलाई, 1955 को वन्य प्राणी दिवस मनाया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष दो अक्तूबर से पूरा हङ्ता वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जाएगा। वर्ष 1956 से वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। भारत के संरक्षण कार्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक मजबूत संस्थागत ढांचे की रचना की गई है।

जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, बोटैनिकल सर्वे आफ इंडिया जैसी प्रमुख संस्थाओं तथा भारतीय वन्य जीवन संस्थान, भारतीय वन्य अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी तथा सलीम अली स्कूल ऑफ आरिन्थोलॉजी जैसे संस्थान वन्य जीवन संबंधी शिक्षा और अनुसंधान कार्य में लगे हैं। भारत कई प्रकार के जंगलों, जीवों का, अनेक पेड़ पौधों और पशु-पक्षियों का घर है। शानदार हाथी, मोर का नाच, ऊंट की सैर, शेरों की दहाड़ सभी अनोखे अनुभव हैं। यहां के पशु पक्षियों को अपने प्राकृतिक निवासस्थान में देखना आनन्दायक है। भारत में जंगली जीवों को देखने के लिए कई देशों से पर्यटक आते हैं। यहां जंगली जीवों की बहुत बड़ी संख्या है। भारत में 70 से अधिक राष्ट्रीय उद्यान और 400 जंगली जीवों के अभयारण्य है और पक्षी अभयारण्य भी हैं। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जंगल स्वर्ग है परन्तु अब यहां के कुछ जीव जैसे चीते, शेर, हाथी, बंगाल के शेर और साइबेरियन सारस अब खतरे में हैं। भारत की लम्बाई और चौडाई में फैला यह जंगली क्षेत्र रणथम्भोर राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान से हजारी बाघ जंगली जीव अभयारण्य, बिहार से, हिमालय के जिम कोर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, अन्डमान के छह राष्ट्रीय उद्यानों तक एक शानदार जंगल की सैर कर सकते हैं। हाथी, चीते, जंगली भैंसा, याक, हिरन, जंगली गधे एक सींग वाला गैंड़ा, साही, हिम चीते आदि जंतु हिमालय में देखने को मिलते हैं। भारत में विश्व के अस्सी प्रतिशत एक सींग वाले गैंड़ों का निवास है। काजीरंगा खेल अभयारण्य गैंड़ों के लिए उपयुक्त निवास है और प्राकृतिक संस्थाओं के लिए और जंगली सैर करने वालों के लिए भी

- संसार में पौधों की 2,50,000 ज्ञात प्रजातियों में से 15,000 प्रजातियां भारत में मिलती हैं।
- संसार में जीव-जन्तुओं की कुल 15 लाख प्रजातियों में से 75,000 प्रजातियां भारत में पाई जाती हैं।
- भारत में पक्षियों की 1,200 प्रजातियां और 900 उपप्रजातियां पाई जाती हैं।
- भारत के सुविख्यात पक्षियों में बहुरंगी राष्ट्रीय पक्षी मोर उल्लेखनीय है।
- पांच फुट की ऊंचाई वाला भव्य सारस तथा संसार का दूसरा सबसे भारी पक्षी हुकना (सोहनचिड़िया) महत्वपूर्ण पक्षी है।
- संसार में प्रसिद्ध केवलादेव (भरतपुर) के राष्ट्रीय उद्यान में ढाई लाख पक्षियों का घर है।

अच्छी जगह है। भारत के सोन चिड़िया और ब्लैक बक, करेश अभयारण्य में होते हैं। माधव राष्ट्रीय उद्यान में, जो शिवपुरी राष्ट्रीय उद्यान कहलाता था, जीवों का एक निवास है। कोर्बोट राष्ट्रीय उद्यान सबसे प्रसिद्ध है। उत्तर भारत में जंगली जानवरों के पर्यटकों के लिए अच्छी जगह है। ऐसे अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान, भारत में काफी संख्या में हैं। भारत में शेरों (बाघ) की संख्या बहुत थी। भारत का राष्ट्रीय पशु, शेर, तेजी और ताकत का चिन्ह है। भारत में बारह बाघ निवास है। शाही बंगाल के बाघ, सबसे शानदार जाति के पशुओं में से हैं। विश्व के साठ प्रतिशत शेरों की संख्या भारत में रही है। मध्य प्रदेश, शेरों के निवास की सबसे प्रसिद्ध जगह है। जंगली जीवों के साथ-साथ हमारे देश में पक्षियों की भी संख्या अच्छी है।

## किस्से

# रानी की उबासी का हल ढूंढा तेनालीराम ने रानी की उबासी

**एक** दिन तेनाली राम को संदेश मिला कि रानी तिरुमलादेवी बड़ी मुसीबत में हैं और उनसे मिलना चाहती है। वह रानी के पास पहुंचा। उसे पता चला कि एक दिन राजा कृष्णदेव राय रानी को अपना लिखा नाटक सुना रहे थे कि रानी को उबासी आ गई। राजा ऐसे नाराज हुए कि उसी समय उठकर चले गए और तब से कई दिन हो गए हैं, इस ओर नहीं आए। रानी ने कहा, 'इसमें मेरा कोई दोष नहीं था। मैंने क्षमा मांगी, पर कोई असर नहीं हुआ। तेनाली राम तुम्हीं अब इस समस्या को सुलझा सकते हो।'



'आप चिन्ता न करें, महारानी, मैं अपनी ओर से पूरा प्रयत्न करूंगा।' तेनाली राम ने रानी को ढांढस बंधाया।

वहां से तेनाली राम दरबार पहुंचा। राजा अपनी राज्य के किसी क्षेत्र में चावल की स्थिति पर अपने मंत्रियों से सलाह कर रहे थे। 'चावल की उपज बढ़ाना बहुत आवश्यक है। राजा ने कहा, 'हमने अब तक बहुत प्रयत्न किए हैं। इस से लाभ हुआ है, लेकिन अभी समस्या पूरी तरह नहीं सुलझी है।

'महाराज!' तेनाली राम ने चावल के नमूने का एक बीज राजा को दिखाते हुए कहा-'अगर यह बीज बोया जाए, तो उपज इस साल की उपज से तिगुनी होगी।' यह तो बहुत अच्छा होगा, लेकिन इसके लिए शायद विशेष तरह की भूमि और खाद की आवश्यकता होगी। राजा ने कहा। नहीं, महाराज, इसके लिए केवल इतना आवश्यक है कि इसे बोने, सींचने और काटने वाला व्यक्ति ऐसा हो, जिसे न कभी उबासी आई हो और न कभी आएगी।' तेनाली राम बोला।

'तुम्हारे जैसा मूर्ख मैंने कभी नहीं देखा, 'राजा ने कहा, 'क्या संसार में ऐसा कोई व्यक्ति है, जिसे कभी उबासी न आई हो ? 'मैं तो भूल ही गया था। सचमुच मैं बहुत मूर्ख हूं।' तेनाली राम बोला, 'अच्छा हुआ कि महाराज को यह बात याद आ गई। मैं अभी जाकर महारानी तिरुमलादेवी को अपनी इस मूर्खता के बारे में बताता हूं। 'नहीं, नहीं, मैं स्वयं जाकर उन्हें बता दूंगा। राजा ने कहा। दरबार में हंसी का फव्वारा छूट पड़ा। दरबार के बाद महाराज रानी के महल में गए। दोनों में सुलह हो गई। राजा ने तेनालीराम को सोने की एक थैली भेंट की, रानी ने भी तेनालीराम को बहुमूल्य उपहार दिए।

## रास्ता ढूंढो



## लोक-कथा

# घोड़े ने जताई और सुंदर बनने की चाह



**एक** समय की बात है। भगवान के पास एक घोड़ा था जो बहुत ही हष्ट-पुष्ट और सुंदर था। वह भगवान का चहेता भी था। इसके बावजूद भी घोड़ा संतुष्ट नहीं था। वह और सुंदर बनना चाहता था।

एक दिन घोड़े ने भगवान से कहा- हे प्रभु! आपने मुझे बहुत सुंदर बनाया, अपना स्नेह दिया। लेकिन अब मेरी इच्छा है कि आप मुझे और सुंदर बना दें। तो मैं आपका और आभार मानूंगा। भगवान ने जवाब दिया- मैं तुम्हें और सुंदर बनाने को तैयार हूं। बताओ तुम क्या बदलाव चाहते हो अपने में।

घोड़े ने कहा कि मेरा शरीर पूरी तरह से संतुलित नहीं है। मेरी गरदन बहुत छोटी है। हो सके तो मेरी गरदन को थोड़ा लम्बा कर दें। ताकि मेरे शरीर का ऊपरी हिस्सा सुंदर बन जाएं। इसके साथ ही पैरों को थोड़ा और लम्बा व पतला बना दें ताकि शरीर का निचला हिस्सा भी सुंदर बन जाए। भगवान ने कहा तथास्तु!

अचानक घोड़ा ऊंट जैसा दिखने लगा। यह देखकर घोड़ा चौंक गया और रोने लगा-हे भगवान मैं तो और सुंदर बनना चाहता था ये आपने क्या किया ? भगवान ने कहा कि तुम अब ऊंट बन गए हो यही तो तुम चाहते थे।

घोड़ा रोने लगा नहीं मैं ऊंट नहीं बनना चाहता। मैं तो घोड़ा ही बने रहना चाहता हूं। घोड़े के रूप में सभी मुझे पसंद करते हैं लेकिन ऊंट के रूप में कोई नही करेगा।

भगवान ने कहा कि मैंने तुम्हें जितना दिया तुम उसी में संतुष्ट रहना सीखो। तुम्हें ज्यादा पाने की आशा नहीं करनी चाहिए। इससे तुम्हें हर पल और पाने का लालच रहेगा। इसका तुम्हें बुरा परिणाम भी भुगतना पड़ सकता है।

भगवान ने कहा कि दुनिया में मेरी बनाई हुई अहर चीज की अपनी एक लग खूबी है। ऊंट तुम्हारी तरह सुंदर नहीं है। फिर भी उसे अपने रूप से कोई शिकायत नहीं है। वह भारी बोझ उठाता है, उसमें अपनी जिम्मेदारी समझने और उसी में संतुष्ट रहने की क्षमता है।

घोड़े ने गिड़गिड़ाते हुए भगवान से कहा- मैं समझ गया। आप मुझे फिर से घोड़ा बना दें और भगवान ने उसे फिर से घोड़ा बना दिया।

## हम बताएं, आप बनाएं



# बर्गर खाने का रिकॉर्ड



**डॉन** गोर्सके के पास बिग मैक बर्गर खाने का विश्व रिकॉर्ड है। अमरीका में जेल के एक रिटायर संतरी ने 25,000 बर्गर (बिग मैक) खाए हैं। बिग मैक बहुत बड़े साइज का बर्गर होता है। डॉन गोर्सके ने पहला बर्गर ठीक 39 साल पहले खाया था। उनका कहना है कि वह मरते दम तक बिग मैक बर्गर खाते रहेंगे।

# इंद्रधनुष के रंग



**सूरज** जब क्षितिज से 40 डिग्री से कम का कोण बनाता है, तभी इंद्रधनुष निकलते हैं। आपके पास खड़े व्यक्ति को आपसे थोड़े भिन्न एंगल से रोशनी आती हुई दिखाई देगी। इसलिए आपको एक भिन्न इंद्रधनुष दिखाई देगा।

# 96 लाख की परफ्यूम की शीशी



**क्लाइव** क्रिश्चियन का इंपीरियल मैजेस्टी दुनिया का सबसे महंगा परफ्यूम है। इसकी एक बोतल की कीमत लगभग 96 लाख रुपए है। एक ब्रिटिश डिजाइनर ने यह परफ्यूम तैयार किया था।

# चांद पर सोना-चांदी



**धरती** के एकमात्र उपग्रह चंद्रमा पर जल होने की घोषणा के बाद अब नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद्रमा पर उपयोगी पदार्थों का अप्रत्याशित बेशकीमती खजाना मौजूद है जिसमें चांदी और सोना भी शामिल है।

# बिना ड्राइवर के कार



**सन्** 2050 तक हो सकता है आप सड़कों पर बिना ड्राइवर वाल कार चलती देखें। वैज्ञानिकों का कहना है, तब कार चलाने के लिए स्टीयरिंग पर हाथ और ब्रेक पर पैर रखना कानूनन अपराध माना जाएगा।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

मानसिक दबाव के बावजूद आपकी सेहत अच्छी रहेगी। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। जो लोग आपके क़रीब हैं, वे आपका ग़लत फ़ायदा उठा सकते हैं। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल रहेगा। आज आप दूसरे दिनों की तुलना में अपने लक्ष्यों को कुछ ज़्यादा ही ऊँचा तय कर सकते हैं। अगर परिणाम आपकी उम्मीद के मुताबिक़ न आए, तो निराश न हों। अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं क्योंकि आप उनको पर्याप्त समय नहीं दे पाते।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

सिर्फ़ अक़्लमंदी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा– इसलिए अपनी मेहनत की कमाई सोच–समझ कर लगाएँ। कुछ भी चालाकी भरे काम को करने से बचें। मानसिक शांति के लिए इस तरह के कामों में से दूर रहें। आज आप अपने जीवन की परेशानियों को अपने संगी से साझा करना चाहेंगे लेकिन वो अपनी परेशानियों के बारें में बता के आपको और ज्यादा परेशान कर देंगे। कार्यक्षेत्र में हालात आपके पक्ष में रुख़ करते मालूम होंगे। आप उन लोगों की तरफ़ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। शाम के खाने के साथ चीज़ें मन मुताबिक होंगी ।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

अगर आप आय में वृद्धि के स्रोत खोज रहे हैं, तो सुरक्षित आर्थिक परियोजनाओं में निवेश करें। बच्चे उम्मीदों पर खरे न उतरकर आपको निराश कर सकते हैं। सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की ज़रूरत है । जो अपने काम पर एकाग्र रहेंगे, उन्हें पुरस्कार और फ़ायदा दोनों ही मिलेंगे। शाम का वक्त अच्छा रहे इसके लिए आपको दिनभर मन लगाकर काम करने की जरुरत है। आपके और आपके जीवन साथी के बीच विश्वास की कमी रह सकती है। जिससे आज वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज आपको समझ आ सकता है कि धन को बिना सोच विचारे खर्च करना आपको कितना नुक्सान पहुंचा सकता है. अपने दिन की योजना सावधानी से तय करें। ऐसे लोगों से बात करें, जो आपकी मदद कर सकते हैं। जिनकी सगाई हो चुकी है, वे अपने मंगेतर से बहुत–सी ख़ुशियाँ पाएंगे। नई परियोजनाओं और कामों को अमली जामा पहनाने के लिए बेहतरीन दिन है। मुमकिन है कि आपके अतीत से जुड़ा कोई शख़्स आज आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा। आपका जीवनसाथी आज ऊर्जा और प्रेम से भरपूर है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

अगर आपकी योजना बाहर घूमने–फिरने की है तो आपका वक़्त हँसी–ख़ुशी और सुकून भरा रहेगा। किसी करीबी दोस्त की मदद से आज कुछ करोबारियों को अच्छा–खासा धन लाभ होने की संभावना है। यह धन आपकी कई परेशानियों को दूर कर सकता है। कुछ लोग जितना कर सकते हैं, उससे कई ज़्यादा करने का वादा कर देते हैं। आपकी मुलाक़ात एक ऐसे दोस्त से होगी, जिसे आपका ख़याल है और जो आपको समझता भी है। अगर परिणाम आपकी उम्मीद के मुताबिक़ न आए, तो निराश न हों। जीवनसाथी के साथ आज की शाम वाक़ई कुछ ख़ास होने वाली है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल किसी मुश्किल में फँसे इंसान की मदद करने के लिए करें। अगर आप पार्टी करने की सोच रहे हैं, तो अपने अपने अच्छे दोस्तों को बुलाएँ। ऐसे कई लोग होंगे, जो आपका उत्साह बढाएंगे। सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है। दफ़्तर में हुए बदलावों से आपको आख़िरकार लाभ ही मिलेगा। इस राशि वालों को आज खुद के लिए काफी समय मिलेगा। इस समय का उपयोग आप अपने शोकों को पूरा करने में कर सकते हैं। आप कोई किताब पढ़ सकते है जीवनसाथी के साथ वाद–विवाद होने की काफ़ी संभावना है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आँखों के मरीज़ प्रदूषित जगहों पर जाने से बचें, क्योंकि धूँआ आपकी आँखों को और नुक़सान पहुँचा सकता है। अपने बच्चों के लिए कुछ ख़ास योजना बनाएँ। सुनिश्चित करें कि आपकी योजनाएँ यथार्थवादी हैं और उन्हें अमली जामा पहनाना मुमकिन है। आने वाले पीढ़ी इस तोहफ़े के लिए आपको हमेशा याद रखेगी। प्रेम–जीवन में आशा की नयी किरण आयेगी। सफ़र के लिए दिन ज़्यादा अच्छा नहीं है। आपका जीवनसाथी किसी फ़रिश्ते की तरह आपका बहुत ध्यान रखेगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज आप खेल–कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। यूं तो आज आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा लेकिन इसके साथ ही आपको यह ध्यान भी रखना होगा कि आप अपने पैसे को व्यर्थ में खर्च न करें। परिवार की स्थिति आज वैसी नहीं रहेगी जैसा आप सोचते हैं। आज घर में किसी बात को लेकर कलह होने की संभावना है ऐसी स्थिति में खुद पर काबू रखें। किसी दिलचस्प इंसान से मिलने की प्रबल संभावना है। नई परियोजनाओं और कामों को अमली जामा पहनाने के लिए बेहतरीन दिन है। अपने किस मित्र के साथ आज समय बिता सकते हैं

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

अपने पैसे को संचय करने के लिए आज अपने घर के लोगों से आपको बात करने की जरुरत है। उनकी सलाह आपकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में मददगार होगी। जब आप अकेलापन महसूस करें तो अपने परिवार की मदद लीजिए , यह समझदारी भरा फ़ैसला लेने में आपकी मदद करेगा। मार्केटिंग के क्षेत्र में काम करने की आपकी महत्वाकांक्षा फलीभूत हो सकती है। इससे आपको बेहद ख़ुशी मिलेगी और इस काम को पाने के लिए झेली गयी सारी मुसीबतें मिट जाएंगी। अगर आप ख़रीदारी पर जाएँ तो ज़रूरत से ज़्यादा जेब ढीली करने से बचें।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आपकी सेहत ठीक रहेगी, लेकिन यात्रा आपके लिए थकाऊ और तनावपूर्ण साबित हो सकती है। जीवनसाथी से पैसों से जुड़े किसी मुद्दे को लेकर आज बहस होने की आशंका है। आज आपकी फिजुलखर्ची पर आपका साथी आपको लेक्चर दे सकता है। नयी चीज़ों पर ध्यान लगाएँ और अपने सबसे अच्छे दोस्त की मदद लें। तब तक कोई वादा न करें, जब तक आप ख़ुद यह न जानते हों कि आप उसे हर क़ीमत पर पूरा करेंगे। दीर्घावधि में कामकाज के सिलसिले में की गयी यात्रा फ़ायदेमंद साबित होगी। अपने जीवनसाथी के किसी छोटी बात को लेकर बोले गए झूठ से आप आहत महसूस कर सकते हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज के दिन आप ऊर्जा से लबरेज़ रहेंगे और मुमकिन है कि अचानक अनदेखा मुनाफ़ा भी मिले। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी ख़बर पूरे परिवार को ख़ुशी देगी। आज ही लंबे वक़्त से चले आ रहे झगड़ों को सुलझा लें, क्योंकि हो सकता है कि कल बहुत देर हो जाए। आपके बॉस किसी भी बहाने में दिलचस्पी नहीं ज़ाहिर करेंगे । सेमिनार और प्रदर्शनी आदि आपको नई जानकारियाँ और तथ्य मुहैया कराएंगे। जीवनसाथी का बर्ताव आपके पेशेवर रिश्तों पर ग़लत असर डाल सकता है।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

वैसे तो अपना पैसा दूसरे को देना किसी को पसंद नहीं आता लेकिन आज आप किसी जरुरतमंद को पैसा देकर सुकून का अनुभव करेंगे। वैवाहिक बंधन में बंधने के लिए अच्छा समय है। आज आपके पास अपनी धनार्जन की क्षमता को बढ़ाने के लिए ताक़त और समझ दोनों ही होंगे। आपका कम्यूनिकेशन और काम करने की क्षमता असरदार सिद्ध होंगे। आपके आस–पास के लोग कुछ ऐसा कर सकते हैं, जिसके चलते आपका जीवनसाथी आपकी तरफ़ फिर से आकर्षित महसूस करेगा।

## आज का पंचांग

दिनांक : 15 मार्च 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : चैत्र ,कृष्ण पक्ष
तिथि : एकादशी प्रातः 09:15 तक
नक्षत्र : श्रवण रात्रि 05:57 तक
योग : परिघ प्रातः 10:24 तक
करण : बालव प्रातः 09:19 तक
चन्द्रराशि : मकर
सूर्योदय : 06:24, सूर्यास्त 06:25 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:27, सूर्यास्त 06:30 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:20, सूर्यास्त 06:22 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:15, सूर्यास्त 06:17 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : पापमोचनी एकादशी व्रत, संक्रांति पुण्यकाल सूर्योदय से दोपहर 12:48 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# मुख्यमंत्री ने किया होण्डा के पहले ईवी मॉडल का अनावरण

### टपूकड़ा संयंत्र में इसी साल शुरू होगा इलेक्ट्रिक वाहन का उत्पादन



**जयपुर, 14 मार्च (एजेंसिया)।** होण्डा की ओर से पहला इलेक्ट्रिक वाहन प्रदेश के टपूकड़ा संयंत्र में बनेगा, जिसका उत्पादन इसी वर्ष शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में होण्डा कार्स इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में होण्डा के पहले ईवी मॉडल (होण्डा 0 अल्फा) का अनावरण किया। 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' की तैयारियों के तहत सितंबर 2024 में जापान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने होण्डा के शीर्ष प्रबंधन को यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के आह्वान के समर्थन में राजस्थान में ईवी मॉडल निर्माण एवं निवेश के लिए आमंत्रण किया था। साथ ही, आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया था। जिसको लेकर होण्डा के प्रतिनिधिमंडल ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। ग्रीन मोबिलिटी के साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हरित ऊर्जा एवं ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने और रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। साथ ही, देश के ऑटोमोटिव भविष्य में राज्य की मजबूत भूमिका के लिए निवेशों का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं होने एवं इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन यहां होने से अर्थव्यवस्था की गति और तेज होगी।

शर्मा ने कहा कि होण्डा टपूकड़ा संयंत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रमुख उत्पादन केंद्र बनाने जा रही है, जो राजस्थान की प्रभावशाली निवेश नीतियों पर वैश्विक विश्वास का बेहतरीन प्रमाण है। इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण की दिशा में इसके बाद और निवेश बढ़ने की प्रबल संभावना होगी। साथ ही, पेट्रोल–डीजल पर निर्भरता कम करने एवं पर्यावरणीय संतुलन के साथ औद्योगिक विकास की यात्रा में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा।

स्वच्छ परिवहन की दिशा में प्रदेश की प्रभावशाली नीतियों का असर

मुख्यमंत्री ने कहा कि होण्डा कम्पनी का राजस्थान से जुड़ाव काफी पुराना है। 2007 में कम्पनी के संयंत्र का शिलान्यास, 2014 में वाहनों का उत्पादन प्रारम्भ होना और अब 2026 में भी इलेक्ट्रिक वाहनों के पहले उत्पादन के लिए टपूकड़ा संयंत्र का चयन राजस्थान के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से स्वच्छ परिवहन की दिशा में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने हेतु ईवी खरीद पर अनुदान, सिंगल विण्डो सिस्टम के साथ चार्जिंग स्टेशन्स की स्थापना की जा रही है। साथ ही, 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहन को स्क्रैप कराने एवं नए वाहन की खरीद पर 'राजस्थान वाहन स्क्रैपिंग नीति' के तहत छूट भी दी जा रही है।

बैठक के दौरान कंपनी की ओर से भारत में अपने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विस्तार के लिए योजनाएं भी साझा की गई। साथ ही बताया गया कि यहां उत्पादित मेड इन इंडिया ईवी मॉडल घरेलू बाजार के साथ ही कई देशों में निर्यात किए जाएंगे।

होण्डा कार्स इंडिया लिमिटेड के प्रेसिडेंट एवं सीईओ ताकाशी नाकाजिमा ने बताया कि टपूकड़ा संयंत्र भारत में होण्डा के लिए एक प्रमुख उत्पादन केंद्र है, जो भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए कारों और पुर्जों का निर्माण करता है।

अब इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर कंपनी की ओर से लिया गया यह फैसला महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने बताया कि होण्डा ने अपने सप्लायर्स और दोपहिया संयंत्र के जरिए राजस्थान में ऑटो और ऑटोपार्ट्स की सप्लाई चेन का एक पूरा इको–सिस्टम तैयार किया है।

बैठक में जापान से आए होण्डा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## पाइपलाइन से ईंधन निकालने की कोशिश के आरोप में चार गिरफ्तार



**पाली, 14 मार्च (एजेंसिया)।** पाली इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए राजस्थान स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने आईओसीएल की केजेपीपीएल (केएसपीएल) पाइपलाइन से पेट्रोलियम उत्पाद चुराने की कोशिश से जुड़े एक मामले को सुलझा लिया है। इस मामले में कथित मास्टरमाइंड समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जयपुर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि चोरी की यह कोशिश अगस्त 2023 में पाली जिले के सेंदड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में हुई थी। यह मामला 5 अगस्त 2023 को जयपुर के एसओजी पुलिस थाने में दर्ज किया गया था, जिसके लिए आईओसीएल, ब्यावर के प्रबंधक शेर सिंह चौहान ने शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायत के अनुसार, कुछ अज्ञात लोगों ने पेट्रोलियम उत्पाद निकालने के इरादे से आईओसीएल की पाइपलाइन पर वेल्डिंग करके एक वाल्व और फ्लैंज पाइप लगा दिया था, जिससे पाइपलाइन में छेद हो गया था। चूंकि इस पाइपलाइन से अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ प्रवाहित होते हैं, इसलिए इस हरकत से आग लगने और किसी बड़ी दुर्घटना होने का गंभीर खतरा पैदा हो गया था।मामले की गंभीरता को देखते हुए, डीआईजी (एसओजी) पेरिस देशमुख की देखरेख में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसओजी यूनिट, अजमेर) श्याम सुंदर बिश्नोई के नेतृत्व में विशेष जांच दल गठित किए गए। जांच के दौरान, एफएसएल की एक टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया, बीटीएस डेटा सहित तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया और स्थानीय गवाहों से पूछताछ की गई। तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर, इस साजिश में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उन्हें पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।इस घटना में शामिल अहमदाबाद (गुजरात) के एक और आरोपी पंकज वाघेला को गिरफ्तार करने की कोशिशें चल रही हैं, जिस पर आरोप है कि उसने पाइपलाइन में छेद करने का तकनीकी काम किया था। पूछताछ के दौरान यह सामने आया कि मुख्य आरोपी जितेंद्र सिंह रावत ने अपने साथियों देवेंद्र सिंह, प्रेम सिंह और प्रताप शेर सिंह के साथ मिलकर पाइपलाइन पर एक वाल्व लगाकर पेट्रोलियम उत्पाद चुराने की योजना बनाई थी।

## स्कूल में मासूम की बेरहमी से पिटाई, शिक्षक–शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज

**अनूपगढ़, 14 मार्च (एजेंसिया)।** क्षेत्र के 71 जीबी स्थित एक निजी स्कूल में चौथी कक्षा में पढ़ने वाले 10 वर्षीय छात्र को होमवर्क पूरा न करने पर प्लास्टिक के पाइप से बेरहमी से पीटने के आरोप में एक शिक्षक और एक शिक्षिका के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। हालांकि एक से अधिक बच्चों की पिटाई की बात भी सामने आ रही है।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि प्राथमिकी के अनुसार घटना 11 मार्च 2026 की है। इसमें परिवादी देवीलाल मेघवाल ने पुलिस को बताया कि उसका 10 वर्षीय पुत्र भागीरथ 71 जीबी स्थित केएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 4 का छात्र है।

आरोप है कि स्कूल के शिक्षक सुनील बिश्नोई ने होमवर्क पूरा नहीं करने के कारण भागीरथ की प्लास्टिक की पाइप से बेरहमी से पिटाई की। मारपीट के कारण बालक के पैरों और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि पिटाई के बाद अध्यापिका निशा ने छात्र को धमकाया कि यदि उसने इस बारे में घर पर बताया तो परिणाम अच्छा नहीं होगा।पिता की शिकायत पर की पुलिस ने कार्रवाई पिटाई और धमकी से सहमा बालक घर में डरा रहा और उसे बुखार भी आ गया। जब पिता ने पूछताछ की तो उसने आपबीती सुनाई। पिता ने जब शिक्षक सुनील बिश्नोई से शिकायत की तो आरोप है कि शिक्षक ने अपनी गलती मानने के बजाय उससे अभद्रता की। पीड़ित छात्र के पिता ने अनूपगढ़ थाने पहुंचकर लिखित रिपोर्ट पेश की। इसके बाद पुलिस ने बालक का मेडिकल मुआयना करवाया, जिसमें चोटों की पुष्टि हुई है।

## गैस एजेंसियों पर प्रशासन का बड़ा 'छापा', महवा में अवैध भंडारण पकड़ा, 46 सिलेंडर जब्त

**दौसा, 14 मार्च (एजेंसिया)।** जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार के सख्त तेवरों के बाद शनिवार को पूरे दौसा जिले में घरेलू एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था को लेकर सघन जांच अभियान चलाया गया। प्रशासनिक, पुलिस और रसद विभाग की संयुक्त टीमों ने एक साथ जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों पर दबिश देकर रिकॉर्ड खंगाले और स्टॉक का जायजा लिया। व्यवस्था सुधारने के लिए अधिकारियों ने संभाला मोर्चा कलेक्टर के निर्देशन में उपखंड अधिकारियों (SDM), तहसीलदारों और थानाधिकारियों ने रसद विभाग के साथ मिलकर गैस वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया।

प्रमुख निर्देश: अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को हिदायत दी कि सिलेंडर की बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी दी जाए।

अनियमितता पर रोक: वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग (दुरुपयोग) को बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी गई।



जिला रसद अधिकारी कौशल किशोर गुप्ता ने बताया कि अभियान के तहत महवा क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है। ग्राम पंचायत समलेटी में मीन भगवान मंदिर के पास अवैध रूप से गैस भंडारण की सूचना मिली थी।

जब्ती: एसडीएम मनीषा रेशम मीना और रसद विभाग की टीम ने राजेश कुमार नामक व्यक्ति की किराए की दुकान पर छापा मारा। यहाँ से 6 भरे हुए और 40 खाली (कुल 46) गैस सिलेंडर बरामद किए गए।

कानूनी एक्शन: जब्त सिलेंडर पास की गैस एजेंसी को सुपुर्द कर दिए गए हैं। आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और एलपीजी प्रदाय एवं वितरण आदेश, 2000 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।प्रशासन की इस सक्रियता का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आमजन को गैस के लिए परेशान न होना पड़े और मुनाफाखोर कृत्रिम कमी दिखाकर सिलेंडरों की कालाबाजारी न कर सकें।

## पंजाब की जनता भाजपा को दे एक मौका, हम लाएंगे असली बदलाव : अमित शाह

**मोगा, 14 मार्च (एजेंसिया)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को पंजाब पहुंचे, जहां उन्होंने मोगा जिले में आयोजित 'बदलाव रैली' को संबोधित किया। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक बार पंजाब में भाजपा को मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, अकाली और आम आदमी पार्टी को कई मौके दिए गए और भाजपा को एक मौका दीजिए और वह पंजाब में बदलाव लाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि लोग आम आदमी सरकार के भ्रष्टाचार और कुशासन से तंग आ चुके हैं और बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब में ओडिशा, असम, मणिपुर, त्रिपुरा और उत्तराखंड की तर्ज पर सरकार बनाएगी।



उन्होंने कहा, अब पंजाब की बारी है। आम आदमी पार्टी बदलाव का वादा करके सत्ता में आई थी, लेकिन मैं आम आदमी पार्टी के नेताओं से पूछना चाहता हूं कि आपके मुख्यमंत्री क्या कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल को देशभर में जहां भी जाना होता है, वे पंजाब सरकार के खर्चे पर हवाई जहाज से यात्रा करते हैं जबकि यहां के मुख्यमंत्री ने इसके अलावा कुछ नहीं किया है।

शाह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने 25 लाख नौकरियों, नशामुक्त पंजाब और सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का वादा किया था लेकिन वह सभी वादों पर खरी नहीं उतरी।

उन्होंने कहा, यह झूठे वादों की सरकार है, जो भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और घोटालों में लिप्त है। यह पंजाब का कभी भला नहीं कर सकती।

उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बनकर रह गई है। उन्होंने कहा, अगर कोई नशीले पदार्थों के व्यापार को रोक सकता है, तो वह सिर्फ भाजपा ही है।

अमित शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत धार्मिक और देशभक्तिपूर्ण नारों से करते हुए शाह ने नौवें सिख गुरु तेग बहादुर को उनकी शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा पंजाब की जनता को छोटे भाई मानकर उनसे आशीर्वाद मांगती है।

शाह ने कहा कि भाजपा 2027 के चुनाव में लड़कर सरकार बनाएगी और उन्होंने माताओं, बहनों व बुजुर्गों से पार्टी को मजबूत करने की अपील की।

उन्होंने कहा, अगर कोई पंजाब को नशे से मुक्त कर सकता है और युवाओं को रोजगार प्रदान कर सकता है, तो वह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ही है।

## मुख्यमंत्री ने पार्किंग स्थल व ऑफिसर–कम–कमर्शियल कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए जमीन ट्रांसफर को दी मंजूरी

**चंडीगढ़, 14 मार्च (एजेंसिया)।** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा कैबिनेट की मंजूरी के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस प्रस्ताव के तहत प्रांतीय सरकार की भूमि को नगर परिषद पलवल को पार्किंग स्थल तथा नगर परिषद के ऑफिसर–कम–कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए वर्तमान कलेक्टर रेट की दरों पर




ट्रांसफर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पलवल शहर की लंबे समय से चली आ रही पार्किंग समस्या एवं नगर परिषद के लिए उपयुक्त प्रशासनिक परिसर की आवश्यकता को लगातार सरकार के समक्ष उठाया था, जिसके फलस्वरूप यह प्रस्ताव कैबिनेट से पारित हुआ।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने इस मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पलवल के समग्र विकास के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में शहर को और अधिक विकास कार्यों की सौगात दी जाएगी।

## अमृतसर में सीमा पार हथियार तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृतसर, 14 मार्च (एजेंसिया)।** अमृतसर रूरल पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आईएसआई प्रायोजित आतंक और सीमा पार हथियार तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से आधुनिक हथियार भी बरामद किए गए हैं।

अमृतसर पुलिस सीमा पार से हथियारों और ड्रग्स की तस्करी को रोकने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने आईएसआई प्रायोजित आतंक और सीमा पार हथियार तस्करी के नेटवर्क से जुड़े दो आरोपियों को दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक एके–47 राइफल, दो मैगजीन और 36 जिंदा कारतूस के साथ–साथ तीन आधुनिक ग्लॉक 9एमएम पिस्तौल बरामद की हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपियों का विदेशी हैंडलर्स के साथ सोशल मीडिया के जरिए संपर्क था। पुलिस के अनुसार, यह मॉड्यूल केवल हथियार तस्करी तक सीमित नहीं था, बल्कि यह लोगों को चरमपंथ की ओर मोड़ने और भारत और पुलिस के खिलाफ नफरत फैलाने में भी शामिल था।

# 10वीं की परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए सुरक्षा उपायों पर जोर



**आसिफाबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर के. हरिता ने 10वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रावधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने शनिवार को तेलंगाना आदर्श गुरुकुल स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र का दौरा किया और परीक्षाओं की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

हरिता ने बताया कि 16 अप्रैल तक चलने वाली इन परीक्षाओं के लिए 38 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां 6,948 छात्र परीक्षा देंगे। इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि परीक्षा संचालन के अंतर्गत 620 कर्मी, जिसमें पर्यवेक्षक और उड़नदस्ते शामिल हैं, अपनी ड्यूटी पर रहेंगे।

कलेक्टर ने कहा कि छात्रों के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, जैसे कि पीने का पानी, बिजली, रोशनी, पंखे और मूत्रालय। उन्होंने विद्यार्थियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा कर्मियों और आवश्यक दवाओं का भी प्रबंध करने का आदेश दिया।

इसके अतिरिक्त, छात्रों को परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है, ताकि वे परीक्षा से आधे घंटे पहले पहुंचे। हरिता ने शांतिपूर्ण और दबाव मुक्त वातावरण में परीक्षा संचालित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने की दिशा में अधिकारियों को निर्देशित किया। इस कार्यक्रम में परीक्षा के मुख्य पर्यवेक्षक, विभागीय अधिकारी और अन्य संबंधित लोग मौजूद थे।

## 10वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं का सफल आयोजन



जिले में 10वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के लिए कुल 38 केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन, 1,943 नियमित परीक्षार्थियों में से 2,924 उपस्थित हुए, जबकि 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसके अलावा, 28 निजी छात्रों में से 23 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 60 अन्य अनुपस्थित रहे।

परीक्षाएं सुबह 9:30 बजे से लेकर दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की गईं, और सभी छात्रों ने परीक्षा केंद्रों पर एक घंटे पहले पहुंचकर तैयारी की। परीक्षा केंद्रों में आवंटित कमरों का निरीक्षण किया गया और छात्रों की गहनता से जांच की गई, इसके बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

पुलिस ने परीक्षा केंद्रों पर सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू की। कलेक्टर के. हरिता ने जिला केंद्र के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और परीक्षा संचालन की व्यवस्था की समीक्षा की।

अपर समाहर्ता डेविड, एएसपी चितरंजन और डीईओ ललिता ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे छात्रों को बिना किसी परेशानी के सुविधाएं उपलब्ध कराएं और शांतिपूर्ण माहौल में नियमों के अनुसार परीक्षा आयोजित करें।

# महबूबनगर: खाड़ी युद्ध का असर, गैस की किल्लत से होटल बंद होने की कगार पर



**महबूबनगर, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 'एमकी पेल्ली सुब्बी चावूकु वचिंदी' (किसी की शादी किसी के लिए मुसीबत) वाली कहावत वर्तमान स्थिति पर सटीक बैठती है। अमेरिका, ईरान और इज़राइल के बीच युद्ध का प्रभाव अब धीरे-धीरे आम आदमी पर पड़ने लगा है। दैनिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोल, डीजल और गैस का बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से आता है, जहाँ तनाव के कारण आपूर्ति बाधित हो रही है।हालांकि वर्तमान में पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है, लेकिन भविष्य में गैस की किल्लत को रोकने के लिए सरकार ने संयुक्त महबूबनगर जिले में कमर्शियल (वाणिज्यिक) सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह से रोक दी है। साथ ही, घरेलू गैस की कीमतों में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। फिलहाल घरेलू गैस की कमी नहीं है, लेकिन कमर्शियल और ब्लैक मार्केट के रियायती सिलेंडरों पर निर्भर होटलों पर इसका भारी असर पड़ा है।पुराने समय में खाना पकाने के लिए लकड़ी के चूल्हों का उपयोग होता था, लेकिन समय के साथ गैस की आसान उपलब्धता और 'अनलिमिटेड डिशेज' के चलन ने गैस को अनिवार्य बना दिया। अब यही निर्भरता होटल संचालकों के लिए अभिशाप बन गई है। कमर्शियल बुकिंग बंद होने से जिले के होटलों में खाना पकाने की समस्या खड़ी हो गई है। हैदराबाद में कई रेस्तरां पहले ही सोमवार की छुट्टी घोषित कर चुके हैं। यदि स्थिति नहीं सुधरी, तो जिले के होटल भी बंद करने पड़ सकते हैं। महबूबनगर कॉर्पोरेशन में कई टिफिन सेंटर और चाय की दुकानें बंद हो गई हैं। प्रसिद्ध 'शिल्पी होटल' ने गैस के बजाय लकड़ी के चूल्हे लगा लिए हैं और वे अब केवल बिरयानी, सफेद चावल और करी जैसे सीमित व्यंजन ही परोस रहे हैं।

**बुकिंग सिस्टम हुआ ठप**

सरकार ने आधिकारिक तौर पर केवल कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति रोकी है, ताकि युद्ध जारी रहने पर घरेलू जरूरतें पूरी की जा सकें। लेकिन हकीकत में कमर्शियल और सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडर, दोनों की बुकिंग प्रणाली ठप पड़ी है। पहले टोल-फ्री नंबर पर फोन करने पर बुकिंग का मैसेज आ जाता था और एक दिन में डिलीवरी हो जाती थी। अब नंबर मिलाने पर ढहळी पींलशी ळी पीं रींरळश्रश्रलश्रश सुनाई देता है। इससे घबराकर लोग सीधे गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। अब बुकिंग के 5 दिन बाद सिलेंडर मिल रहा है। पहले दो बुकिंग के बीच 21 दिन का अंतर था, जिसे बढ़ाकर अब 30 दिन कर दिया गया है।

इसके अलावा, कुछ एजेंसियां और डिलीवरी बॉय जल्दी सिलेंडर देने के नाम पर अतिरिक्त पैसों की मांग कर रहे हैं। हैदराबाद में घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोकने के लिए चेकिंग हो रही है, लेकिन संयुक्त जिले में अधिकारी केवल बयानों तक सीमित हैं।

**जिले में गैस कनेक्शन की स्थिति**

कुल घरेलू कनेक्शन: 8,83,660 (उज्ज्वला और दीपम योजनाओं सहित)।

वितरक कंपनियां: भारत, इंडेन और एचपी गैस।

महबूबनगर जिला: अकेले यहाँ 3.14 लाख कनेक्शन हैं, जिनमें से अधिकांश डबल सिलेंडर वाले हैं।प्रभाव: डबल सिलेंडर वालों को फिलहाल चिंता नहीं है, लेकिन 'दीपम' और 'उज्ज्वला' जैसी योजनाओं के सिंगल सिलेंडर वाले लाभार्थी बुकिंग नंबर काम न करने से बेहद परेशान हैं और एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं।

# मेदक: सड़क हादसे में पिता की मौत के कुछ घंटों बाद बेटे ने दी 10वीं की परीक्षा



**मेदक, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** जहाँ एक ओर परिवार के सदस्य सड़क दुर्घटना में मारे गए एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, वहीं उनके बेटे ने शुक्रवार को अपनी कक्षा 10वीं की परीक्षा दी।

शिव्वमपेट मंडल के उकिरिपेपल्ली में शुक्रवार को सड़क हादसे में पाम्पबंदा गांव के निवासी कुम्हारी नागराजू (45) की मौत हो गई। उनके बेटे धनुष, जो कक्षा 10वीं की परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, इस घटना के बाद सदमे में थे। हालांकि, वह पाम्पबंदा से तूपरान गए और सरकारी बॉयज हाई स्कूल में परीक्षा में शामिल हुए।

बालक ने कहा कि उसके पिता हमेशा उसे पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए और अपने करियर में एक अच्छे पद पर पहुँचते हुए देखना चाहते थे। उसने कहा कि वह अपने पिता के सपनों को साकार करना चाहता है और उनकी असामयिक मृत्यु के बाद परिवार की देखभाल करना चाहता है। धनुष के शनिवार दोपहर अंतिम संस्कार में शामिल होने की उम्मीद है।

# सिंगारेनी कोलियरीज में स्क्रैप चोरी की बढ़ती घटनाएं



**मंचेरियाल, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)** । सिंगारेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) द्वारा संचालित कोयला खदानों में स्क्रैप चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। चोर भारी मशीनरी के बेकार पड़े पुर्जों, तांबे के केबलों और अन्य लोहे की सामग्रियों को निशाना बना रहे हैं। कुछ मामलों में, चोरों ने सुरक्षाकर्मियों पर भी हमला किया है।

हाल ही में 7 मार्च को रामागुंडम-खखख क्षेत्र में ओपनकास्ट प्रोजेक्ट-1 (जउझ-1) खदान में कबाड़ चोरों के हमले में एक निजी सुरक्षा गार्ड बोज्जपल्ली श्री साई घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, चोर एक कार में कोयला गलियारे तक पहुंचे और लोहे का स्क्रैप लेकर भागने का प्रयास किया। जब सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो भागते समय चोरों ने कार को गार्डों पर चढ़ा दिया, जिससे श्री साई घायल हो गए।

इसी क्षेत्र में पहले भी चोरी की घटनाएं हुई हैं, जैसे रामागुंडम-ख क्षेत्र में कोयला हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) में चोरों ने तीन सुरक्षाकर्मियों पर हमला किया था। रामागुंडम-खख क्षेत्र के एक पुराने बेस कार्यशॉप में भी एक सुरक्षा गार्ड पर तीन चोरों ने हमला किया, हालांकि गार्ड बच गया, लेकिन हमलावरों ने उसकी मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया।

कुछ चोरों ने जीडीके-2ए भूमिगत कोयला खदान में घुसने का प्रयास किया, लेकिन एक सतर्क पंप ऑपरेटर ने उन्हें देख लिया, जिससे चोरों ने अपना प्रयास छोड़ दिया। सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के बावजूद कबाड़ चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिसके अंतर्गत कंपनी ने लगभग 900 स्थायी सुरक्षा कर्मचारियों के अतिरिक्त 1,300 निजी सुरक्षाकर्मी तैनात किए हैं और 3,500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं।

सूत्रों का कहना है कि चोर मुख्य रूप से खुली खदानों, भूमिगत खदानों, कोयला प्रसंस्करण संयंत्रों और कार्यशालाओं को निशाना बना रहे हैं। साथ ही, आरोप है कि कुछ सुरक्षाकर्मी स्क्रैप सामग्री की उपलब्धता के बारे में अंदरूनी लोगों को जानकारी लीक कर रहे हैं। इस मामले में सुरक्षा उपायों को नियमित रूप से समीक्षा करने की आवश्यकता है ताकि चोरों के प्रयासों को विफल किया जा सके।

# संगारेड्डी: निर्माण स्थल पर सोते समय दंपति की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या



**संगारेड्डी, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** पाटनचेरु पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंद्रेशम में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात एक निर्माण स्थल पर काम करने वाले दंपति की हत्या कर दी गई। संदेह है कि अज्ञात बदमाशों ने सोते समय धारदार हथियारों से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी।

महबूबनगर जिले के गुडुर मंडल के डोंगचिंता टांडा के निवासी सोमाला दशरथ (50) और मनयम्मा (46) कुछ साल पहले आजीविका की तलाश में इंद्रेशम आए थे। यह दंपति उस निर्माण स्थल के पास एक झोपड़ी में रह रहा था जहाँ वे काम करते थे। एक आवासीय कॉलोनी के बीचों-बीच दंपति की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है।स्थानीय लोगों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए पाटनचेरु के सरकारी अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने और आरोपियों का पता लगाने के लिए क्लूज़ टीम (लर्श्रीशी ींशरा), फॉरेंसिक अधिकारियों और डॉग स्क्वायड को काम पर लगाया है। हत्यारों की पहचान के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# किनवट में रेलवे अंडरब्रिज की खराब गुणवत्ता पर नगर परिषद का ज्ञापन

किनवट, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) - शिवाजीनगर क्षेत्र में रेलवे अंडरब्रिज के निर्माण में गुणवत्ता की कमी को लेकर किनवट नगर परिषद की नगराध्यक्षा सुजाता एड्रलवार ने संबंधित रेलवे प्रशासन को विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने पुल की तत्काल मरम्मत और ठेकेदार के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

शिवाजीनगर में रेलवे लाइन के नीचे बना यह अंडरब्रिज स्थानीय निवासियों, छात्रों और वाहनों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। हालाँकि, अंडरब्रिज पर सीमेंट के खराब काम के कारण, यात्रा करने वालों को भारी सीमेंट धुएं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आंखों में जलन, सांस की समस्याएं और अन्य स्वास्थ्य मुद्दे उत्पन्न हो रहे हैं।

नगराध्यक्षा सुजाता एड्रलवार ने महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद और मंडल रेल प्रबंधक, नांदेड़ मंडल कार्यालय को लिखित ज्ञापन भेजकर मामला उठाया है। उन्होंने मांग की है कि अंडरब्रिज का तकनीकी निरीक्षण किया जाए, आवश्यक कवर या डामर की परत लगाई जाए, और ठेकेदार द्वारा किए गए निर्माण कार्य की जांच की जाए।

इस मुद्दे ने स्थानीय नागरिकों की स्वास्थ्य और सुरक्षा को गंभीर चुनौती दी है, और नगर परिषद ने रेलवे प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की है। स्थानीय निवासियों ने भी उम्मीद जताई है कि समस्या का समाधान जल्द ही होगा।

# स्वतंत्रता सेनानी अनाभेरी प्रभाकर राव की 78वीं पुण्यतिथि मनाई



**मंचेरियाल, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** महान स्वतंत्रता सेनानी अनाभेरी प्रभाकर राव की 78वीं पुण्यतिथि पर, शहरवासियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन मंचरियाल नगर के शहीद स्तूप पर किया गया, जहां उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

एल्लापु कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष, कलवाला सुधाकर राव ने कहा कि अनाभेरी एक शिक्षित और समृद्ध जमींदार परिवार में जन्मे थे, जिन्होंने निज़ाम के अत्याचारों और रजाकारों के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने करीमनगर जिले में वीरता के कई उदाहरण स्थापित किए, और राज्य में प्रथम साहित्य दिवस का आयोजन भी किया।

अनाभेरी ने न केवल गरीबों का समर्थन किया, बल्कि सामंती शोषण और निज़ाम के शासन से मुक्ति के लिए एक बड़ा आंदोलन शुरू किया। हालांकि, आज के समय में तेलंगाना राज्य के गठन के बाद उनके योगदान को उचित मान्यता नहीं मिली है।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनकी शहादत को याद किया और सरकार से अनुरोध किया कि इतिहास में उन्हें सम्मानित स्थान दिया जाए।

# मंचेरियाल : लक्सेटीपेट में तेंदुए के अंगों के व्यापार के आरोप में पांच हिरासत में

**मंचेरियाल, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** लक्सेटीपेट कस्बे के ताडलापेट रेंज में शनिवार को तेंदुए के अंगों का व्यापार करने के आरोप में पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। उनके पास से जानवर के नाखून जब्त किए गए हैं। इस अपराध में कथित रूप से शामिल दो अन्य लोग अभी फरार हैं।वन अधिकारियों ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर, लक्सेटीपेट में वन्यजीव वस्तुओं का व्यापार करने की कोशिश करते समय इन संदिग्धों को पकड़ा गया। अन्य अपराधियों की पहचान करने और तेंदुए का शिकार करने वाले शिकारियों का पता लगाने के लिए संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक गुप्त ऑपरेशन (ींपवशी-लेींशी शिीरींळेप) चलाया था।

यह जानकारी मिली है कि जन्नाराम डिवीजन के तहत ताडलापेट रेंज में एक तेंदुए का शिकार किया गया था और कुछ व्यक्तियों ने लक्सेटीपेट में उसके नाखून बेचने की कोशिश की थी। इस मामले में विस्तृत विवरण का अभी इंतजार है।



# अभिषेक शर्मा को रास्कल कहकर की तारीफ ब्रैड हैडिन बोले – बड़े मौकों के खिलाड़ी हैं

**नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)।**

भारत के युवा बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को लेकर आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन ने मजाकिया अंदाज में दिलचस्प टिप्पणी की है। हैडिन ने अभिषेक को रास्कल यानी शरारती या बदमाश कहकर संबोधित किया, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने युवा बल्लेबाज की जमकर प्रशंसा भी की। हैडिन ने यह बात एक पाडकास्ट में कही, जहां उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान अभिषेक के प्रदर्शन और उनके खेल के अंदाज की सराहना की। हैडिन ने कहा कि वह अभिषेक शर्मा के बड़े प्रशंसक हैं और पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनके प्रदर्शन पर काफी चर्चा होती रही। उन्होंने बताया कि लीग चरण के कुछ मैचों में लगातार शून्य पर आउट होने के बाद ऐसा लगने लगा था कि अभिषेक दबाव में आ सकते हैं, लेकिन बड़े मुकाबलों में ऐसे ही खिलाड़ियों की जरूरत होती है जो जोखिम उठाने से नहीं डरते। उनके मुताबिक अभिषेक वही खिलाड़ी हैं जो आक्रामक बल्लेबाजी के जरिए विपक्षी टीम पर दबाव बनाने की क्षमता रखते हैं। पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कहा कि फाइनल में अभिषेक शर्मा की बल्लेबाजी ने मैच का रुख ही बदल दिया। जिस तरह से उन्होंने तेज गति से रन बनाए, उससे भारतीय टीम को मजबूत स्थिति मिली और मुकाबले की दिशा तय हो गई। हैडिन का मानना है कि बड़े मैचों में निडर बल्लेबाज ही टीम को बढ़त दिलाते हैं और अभिषेक ने वही भूमिका निभाई। पूरे टूर्नामेंट में अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन मिश्रित रहा। उन्होंने अपने अभियान का अंत 158.42 के स्ट्राइक रेट से कुल 141 रन बनाकर किया, जिसमें दो अर्धशतक शामिल रहे। शुरुआती मुकाबलों में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और पहले तीन मैचों में वह बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए थे। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे अपनी लय हासिल की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 15 रन बनाए, जबकि जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार अर्धशतक जड़ते हुए 55 रन की पारी खेली। हालांकि वेस्टइंडीज और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ उनका प्रदर्शन साधारण रहा। फाइनल से पहले तक उन्होंने कुल 89 रन बनाए थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### इंडियन वेल्स : आर्यना सबालेंका फाइनल में, लिंडा नोस्कोवा को सीधे सेटों में हराया

**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)।** विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए



इंडियन वेल्स मास्टर्स 2026 के महिला एकल फाइनल में जगह बना ली। सबालेंका ने सेमीफाइनल में 14वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी शहर में खेले जा रहे इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में सबालेंका का यह तीसरा फाइनल है। वह इस प्रतियोगिता का अपना पहला खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगी। सबालेंका इस सत्र में शानदार लय में हैं। उन्होंने वर्ष के शुरुआती 16 मुकाबलों में से 15 में जीत दर्ज की है। उनकी एकमात्र हार एलेना राइबाकिना के खिलाफ आस्ट्रेलियन ओपन 2026 के फाइनल में हुई थी। खिताबी मुकाबले में सबालेंका का सामना राइबाकिना से फिर हो सकता है, यदि कजाख खिलाड़ी सेमीफाइनल में एलीना स्वितोलिना को पराजित कर देती हैं। मैच में सबालेंका ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया। पहले सेट में उन्होंने 3-1 की बढ़त लेते हुए नोस्कोवा की सर्विस तोड़ी और बाद में 5-1 की स्थिति बना ली। हालांकि नोस्कोवा ने एक बार सबालेंका की सर्विस ब्रेक कर वापसी की कोशिश की, लेकिन शीर्ष वरीय खिलाड़ी ने 5-3 पर ऐस लगाकर पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट के शुरुआती गेम में ही सर्विस ब्रेक सबालेंका के लिए निर्णायक साबित हुआ। 21 वर्षीय नोस्कोवा को वापसी का एक मौका मिला, लेकिन वह उसे भुना नहीं सकीं और सबालेंका ने 6-4 से सेट और मैच जीत लिया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि इस मुकाबले में उनकी सर्विस सबसे बड़ा हथियार रही। उन्होंने कहा, नोस्कोवा बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मुझे पता था कि यदि उन्हें थोड़ा भी मौका मिला तो वह उसका फायदा उठा सकती हैं।

### आईपीएल 2026 से पहले केकेआर ने लान्च की नई जर्सी, लाइंस आफ लेगेसी थीम में दिखेगी टीम

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीज़न से पहले अपनी




नई टीम जर्सी लान्च कर दी है। तीन बार की चैंपियन केकेआर ने इस बार जर्सी को लाइंस आफ लेगेसी थीम के साथ डिजाइन किया गया है, जिसमें टीम के इतिहास के कई यादगार पलों को खास अंदाज में दर्शाया गया है। जर्सी का डिजाइन टीम के पारंपरिक बैंगनी और सुनहरे रंग में रखा गया है, जो केकेआर की पहचान का अहम हिस्सा रहा है। नई जर्सी के डिजाइन में टीम के इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों को रेखाओं के रूप में दिखाया गया है। इन रेखाओं में कई ऐतिहासिक पलों की झलक मिलती है। इनमें ब्रेंडन मैकुलम द्वारा 2008 में खेली गई 158 रन की ऐतिहासिक पारी और रिंकू सिंह द्वारा एक मैच के अंतिम ओवर में लगाए गए लगातार पांच छक्के जैसे यादगार क्षण शामिल हैं। इन सभी पलों को रेखाओं के रूप में जोड़कर एक अमूर्त कला शैली में केकेआर अक्षरों का निर्माण किया गया है। इस अनोखे डिजाइन के जरिए प्रशंसक अब अपनी पसंदीदा टीम के गौरवशाली इतिहास को जर्सी के रूप में पहन सकेंगे।

### भारतीय कुश्ती के महान गुरु हनुमान: जिन्होंने पहलवानी को दिलाई नई पहचान

**नई दिल्ली।** भारत में कुश्ती को सदियों से पारंपरिक खेल के रूप में देखा जाता रहा है। इस खेल को नई



ऊंचाइयों तक पहुंचाने में कई महान पहलवानों और गुरुओं का योगदान रहा है। इन्हीं में एक प्रमुख नाम गुरु हनुमान का है, जिन्हें भारतीय कुश्ती के महान प्रशिक्षकों में गिना जाता है। उनका वास्तविक नाम विजय पाल यादव था और उनका जन्म 15 मार्च 1901 को राजस्थान के चिड़ावा में हुआ था। भले ही वह औपचारिक शिक्षा से दूर रहे, लेकिन बचपन से ही उनके मन में कुश्ती के प्रति गहरा जुनून था और इसी जुनून ने उन्हें आगे चलकर भारतीय कुश्ती का बड़ा स्तंभ बना दिया। कम उम्र से ही उन्होंने अखाड़ों में कुश्ती लड़ना शुरू कर दिया था। वर्ष 1919 में वह दिल्ली आए, जहां उन्होंने सब्जी मंडी क्षेत्र में बिड़ला मिल्स के पास एक छोटी दुकान खोली। हालांकि उनका मन व्यापार में नहीं लगा और उन्होंने अपना पूरा ध्यान कुश्ती की साधना में लगा दिया। धीरे-धीरे उनकी पहचान एक बेहतरीन पहलवान और प्रशिक्षक के रूप में बनने लगी। उन्होंने पारंपरिक भारतीय पहलवानी को अंतरराष्ट्रीय कुश्ती के मानकों के अनुरूप ढालने का काम किया और आधुनिक फ्रीस्टाइल कुश्ती की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
गुरु हनुमान ने देश के कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवानों को प्रशिक्षण दिया।

# नमन अवार्ड्स-2026 में रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान

**नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)।**




भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित नमन अवार्ड्स-2026 समारोह में भारतीय क्रिकेट की कई महान हस्तियों और मौजूदा खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में पूर्व दिग्गज क्रिकेटर रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को बीसीसीआई का सर्वोच्च सम्मान कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया जाएगा। वहीं भारतीय महिला क्रिकेट की दिग्गज खिलाड़ी मिताली राज को बीसीसीआई महिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

**रोजर बिन्नी का शानदार योगदान** – रोजर बिन्नी भारतीय क्रिकेट इतिहास के उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने देश को गौरव दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह 1983 क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली ऐतिहासिक भारतीय टीम के सदस्य रहे थे। अपनी स्विंग गेंदबाजी के लिए मशहूर बिन्नी ने उस विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया था। इसके अलावा वह 1985 वर्ल्ड चैंपियनशिप आफ क्रिकेट जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रहे। खिलाड़ी के रूप में करियर समाप्त होने के बाद भी उन्होंने क्रिकेट से जुड़ाव बनाए रखा और वर्ष 2000 में उन्होंने कोच के रूप में भारत की अंडर-19 टीम को आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2000 जिताया। बाद में वह 2012 से 2016 तक राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य रहे और वर्ष 2022 से 2025 तक बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

**राहुल द्रविड़ का महान करियर और कोचिंग योगदान** – भारतीय क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में गिने जाने वाले राहुल द्रविड़ को भी उनके असाधारण योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान से नवाजा जाएगा। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 24,000 से अधिक रन बनाकर भारतीय बल्लेबाजी को लंबे समय तक मजबूती दी। संन्यास के बाद उन्होंने कोच और मार्गदर्शक के रूप में भी भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख रहते हुए उन्होंने युवा खिलाड़ियों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में भारत की अंडर-19 टीम ने आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2018 जीता। इसके बाद भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में उन्होंने टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**मिताली राज को महिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड** – भारतीय महिला क्रिकेट की महान बल्लेबाज मिताली राज को महिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। दो दशक से अधिक लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन और नेतृत्व से महिला क्रिकेट को नई पहचान दिलाई। मिताली राज महिला वनडे क्रिकेट में 7805 रन बनाकर दुनिया की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम दो बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल तक पहुंची, जिससे भारत में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता काफी बढ़ी।

**अन्य खिलाड़ियों को भी मिलेगा सम्मान** – नमन अवार्ड्स-2026 में वर्ष 2024-25 सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को दूसरी बार पाली उमरीगर अवार्ड (सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर) दिया जाएगा, जबकि स्मृति मंधाना को पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का पुरस्कार मिलेगा। घरेलू क्रिकेट में मुंबई की इरा जाधव को जगमोहन डालमिया ट्राफी (सर्वश्रेष्ठ महिला घरेलू क्रिकेटर) और हरियाणा की शेफाली वर्मा को सीनियर महिला घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान दिया जाएगा। वहीं मुंबई के आयुष म्हात्रे और विदर्भ के हर्ष दुबे को लाला अमरनाथ अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

**आईसीसी विजेता भारतीय टीमों का भी होगा सम्मान** – नमन अवार्ड्स 2026 का एक बड़ा आकर्षण उन पांच भारतीय टीमों का सम्मान होगा, जिन्होंने हाल के वर्षों में आईसीसी ट्राफी जीती हैं। इसमें पुरुष सीनियर टीम (आईसीसी चैंपियंस ट्राफी-2025 और आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप-2026), महिला सीनियर टीम (आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप-2025), पुरुष अंडर-19 टीम (आईसीसी अंडर-19 विश्व कप-2026) और महिला अंडर-19 टीम (आईसीसी महिला अंडर-19 विश्व कप-2025) शामिल हैं। नमन अवार्ड्स भारतीय क्रिकेट की समृद्ध विरासत का उत्सव मनाने के साथ-साथ उन खिलाड़ियों और टीमों के योगदान को सम्मानित करता है जिन्होंने इस खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# श्री सीमेंट कप के फाइनल में जयपुर पोलो टीम, जैगढ़ को 6-2 से हराया



**जयपुर, 14 मार्च (एजेंसियां)।**

जयपुर पोलो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को जैगढ़ पोलो टीम को 6-2 से हराकर श्री सीमेंट कप के फाइनल में जगह बना ली। मैच की शुरुआत से ही जयपुर टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और पहले हाफ में ही मजबूत बढ़त बनाकर मुकाबले पर लगभग कब्जा कर लिया। हालांकि तीसरे चक्कर में जैगढ़ ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जयपुर ने संयमित खेल के साथ बढ़त बनाए रखते हुए जीत सुनिश्चित कर ली। पहले चक्कर में जयपुर टीम की शानदार राइडिंग और बेहतरीन पोजिशनिंग देखने को मिली, जिससे जैगढ़ टीम शुरुआत में ही दबाव में आ गई। पहले चक्कर के अंत तक जयपुर 3-0 की बढ़त बना चुका था। टीम के लिए पहला गोल कुंवर प्रताप सिंह कनोटा ने किया, जबकि इसके बाद महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने लगातार दो गोल दागकर टीम की बढ़त मजबूत कर दी। दूसरे चक्कर में भी जयपुर टीम का दबदबा जारी रहा। शानदार पासिंग और तालमेल के दम पर टीम ने कई मौके बनाए, जबकि जैगढ़ की टीम उनकी मजबूत रक्षापंक्ति को तोड़ने में नाकाम रही। हाफ टाइम तक जयपुर ने स्कोर 5-0 कर दिया, जिससे फाइनल की राह लगभग साफ हो गई। हाफ टाइम के बाद तीसरे चक्कर में जैगढ़ टीम ने बेहतर समन्वय के साथ वापसी की कोशिश की और मुकाबला कुछ हद तक प्रतिस्पर्धी बना। हालांकि जयपुर टीम ने बढ़त बनाए रखी और तीसरे चक्कर के अंत तक स्कोर 6-2 हो गया। अंतिम चक्कर में जयपुर ने संयमित रणनीति अपनाते हुए गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और अपनी बढ़त की रक्षा पर ध्यान दिया। इस दौरान कोई बड़ा स्कोरिंग बदलाव नहीं हुआ और अंततः जयपुर ने 6-2 से मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

## शंघाई इंटरनेशनल सर्किट, शंघाई में फार्मूला वन



शंघाई इंटरनेशनल सर्किट, शंघाई में फ़ार्मूला वन – चीनी ग्रां प्री रेस के दौरान मर्सिडीज़ के जार्ज रसेल ने स्प्रिंट रेस जीतने के बाद जश्न मनाया।

# एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप : लोकेश सत्यनारायणन ने लंबी कूद में जीता स्वर्ण, बनाया राष्ट्रीय इंडोर रिकार्ड

**नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)।**

**भारत के एथलीट लोकेश सत्यनारायणन ने अमेरिका के फेयेटविल में आयोजित एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। टार्लटन स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्र लोकेश ने फाइनल के चौथे प्रयास में 8.21 मीटर की छलांग लगाते हुए नया भारतीय इंडोर राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया और पहला स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के साथ वह भारतीय लंबी कूद खिलाड़ियों की सर्वकालिक सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। उनसे आगे केवल जेसविन एल्ड्रिन (8.42 मीटर) और मुरली श्रीशंकर (8.41 मीटर) हैं।**




26 वर्षीय लोकेश का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.02 मीटर था। फाइनल के अंतिम प्रयास में उन्होंने 8.17 मीटर की छलांग भी लगाई। प्रतियोगिता में उन्होंने डीआंद्रे वार्ड (8.20 मीटर) और तफाद्ज़वा चिकोंबा (8.15 मीटर) को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

लोकेश एनसीएए डिवीजन-1 एथलेटिक्स चैंपियनशिप जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले मोहिंदर सिंह गिल (ट्रिपल जंप), विकास गौड़ा (डिस्कस थ्रो) और तेजस्विन शंकर (हाई जंप) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

बेंगलुरु में जन्मे लोकेश खेल प्रेमी परिवार से आते हैं। उनके पिता जान बेंगलुरु पुलिस के लिए फुटबाल खेल चुके हैं, जबकि उनकी बहन मोनिका राष्ट्रीय स्तर की 400 मीटर धाविका रही हैं।

कई बार के जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन लोकेश 2018 जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारतीय टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। एक गंभीर सड़क दुर्घटना के बाद उनके करियर में ठहराव आ गया था और वह आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहे थे।

साल 2021 में जब उनकी मां फेंसी मैरी कोविड-19 संक्रमण से जूझ रही थीं, तब उन्होंने लोकेश को अमेरिका में कालेजिएट प्रतियोगिताओं में करियर बनाने की सलाह दी। उसी फैसले के बाद लोकेश ने अमेरिका का रुख किया और अब एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

# युवा लड़कियों को प्रेरित करना चाहती हूं, ताकि अगली पीढ़ी को ज्यादा प्रोत्साहन मिले : दीप्ति शर्मा

**नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)।**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने खेलों में लड़कियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए अधिक प्रोत्साहन और समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया है। उनका कहना है कि महिला खिलाड़ियों की बढ़ती पहचान और उपलब्धियां देश में लोगों की सोच बदलने में मदद कर रही हैं।

दीप्ति शर्मा ने यह बात शनिवार को बीबीसी और कलेक्टिव न्यूज़रूम की ओर से खेलों में महिलाओं की भागीदारी पर जारी एक रिपोर्ट के लान्च कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों को सामने लाने और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने वाली पहलें अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

दीप्ति शर्मा ने कहा, अब तक का सफर अच्छा रहा है। मैंने देखा है कि भारत और दुनिया भर में कई महिलाओं को ऐसी पहलों के जरिए समर्थन मिल रहा है। यह देखकर अच्छा लगता है कि इतने सारे पुरस्कार विजेता भारत से आए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार सर्वेक्षण में शामिल 14 भारतीय राज्यों में 2020 के बाद से क्रिकेट में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। यह आंकड़ा पांच प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत तक पहुंच गया है। वहीं 15 से 24 वर्ष की युवतियों के बीच यह भागीदारी छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गई है।

यह अध्ययन दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच कांतार द्वारा 10 हजार से अधिक लोगों पर किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें यह भी सामने आया कि अब 26 प्रतिशत युवतियां खेल को करियर के रूप में अपनाने पर विचार कर रही हैं, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 16 प्रतिशत था।

दीप्ति शर्मा ने कहा कि महिला क्रिकेट और अन्य खेलों में बढ़ती सफलता और लोकप्रियता से अधिक लड़कियां खेलों में



करियर बनाने का सपना देख रही हैं। उन्होंने कहा, विश्व कप के बाद लोगों की सोच में काफी बदलाव आया है। अब चाहे छोटी बच्ची हो या बड़ी, कई लोग क्रिकेटर बनने या खेलों में हिस्सा लेने का सपना देख रहे हैं।

आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने यह भी कहा कि खिलाड़ियों की जिम्मेदारी है कि वे अगली पीढ़ी को प्रेरित करें। उन्होंने कहा, मैं भी ज्यादा से ज्यादा युवा लड़कियों और अगली पीढ़ी को प्रेरित और सहयोग देना चाहती हूं, ताकि उन्हें अधिक प्रोत्साहन मिले और वे खेलों में बेहतर भविष्य देख सकें।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि महिला खेलों को देखने वाले दर्शकों की संख्या बढ़ रही है। सर्वेक्षण में 51 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्होंने पिछले छह महीनों में महिला खेलों की कवरेज देखी है। महिला क्रिकेट प्रतियोगिताओं की दर्शक संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

वहीं राज्यसभा सांसद और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इस शोध को महिला खिलाड़ियों को पहचान और प्रोत्साहन देने की दिशा में सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा, यह एक शानदार पहल है। बीबीसी ने हमेशा क्रिकेट ही नहीं, बल्कि विभिन्न खेलों में महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम और पुरस्कार महिला खिलाड़ियों को सम्मान और पहचान दिलाने में मदद करते हैं तथा इस तरह के अध्ययन से लोगों की सोच को समझने और महिला खेलों पर चर्चा को बढ़ावा देने में सहायता मिलती है।

हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं, समय की कमी और महिला खेलों से जुड़े सामाजिक रूढ़िवाद जैसे अवरोध अभी भी मौजूद हैं। ऐसे में महिलाओं को खेलों में आगे बढ़ाने और उन्हें अधिक अवसर देने के लिए लगातार प्रयास जारी रखने की जरूरत है।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे

# हुंडई आई 20 की बिक्री में 61 प्रतिशत की बढ़ोतरी



नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)।

**फरवरी 2026 में बिक्री के मामले में हुंडई आई 20 ने शानदार प्रदर्शन किया है। फरवरी 2026 के बिक्री आंकड़ों के मुताबिक यह माडल वाइज सेल्स लिस्ट में चौथे स्थान पर रही। इस दौरान कंपनी को इस कार के लिए कुल 5,852 नए ग्राहक मिले।**

अगर पिछले साल फरवरी 2025 से तुलना करें तो उस समय इसकी केवल 3,627 यूनिट्स ही बिकी थीं। इस तरह एक साल के भीतर इसकी बिक्री में करीब 61 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बढ़ती मांग से साफ है कि भारतीय ग्राहक इस कार के डिजाइन, फीचर्स और कीमत के संतुलन को काफी पसंद कर रहे हैं।

फीचर्स की बात करें तो हयूदै आई20 अपने सेगमेंट में आधुनिक तकनीक और सुविधाओं के लिए जानी जाती है। कार में 10.25 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जो स्मार्ट कनेक्टिविटी फीचर्स के साथ आता है। इसके अलावा डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले भी मिलता है, जिससे ड्राइविंग के दौरान जरूरी जानकारी आसानी से देखी जा सकती है। सुविधा के लिए इसमें वायरलेस फोन चार्जिंग की सुविधा भी दी गई है।

सुरक्षा के लिहाज से भी कंपनी ने इस कार में कई अहम फीचर्स शामिल किए हैं। इसमें 6 एयरबैग, रियर पार्किंग कैमरा और टायर प्रेशर मानिटरिंग सिस्टम दिए गए हैं, जो ड्राइविंग को अधिक सुरक्षित बनाते हैं। भारतीय बाजार में इसका मुकाबला मुख्य रूप से मारुति सुजुकी बलेनो और मारुति सुजुकी स्वीफट जैसी कारों से माना जाता है।

पावरट्रेन की बात करें तो इसमें 1.2 लीटर का पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो अधिकतम 83 बीएचपी की पावर और 115 एनएम का टार्क पैदा करता है। इसे 5-स्पीड मैनुअल गियरबाक्स और सीवीटी आटोमेटिक ट्रांसमिशन के विकल्प के साथ पेश किया गया है, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार विकल्प चुन सकते हैं।

बता दें कि भारतीय आटोमोबाइल बाजार में बीते कुछ समय से हैचबैक कारों की मांग एक बार फिर तेज होती नजर आ रही है। खासकर प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट में ग्राहकों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। इस कार ने सालाना आधार पर उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है और डिमांड के मामले में कई लोकप्रिय माडलों को कड़ी टक्कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### आरबीआई ने मनाप्पुरम फाइनेंस पर लगाया 2.70 लाख रुपये का जुर्माना



**मुंबई।** रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआई) ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी मनाप्पुरम फाइनेंस पर 2.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कुछ नियामकीय नियमों का पालन न करने की कमियों के लिए ये कार्रवाई की है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि निर्देशों का पालन न करने और उससे जुड़े पत्राचार की जांच के नतीजों के आधार पर कंपनी को एक नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में कंपनी से पूछा गया कि उसने निर्देशों का पालन क्यों नहीं किया और इस असफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। नोटिस पर कंपनी के जवाब और मौखिक दलीलों पर विचार करने के बाद रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने पाया कि मनाप्पुरम फाइनेंस ने कुछ प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों को पूरा वेरिएबल वेतन बिना किसी देरी के पहले ही दे दिया था। हालांकि आरबीआई ने यह भी कहा कि यह जुर्माना नियामकीय नियमों के पालन में कमियों के आधार पर लगाया गया है और इसका उद्देश्य कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेन-देन या समझौते की वैधता पर कोई फैसला देना नहीं है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि मौद्रिक जुर्माना लगाने का मतलब यह नहीं है कि रिजर्व बैंक कंपनी के खिलाफ कोई अन्य कार्रवाई नहीं कर सकता।

### ईरान संकट लंबा चला तो भारत की महंगाई पर पड़ सकता है असर: नागेश्वरन



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि यदि ईरान से जुड़ा भू-राजनीतिक संकट लंबा खिंचता है तो इसका असर भारत की आर्थिक वृद्धि, महंगाई और चालू खाते के घाटे पर पड़ सकता है। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारत की वृहद आर्थिक स्थिरता मजबूत है, इसलिए देश का प्रदर्शन कई अन्य अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर रहने की संभावना है। नागेश्वरन के अनुसार संकट की अवधि के साथ यह भी महत्वपूर्ण है कि यह टकराव किस तरह समाप्त होता है, क्या दोनों पक्ष सहमति से पीछे हटेंगे या कोई पक्ष कमजोरी के कारण। उन्होंने चेतावनी दी कि वैश्विक भू-राजनीतिक बदलाव आने वाले वर्षों में निवेश, आपूर्ति श्रृंखलाओं और आर्थिक वृद्धि की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं।

### राधाकिशन दमानी ने टाटा मोटर्स पैसेंजर के 16 लाख शेयर बेचे, बिक्री से दमानी को कुल 52 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई




**नई दिल्ली।** देश के मशहूर निवेशक राधाकिशन दमानी ने टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के 16 लाख शेयर ब्लाक डील के जरिए बेचे। इस बिक्री से दमानी को कुल 52 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई।

# ट्रेड गैस फार इलेक्ट्रिक नामक प्रोग्राम शुरू किया विनफास्ट ने

नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)।

**विनफास्ट कंपनी ने पेट्रोल और डीजल वाहनों से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए ट्रेड गैस फार इलेक्ट्रिक नामक नया प्रोग्राम शुरू किया है। कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ व पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस पहल की शुरुआत भारत, वियतनाम, इंडोनेशिया और फिलीपींस सहित चार प्रमुख बाजारों में की जा रही है।**




इस योजना के तहत वे ग्राहक जो अपनी इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) से चलने वाली गाड़ियों को बदलकर विनफास्ट के इलेक्ट्रिक वाहन खरीदेंगे, उन्हें अतिरिक्त आर्थिक लाभ दिया जाएगा। कंपनी के अनुसार, इलेक्ट्रिक कार खरीदने वाले ग्राहकों को वाहन की कीमत पर 3 प्रतिशत का अतिरिक्त डिस्काउंट मिलेगा। वहीं जिन बाजारों में विनफास्ट के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर उपलब्ध हैं, वहां इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने पर ग्राहकों को 5 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। यह लाभ कंपनी के मौजूदा प्रमोशनल आफर्स के अतिरिक्त होगा, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रभावी कीमत और कम हो जाएगी।

भारतीय बाजार में यह आफर विनफास्ट की इलेक्ट्रिक एसयूवी वीएफ6 और वीएफ7 जैसे माडलों पर लागू होगा, जिन्हें कंपनी ने अपनी स्थानीय रणनीति के तहत पहले ही प्रदर्शित किया है। कंपनी के ग्लोबल सेल्स के डिप्टी सीईओ डुओंग थी थू ट्रांग ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक परिस्थितियों और ईंधन की कीमतों में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच यह पहल समय की मांग है। उन्होंने कहा कि विनफास्ट का लक्ष्य स्मार्ट, टिकाऊ और किफायती मोबिलिटी समाधान उपलब्ध कराना है।

### एसयूवी अल्पिना एक्सबी7 का लिमिटेड एडिशन होगा बाजार में पेश



**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू अपनी लोकप्रिय एसयूवी अल्पिना एक्सबी7 का लिमिटेड एडिशन बाजार में पेश करने जा रही है। कंपनी इस नए माडल को अल्पिना एक्सबी7 मेनूफाक्तुर नाम दिया है। दुनिया भर में कंपनी इस एसयूवी की केवल 120 यूनिट ही तैयार करेगी, जिससे यह माडल कलेक्टर्स और लग्जरी कार प्रेमियों के लिए काफी खास माना जा रहा है। माना जा रहा है कि इस एडिशन के बाद अल्पिना एक्सबी7 का प्रोडक्शन भी बंद किया जा सकता है, जिससे इसकी विशिष्टता और बढ़ जाएगी। इस स्पेशल एडिशन एसयूवी को दो खास रंग विकल्पों में पेश किया जाएगा, जिनमें फ्रोजेन अल्पाइना ग्रीन और फ्रोजेन अल्पाइना ब्लू शामिल हैं। इन रंगों को विशेष रूप से इसी माडल के लिए तैयार किया गया है। गाड़ी के एक्सटीरियर में आल-ब्लैक ट्रिम दिया गया है, जो इसे प्रीमियम और आकर्षक लुक देता है। साथ ही बाडी के साइड हिस्से पर ब्लैक पिनस्ट्राइप डिजाइन भी दिया गया है, जो इसे सामान्य माडल से अलग पहचान देता है। इंटीरियर की बात करें तो इस एसयूवी के केबिन को बेहद लग्जरी बनाया गया है। परफार्मेंस के लिहाज से इसमें 631 हार्सपावर वाला ट्विन-टर्बो वी8 इंजन दिया गया है, जो इसे महज 3.9 सेकंड में 0 से 97 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंचाने में सक्षम बनाता है। बेहतर ड्राइविंग अनुभव के लिए इसमें एयर सस्पेंशन सिस्टम भी दिया गया है, जो गाड़ी की ऊंचाई को करीब 1.6 इंच तक कम कर सकता है। इस एसयूवी की कीमत लगभग 1,81,550 अमेरिकी डालर यानी करीब 1.67 करोड़ रुपये रखी गई है और इसका उत्पादन सितंबर 2026 से शुरू किया जाएगा। इसमें टारटूफो मेरिनो लेदर का इस्तेमाल किया गया है, जिसे वालनट नेचर ब्लैक फिनिश के साथ जोड़ा गया है। हेडरेस्ट पर खास अल्पिना एम्ब्रायडरी दी गई है और सेंटर कंसोल को भी विशेष डिजाइन के साथ तैयार किया गया है। इसके अलावा दूसरी पंक्ति में कैप्टन चेयर दी गई हैं, जिससे यात्रियों को अधिक आराम मिलता है।

# सालाना टोल पास की कीमत 1 अप्रैल से बढ़ी, अब देना होगा 3,075 रुपए




मुंबई, 14 मार्च (एजेंसियां)।

नेशनल हाईवे पर नियमित यात्रा करने वाले निजी वाहनों के लिए सालाना टोल पास की कीमत में मामूली बढ़ोतरी की गई है। नेशनल हाइवे अथोरिटी आफ इंडिया (एनएचएआई) ने घोषणा की है कि 1 अप्रैल 2026 से यह पास 3,000 की बजाय 3,075 में उपलब्ध होगा। सालाना टोल पास एक साल या 200 बार टोल पार करने तक मान्य रहेगा, जो भी पहले हो।

इसका मतलब है कि अगर कोई वाहन एक साल पूरा होने से पहले ही 200 बार टोल पार कर लेता है, तो पास की वैधता समाप्त हो जाएगी। इस पास का लाभ लेने के लिए वाहन में एक्टिव फास्टेग होना अनिवार्य है। बिना फास्टेग के यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। सालाना टोल पास के लिए वाहन मालिक एनएचएआई या अपने फास्टेग जारी करने वाले बैंक या ऐप पोर्टल पर लाग-इन कर सकते हैं। आवेदन

**पास का लाभ लेने के लिए वाहन में एक्टिव फास्टेग होना अनिवार्य**

करने के बाद 3,075 फीसदी आनलाइन भुगतान करना होगा।

सफल भुगतान के बाद यह पास सीधे आपके फास्टेग से लिंक हो जाएगा और टोल प्लाजा पर अतिरिक्त भुगतान किए बिना इस्तेमाल किया जा सकेगा। सरकार के अनुसार टोल दरों की सालाना समीक्षा होती है। इस प्रक्रिया के तहत इस बार मामूली बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, जो लोग अक्सर नेशनल हाईवे पर सफर करते हैं, उनके लिए सालाना टोल पास अब भी सुविधाजनक और फायदेमंद विकल्प माना जाता है। इससे बार-बार टोल भुगतान की झंझट कम होती है और यात्रा तेज़ और आसान बनती है।

### शांतनु नारायण ने 18 साल के नेतृत्व के बाद अडोबी सीईओ पद छोड़ा



**नई दिल्ली।** अमेरिका की प्रमुख साफ़्टवेयर कंपनी अडोबी के सीईओ शांतनु नारायण ने हाल ही में घोषणा की कि वह कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद से हट रहे हैं। नारायण ने दिसंबर 2007 से कंपनी का नेतृत्व किया और इस दौरान अडोबी को वैश्विक स्तर पर नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया। उनके कार्यकाल में अडोबी की आय 1 अरब डालर से बढ़कर 25 अरब डालर तक पहुंची। कर्मचारियों की संख्या 3,000 से बढ़कर 30,000 हो गई। नारायण के नेतृत्व में कंपनी ने डेस्कटाप साफ़्टवेयर से क्लाउड-आधारित क्रिएटिव साफ़्टवेयर में बदलाव किया, जिससे अडोबी वैश्विक क्रिएटिव उद्योग की ताकत बन गई। सीईओ के इस्तीफे की घोषणा के बाद अडोबी के शेयर लगभग 7 प्रतिशत गिर गए जो नेतृत्व परिवर्तन को लेकर निवेशकों की चिंता दिखाता है। यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से साफ्टवेयर उद्योग में प्रतिस्पर्धा बदल रहा है। नारायण का जन्म 27 मई 1963, हैदराबाद में हुआ। उन्होंने उस्मानिया विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और इसके बाद बालिंग ग्रीन स्टेट यूनिवर्सिटी, ओहायो से कंप्यूटर साइंस में स्नातकोत्तर किया। वर्ष 1998 में वह अडोबी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने और धीरे-धीरे सीईओ तक पहुंचे। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने नारायण को बधाई दी और कहा कि उन्होंने अडोबी को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण साफ़्टवेयर कंपनियों में बदल दिया।

# पश्चिम एशिया में संघर्ष के बाद एटीएफ कीमतों में तेज उछाल

**एयरलाइंस अपने किराये में कर सकता है बढ़ोतरी**



नई दिल्ली, 14 मार्च (एजेंसियां)।

पश्चिम एशिया में 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने के बाद भारत में विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विमानन उद्योग का कहना है कि जेट ईंधन की कीमतें कच्चे तेल की तुलना में कहीं अधिक तेजी से बढ़ी हैं, जिससे एयरलाइनों की लागत पर बड़ा दबाव पड़ा है। उद्योग अधिकारियों के अनुसार भारतीय रिफाइनरियों का जेट फ्यूल पर मार्जिन काफी बढ़ गया है, जबकि कच्चे तेल को एटीएफ में बदलने की वास्तविक लागत में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है।

एयरलाइनों के परिचालन खर्च में एटीएफ का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत होता है। ऐसे में ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि का सीधा असर हवाई किरायों पर पड़ा है। कई एयरलाइनों को यात्रियों से अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज वसूलने के लिए मजबूर होना पड़ा है। एयरलाइन अधिकारियों का कहना है कि भारत में एटीएफ की कीमतें मीन आफ प्लैट्स अरब गल्फ (मोपैग) बेंचमार्क के आधार पर तय होती हैं, जिसे एसएंडपी ग्लोबल प्लेट प्रतिदिन जारी करती है।

यह बेंचमार्क खाड़ी क्षेत्र की प्रमुख रिफाइनरियों जुबैल, रास तनुरा, रुवैस, मीना अल-अहमदी और सिट्रा में जेट फ्यूल की स्पाट कीमतों के औसत पर आधारित होता है। 28 फरवरी को इरान पर यूनाइटेड स्टेट और इजरायल के सैन्य हमलों के बाद क्षेत्र की कई रिफाइनरियां या तो बंद हो गईं या उन्होंने उत्पादन कम कर दिया। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में जेट फ्यूल की कीमतों में तेजी आई। भारत में एयरलाइनों को एटीएफ मुख्य रूप से इंडियल आयल कारपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड जैसी घरेलू रिफाइनरियों से मिलता है।

एयरलाइन उद्योग का कहना है कि भारत को एटीएफ मूल्य निर्धारण के लिए मोपैग से अलग होकर कच्चे तेल की कीमत और निश्चित रिफाइनिंग मार्जिन माडल अपनाना चाहिए, जिससे कीमतों में अनावश्यक उतार-चढ़ाव कम हो सके।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### हैदराबाद...

पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार ने सभी प्रमुख तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को निर्देश दिया है कि वे अधिकारियों को अपने बेड़े की जीपीएस ट्रैकिंग प्रणालियों तक तत्काल पहुंच प्रदान करें। भारतीय तेल निगम (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) के प्रतिनिधि सरकारी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने और किसी भी आपूर्ति संबंधी मुद्दों पर त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए पाली आधार पर केंद्र पर भौतिक रूप से तैनात रहेंगे।

**केंद्र पर बहु-एजेंसी उपस्थिति**

तेल कंपनी के अधिकारियों के अलावा, पुलिस विभाग, उद्योग विभाग और एलपीजी वितरकों के प्रतिनिधि भी एजेंसियों के बीच त्वरित समन्वय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। अधिकारियों ने कहा कि यह एकीकृत सेटअप सरकार को बिना देरी के आपूर्ति उतार-चढ़ाव और रसद चुनौतियों को दूर करने में मदद करेगा।

**जिला स्तर पर समन्वय और टोल-फ्री हेल्पलाइन**

कमांड एंड कंट्रोल सेंटर जिला अधिकारियों के साथ दैनिक समन्वय भी करेगा ताकि ग्रासरूट स्तर पर स्टॉक उपलब्धता की पुष्टि की जा सके और स्थानीय कमियों को दूर किया जा सके। नागरिक आपूर्ति विभाग ने अपनी टोल-फ्री उपभोक्ता हेल्पलाइन (1967) को भी केंद्र में सह-स्थित किया है, जिससे एलपीजी आपूर्ति और वितरण से संबंधित शिकायतों पर तेजी से प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके।

अधिकारियों ने कहा कि चौबीसों घंटे निगरानी तंत्र राज्य को एलपीजी वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने में मदद करेगा, जबकि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उपभोक्ताओं को आपूर्ति व्यवधानों का सामना न करना पड़े।

### खबरदार!...

जो सुनिश्चित करता है कि व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहे, अन्य एजेंसियों के साथ साझा न किया जाए और यहां तक कि अदालतों के लिए भी सुलभ न हो।

**राज्य निर्माण के बाद पहली जनगणना**

होलिकेरी ने उल्लेख किया कि जनगणना 2027 तेलंगाना के लिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह राज्य के गठन के बाद पहली जनगणना होगी। पिछली जनगणना 2011 में तत्कालीन अविभाजित आंध्र प्रदेश में आयोजित की गई थी। चूंकि यह अभ्यास 16 साल के अंतराल के बाद हो रहा है, अद्यतन डेटा केंद्र और राज्य सरकारों दोनों को वर्तमान जनसांख्यिकी और सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं के आधार पर नीतियां और योजनाएं बनाने में मदद करेगा।

**डिजिटल एन्क्रिप्शन से होगी सुरक्षा**

उन्होंने कहा कि डेटा गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी और संग्रह, प्रसारण और भंडारण के दौरान डिजिटल एन्क्रिप्शन के माध्यम से डेटा सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा। गणकों और पर्यवेक्षकों को व्यापक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, और मोबाइल एप्लिकेशन में निर्मित सत्यापन नियम डेटा सटीकता और स्थिरता सुनिश्चित करेंगे। मैदान में एकत्र किया गया डेटा पर्यवेक्षकों द्वारा भी निगरानी और क्रॉस-चेक किया जाएगा, उन्होंने कहा।

### होर्मुज दुश्मनों...

वे दुबई के जेबेल अली बंदरगाह, अबू धाबी के खलीफा बंदरगाह और फुजैरा बंदरगाह जैसे इलाकों को तुरंत खाली कर दें। ईरान का आरोप है कि अमेरिका इन बंदरगाहों और गुप्त ठिकानों का इस्तेमाल ईरान के खारग द्वीप पर हमला करने के लिए कर रहा है। इसीलिए ईरान ने अब इन जगहों को अपने निशाने पर ले लिया है।

**बगदाद से दुबई तक बढ़ा तनाव, वैश्विक बाजार में दहशत**

जमीन पर भी हमले तेज हो गए हैं। शनिवार को बगदाद में अमेरिकी दूतावास के अंदर एक हेलीपैड पर मिसाइल गिरी, जिससे हड़कंप मच गया। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात में एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया गया, जिसका मलबा एक तेल सुविधा पर जाकर गिरा। इन घटनाओं ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि अगर तेल की सप्लाई रुकती है, तो इसका असर हर देश की जेब पर पड़ेगा।ईरान ने यूएई के उन शहरों को भी दहलाने की धमकी दी है जहां दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे मौजूद हैं। ईरान का कहना है कि जहां-जहां अमेरिकी सेनाएं पनाह ले रही हैं, उन क्षेत्रों को लोग तुरंत खाली कर दें। मिडिल ईस्ट के इन बंदरगाहों से ही दुनिया का ज्यादातर व्यापार और तेल की सप्लाई होती है, ऐसे में इन जगहों पर हमले की धमकी ने वैश्विक बाजार में दहशत पैदा कर दी है।

### ईरानी हमले ...

खबरों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान वायुसेना अड्डे पर अमेरिकी टैंकर विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कई मीडिया संस्थानों में यह खबर आई थी कि ईरानी मिसाइल हमले में इन विमानों को भारी नुकसान पहुंचा है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कुछ दिन पहले उस अड्डे पर हमला जरूर हुआ था, लेकिन विमान न तो सीधे निशाना बने और न ही नष्ट हुए। उन्होंने कहा कि पाँच में से चार विमानों को लगभग कोई नुकसान नहीं हुआ और वे फिर से सेवा में लौट चुके हैं। एक विमान को थोड़ा ज्यादा नुकसान हुआ है, लेकिन वह भी जल्द ही उड़ान भरने के लिए तैयार हो जाएगा।

**''होर्मुज को खुला रखने के लिए वैश्विक सहयोग जरूरी''**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खुला रखने के लिए अमेरिका के साथ कई देश अपने युद्धपोत भेजेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन समेत अन्य देश भी इस क्षेत्र में अपने जहाज तैनात करेंगे, ताकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जहाजों की आवाजाही सुरक्षित रह सके।

ट्रंप ने कहा कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका तटवर्ती इलाकों पर जबरदस्त बमबारी करेगा और समुद्र में मौजूद ईरानी नौकाओं व जहाजों को निशाना बनाकर नष्ट करेगा। उनका कहना था कि अमेरिकी सेना लगातार ऐसी कार्रवाई करती रहेगी ताकि समुद्री मार्ग सुरक्षित रह सके।

**''जल्द खुलेगा होर्मुज, वैश्विक तेल आपूर्ति रहेगी सुरक्षित''**

ट्रंप ने कहा कि किसी भी तरह से बहुत जल्द स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से पूरी तरह खोल दिया जाएगा। यह समुद्री मार्ग दुनिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। उनकी इस घोषणा के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजारों में राहत की सांस ली गई है, हालांकि स्थिति पर नजर बनाई हुई है।

### वांगचुक रिहा...

मंत्रालय ने उम्मीद जताई है कि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को 'उच्च अधिकार प्राप्त समिति' और अन्य उचित मंचों के माध्यम से रचनात्मक चर्चा द्वारा हल किया जाएगा। सरकार ने लद्दाख की सुरक्षा और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई है। इससे पहले वांगचुक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहलवाया था कि हिरासत में रहने के बाद भी उन्होंने सक्रियता से दूरी नहीं बनाई है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखवाया था कि लद्दाख की सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उनका संघर्ष एकता और ईमानदारी के साथ जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने उनकी हिरासत को अवैध और मनमाना बताते हुए उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। इस मामले की सुनवाई अभी चल रही है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 15 मार्च, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# अग्रवाल गर्ल्स एंड बॉयज हिन्दी माध्यम स्कूल का भव्य वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित अग्रवाल गर्ल्स एंड बॉयज हिन्दी माध्यम स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आज समिति के सेडमल हॉल में भव्यतापूर्वक आयोजित किया गया।

समारोह का शुभारंभ मातृभूमि की वंदना तथा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति की भावना को उजागर किया।

**हिन्दी माध्यम स्कूल है हृदय के निकट : सीए नवीन कुमार अग्रवाल**

समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा समिति के मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दी माध्यम गर्ल्स स्कूल मेरे हृदय के बहुत निकट है, क्योंकि समिति की पहली नींव हिन्दी माध्यम गर्ल्स स्कूल से वर्ष 1925 में रखी गई थी। उन्होंने बच्चों से कहा कि विद्यालय से आप ज्ञान अर्जित कर सकते हैं और इस ज्ञान का उपयोग समाज सेवा में करें। उन्होंने पाठशाला की प्रतिभावान गायिकाओं ज्योति शर्मा और देविका शर्मा की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि वे संगीत की दुनिया में चार चाँद लगा रही हैं। समिति की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

**प्रत्येक पुरस्कार विजेता का सम्मान परिश्रम का परिणाम : प्रधानाध्यापिका**

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के. प्रेमिला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का अवसर है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता विद्यार्थी का सम्मान उनके परिश्रम का ही परिणाम है। उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त हो और जीवन में निरंतर उन्नति करें, यही हमारी हार्दिक कामना है।

इसके उपरांत मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल, स्कूल के करेस्पॉन्डेंट संजय कुमार संघी तथा अकादमिक संयुक्त निदेशक डॉ. राजेश ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशंसा पत्र, मेडल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सीए नवीन कुमार अग्रवाल का स्वागत नवीं कक्षा की छात्रा साधना ने और करेस्पॉन्डेंट संजय कुमार संघी का स्वागत नवीं कक्षा के छात्र ओमकार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा सेडमल हॉल**

कार्यक्रम में सीएओ आराधना मोदानी, बीबीएमएस प्रधानाध्यापिका सीएओ आराधना मोदानी, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी तथा अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सुंदर संचालन रश्मि बडौल, कुमारी ऐश्वर्यचारी और राहुल मिश्रा ने किया।

वरिष्ठ अध्यापिका एम. रेणुका ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं अभिभावकों का आभार प्रकट किया। अंत में सामूहिक राष्ट्रगान के साथ यह गरिमामय कार्यक्रम संपन्न हुआ।




## हैदराबाद पुलिस ने अनुशासनहीनता के आरोप में सिपाही को किया निलंबित

### आत्महत्या के दावे को बताया भ्रामक

**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो):** सिटी पुलिस ने सिपाही एम यादगिरी (पीसी 6211) द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को निराधार और भ्रामक करार दिया है।

जुबली हिल्स जोन महिला पुलिस स्टेशन में तैनात इस सिपाही को कथित अनुशासनहीनता और कर्तव्यों में लापरवाही के आरोप में शनिवार को निलंबित कर दिया गया।पुलिस ने एक बयान में कहा कि यादगिरी अक्सर रोल कॉल में अनुपस्थित रहता था, कर्तव्यों में लापरवाही बरतता था और कथित तौर पर परामर्श के लिए थाने आने वाले पीड़ितों से पैसे की मांग करता था।निलंबन के आदेश मिलने के तुरंत बाद, उसने कथित तौर पर व्हाट्सएप पर एक सेल्फी वीडियो सर्कुलेट किया, जिसमें दावा किया गया कि वरिष्ठ अधिकारियों के उत्पीड़न के कारण वह आत्महत्या का प्रयास कर रहा है।

# भूखों की थालियों में खुशियां परोस रहा राधे-राधे ग्रुप : जयप्रकाश सारडा



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

हैदराबाद। राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने केबीआर पार्क के पास शनिवार को नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंद और असहाय लोगों को भोजन वितरित कर सेवा एवं मानवता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जयप्रकाश सारडा ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप पिछले लंबे समय से निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के कार्यों में जुटा हुआ है। ग्रुप के सदस्य नियमित रूप से जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराकर उनकी थालियों में खुशियां परोसने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्नदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना जाता है और ऐसे सेवा कार्य समाज में करुणा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि राधे-राधे ग्रुप का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है और इसी भावना के साथ यह सेवा कार्य निरंतर जारी रखा जा रहा है।

इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, संजय गुप्ता, हरीश तोलाराम हिंदूजा, जयप्रकाश सारडा, रणधीर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने सेवा कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया।

# अग्रवाल केयर फाउंडेशन द्वारा श्री समर्थ कामधेनु गौशाला में की गई गौ सेवा

**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

अग्रवाल केयर फाउंडेशन, भाग्य नगर गौ सेवा के सदस्य मनीष अग्रवाल द्वारा 14 मार्च 2026 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, परामर्शदाता श्री ओमप्रकाश जी अग्रवाल के मार्गदर्शन में शनिवार को श्री समर्थ कामधेनु गौशाला, जियागुड़ा में गौ आहार हेतु एक लारी हरी घास, हरी सब्जियाँ और फल सेवा स्वरूप उपलब्ध कराए गए। साथ ही गौ माता के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए मल्टीविटामिन, कैल्शियम, लिवर सप्लीमेंट्स, मिनरल्स आदि भी प्रदान किए गए।



उल्लेखनीय है कि मार्च माह में अभी तक अग्रवाल केयर फाउंडेशन द्वारा गौ भक्तों के सहयोग से तीन अवसरों पर तीन लारी घास, सब्जियाँ, फलों सहित मल्टीविटामिन, कैल्शियम, लिवर सप्लीमेंट्स, मिनरल्स आदि उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर अग्रवाल केयर फाउंडेशन, भाग्य नगर गौ सेवा के गो भक्त सदस्यों द्वारा तन-मन-धन से गौ सेवा की गई। सभी सदस्यों ने गौ माता की सेवा को ईश्वर की आराधना मानते हुए इस पुनीत कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई।इस अवसर पर सत्यनारायण जी फोगला द्वारा श्री समर्थ कामधेनु गौशाला के प्रमुख श्री प्रभुदत्त जी महाराज को निस्वार्थ सनातन धर्म की सेवा और गौ सेवा-संरक्षण के अथक कष्टकारी प्रयासों के लिए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। श्री प्रभुदत्त जी महाराज ने सनातन धर्म में गौ माता के पवित्र स्थान और गौ सेवा से मानव जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों का महत्व बताते हुए सभी से अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर गो माता की सेवा करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा केवल एक धार्मिक कर्म नहीं, बल्कि मानव कल्याण का मार्ग है।इस पुनीत कार्यक्रम में परामर्शदाता श्री ओम अग्रवाल, संजय पसारी, पंकज अग्रवाल (सीए), मनीष अग्रवाल, सत्यनारायण फोगला, अशोक जालान, संजय भालवाले, अंकुर बंसल, कौशल तायल, नन्दा अग्रवाल, संतोष अग्रवाल (पानी वाले), लोकेश पित्ती, कुसुम गुप्ता, समीक्षा अग्रवाल, खुशी अग्रवाल, लक्ष्मी देवी, सारिका अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रीना अग्रवाल, रजनी फोगला, ज्योति शर्मा, श्याम अग्रवाल, गोविंद राज अग्रवाल, सुनील कुमार संघी, सुनील भूत और नन्हे-मुन्ने बाल गोपाल आदि उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने गौ माता के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कुतबीगुड़ा में क्षत्रिय राजपूत सभा ने उत्साहपूर्वक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो): क्षत्रिय राजपूत सभा, कुटबीगुड़ा, हैदराबाद (तेलंगाना) ने 14 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बड़े उत्साह, गर्व और सामूहिक एकता के साथ मनाया। इस अवसर पर समुदाय की महिलाओं के योगदान को सराहा गया और उनके सशक्तिकरण के लिए नए संकल्प लिए गए।

कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि डॉ. सुरेखा सिंह ने बढ़ाई, जिन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में ठाकुर दीपांजलि, ठाकुर दीपा, लवण्या ठाकुर, सुकेशिनी ठाकुर, योगिता सिंह और शहिति सिंह मौजूद रहीं। इन सभी गणमान्य व्यक्तियों ने महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक विकास के महत्व पर चर्चा की।

इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन सभा की महिला विभाग और कार्यकारिणी टीम के संयुक्त प्रयास से किया गया । जिसमें महिला विभाग की ओर से अध्यक्ष शोभा सिंह, महासचिव नीरजा सिंह, कोषाध्यक्ष हेमा सिंह के नेतृत्व में उपाध्यक्ष सुनीथा ठाकुर, मीना ठाकुर, किरण ठाकुर; सचिव माया ठाकुर, कलावती सिंह, पुष्पलता ठाकुर; तथा आयोजन सचिव रोहिणी ठाकुर, विद्या ठाकुर, उमा लता ठाकुर, गायत्री सिंह, शिवरानी ठाकुर ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

सभा के अध्यक्ष टी. जयवीर सिंह जी, महासचिव टी. संतोष सिंह, कोषाध्यक्ष टी. नरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष एस. नरेंद्र सिंह, सचिव टी. भावनी सिंह, अरुण सिंह, मुरली मोहन सिंह और आयोजन सचिव श्रीमती सुनीथा देवी व सुधीर सिंह जी ने पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

कार्यक्रम का माहौल सांस्कृतिक रंग में सराबोर रहा, जहाँ प्रतिभावशाली महिलाओं और बच्चों द्वारा नृत्य और गायन की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। केवल मनोरंजन तक सीमित न रहकर, इस दिन महिला सशक्तिकरण और हिंसा के खिलाफ जागरूकता पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न पहलुओं पर खुलकर चर्चा हुई।

इस दौरान समुदाय की उन महिलाओं का विशेष सम्मान किया गया, जिन्होंने शिक्षा, खेल, कला और व्यवसाय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। साथ ही, समुदाय की महिलाओं से जुड़े मुद्दों और अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर भी विस्तृत चर्चा की गई ताकि भविष्य में बेहतर योजनाएं बनाई जा सकें।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और उपहार वितरित किए गए, जिससे हर चेहरे पर मुस्कान देखी गई। क्षत्रिय राजपूत सभा की महिला विभाग टीम ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो पूरा समाज और राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है।

# भाजपा द्वारा दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण ज्ञान कार्यक्रम का आयोजन



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सनतनगर में माथुर शाही हाल में भाजपा द्वारा दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण ज्ञान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष प्रशिक्षण सत्र की तैयारियों को लेकर घाटकेश्वर आरएसएस मीटिंग हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के लिए इसमें शामिल होना अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया।बैठक में उपस्थित भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति तैयार की। इस अवसर पर भाजपा नेता सपना गुप्ता, डिवीजन अध्यक्ष नरेश, वरिष्ठ नेता दयानंद, चंद्रशेखर, महासचिव सत्यनारायण, महासचिव सुधाकर, पूर्व अध्यक्ष क्रांति माधवी तथा जिला संयोजक श्रीशैलम गौड सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों और दर्शन को जन-जन तक पहुँचाने के महत्व पर प्रकाश डाला।



**केबीआर पार्क वॉकर्स समूह द्वारा महेश बैंक के नवनिर्वाचित निदेशकों देवेंद्र झंवर एवं मुकुंदलाल बाहेती का हार्दिक स्वागत करते हुए बैंक के पूर्व निदेशक रमाकान्त इन्नाणी, नरसिंह तोषनीवाल, अनिल कुमार पित्ती, पुरुषोत्तम बाहेती, किशनलाल डागा, आनंद अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल एवं लक्ष्मीनारायण अग्रवाल । इस अवसर पर बैंकिंग क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई।**

# इरिसेट में रक्तदान शिविर आयोजित

## 60 प्रतिभागियों ने दिया जीवनदान



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरी और दूरसंचार संस्थान (इरिसेट), सिकंदराबाद ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के अंतर्गत 14 मार्च 2026 को अपने परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर में संस्थान के अधिकारियों, प्रशिक्षुओं तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में अपना योगदान दिया।

इस पहल का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना तथा स्वैच्छिक सेवा के माध्यम से समाज के प्रति योगदान देना था। इस कार्यक्रम में कुल 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

यह रक्तदान शिविर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी तथा केंद्रीय अस्पताल, दक्षिण मध्य रेलवे के सहयोग से उनकी चिकित्सकीय टीम की उचित चिकित्सा देखरेख में आयोजित किया गया। चिकित्सा टीम द्वारा सभी दाताओं का पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और रक्त संग्रह की प्रक्रिया को सुरक्षित एवं वैज्ञानिक ढंग से संपन्न किया गया।

शरद कुमार श्रीवास्तव, महानिदेशक, ने प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित स्वैच्छिक सेवा की भावना की सराहना की और इस बात पर बल दिया कि दान किया गया रक्त की एक यूनिट कई लोगों के जीवन को बचाने में सहायक हो सकती है। उन्होंने कहा, रक्तदान सर्वोच्च दान है। आज जब रक्त की कमी के कारण कई मरीज संकट में होते हैं, ऐसे में स्वैच्छिक दाताओं का योगदान अमूल्य होता है।

ऐसे आयोजन संस्थान की न केवल तकनीकी उत्कृष्टता के प्रति बल्कि मानवीय मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। संस्थान ने भविष्य में भी ऐसे सामुदायिक कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई है।

# नामपल्ली पर किया गया अन्नदान



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन पिलर नंबर 1265 ए के पास शनिवार को नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैलाश चंद केडिया,जयप्रकाश सारडा, ई जगन चंपापेट, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, निर्मला केडिया प्रतिका अग्रवाल, सुमन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# युवा पत्रकार वंशी तिवारी ने जीता फ्लाई हाई वूमेन पुरस्कार

## 12 साल की उम्र से पत्रकारिता का कर रही हैं सफर

**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार की महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने वाली प्रतिष्ठित संस्था वी-हब और शी साइट ग्लोबल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में देश की सबसे कम उम्र की पत्रकार वंशी तिवारी (वंशीसूर्य) को यंग प्रोफेशनल श्रेणी के अंतर्गत प्रतिष्ठित फ्लाई हाई वूमेन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर टॉलीवुड की सुपरस्टार अभिनेत्री तनवी आकांक्षा ने वंशी को यह सम्मान प्रदान किया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वंशी तिवारी ने कहा कि अच्छी और सकारात्मक खबरें व कहानियाँ प्रस्तुत करना ही उनकी पत्रकारिता का मुख्य लक्ष्य है।

उन्होंने बताया कि मात्र 12 साल की उम्र में पत्रकारिता की शुरुआत करने के बाद से पिछले पाँच वर्षों से वह समाज की उन प्रेरणादायक कहानियों और समाचारों को प्रस्तुत कर रही हैं, जिनसे सभी कोखासकर युवा वर्ग कोप्रेरणा और नई ऊर्जा मिल सके। उनकी इस अदम्य लगन और सामाजिक चेतना को ही इस अवार्ड के माध्यम से सराहा गया है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित वी-हब, सोशल इंपैक्ट टीम के निदेशक जाहिद अख्तर शेख ने सभी अवार्ड विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि वी-हब और शी साइट ग्लोबल की यह पहल महिला उद्यमियों और प्रतिभाशाली महिलाओं को आगे बढ़ाने, उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने और उनका हौसला बनाए रखने का एक सकारात्मक एवं प्रभावशाली प्रयास है। उन्होंने वंशी जैसी युवा प्रतिभाओं के लिए निरंतर सहयोग की बात कही।

इस अवसर पर वी-हब सोशल इंपैक्ट की सह-निदेशक ऊहा सज्जा, शी साइट ग्लोबल की प्रतिनिधि सुजाता तथा ब्रांड पार्टनर मैनेजर अनामिका चक्रवर्ती भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली कई महिलाओं को भी सम्मानित किया गया, जिससे यह आयोजन महिला सशक्तिकरण का एक प्रतीक बन गया।

# संघी समिति का होली मिलन आज



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बशीरबाग स्थित संघी लॉ चैंबर्स में संघी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी होली मिलन समारोह की अंतिम रूपरेखा तैयार की गई। यह भव्य कार्यक्रम रविवार, 15 मार्च 2026 को एनएस फार्म्स, शमशाबाद में दोपहर 3 बजे से आयोजित किया जाएगा, जहाँ संघी बंधु रंगों की होली के साथ-साथ विविध मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लेंगे।

समिति की ओर से बताया गया कि इस कार्यक्रम में फूलों की होली, विभिन्न मनोरंजक खेल, स्विमिंग पूल का आनंद तथा अन्य आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। साथ ही डीजे धमाल के साथ सभी लोग होली के उत्सव का भरपूर आनंद लेंगे। यह आयोजन पारिवारिक वातावरण में मनाया जाएगा, जिसमें बच्चे से लेकर बुजुर्ग सभी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

समिति की ओर से सभी संघी बंधुओं एवं उनके परिवारों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लें और इसे एक यादगार व सफल आयोजन बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नागेंद्र संघी ने बताया कि होली मिलन कार्यक्रम समुदाय के लोगों को एकजुट करने और पारस्परिक सद्भाव बढ़ाने का उत्कृष्ट अवसर है। उपाध्यक्ष पंकज संघी ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जबकि सचिव प्रभात संघी ने सभी सदस्यों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

बैठक में संयुक्त सचिव संजय संघी, अवधेश संघी, सलाहकार प्रताप नारायण संघी, प्रेम संघी, शशि संघी, निर्मला संघी एवं कविता संघी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारियाँ निर्धारित कीं और पुष्टि की कि सभी तैयारियाँ पूर्ण हैं

# अशोक नगर में सरप्लस नाला ब्रिज के निर्माण से यातायात बेपटरी, भारी डायवर्जन से बढ़ी मुश्किलें




**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में से एक अशोक नगर-इंद्रा पार्क मार्ग पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अरविंद नगर के पास नयनी नरसिम्हा रेड्डी स्टील फ्लाईओवर के नीचे, हुसैन सागर सरप्लस नाले पर दशकों पुराने पुल के पुनर्निर्माण कार्य के चलते वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इस निर्माण कार्य के कारण क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही अत्यंत धीमी हो गई है और भारी ट्रैफिक जाम लग रहा है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए अगले चार महीने काफी चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं, क्योंकि काम पूरा होने में अभी इतना समय लगने की संभावना है।

रिहायशी कॉलोनियों में बढ़ी वाहनों की रेलमपेल

अशोक नगर क्षेत्र कोचिंग सेंटरों, आवासीय कॉलोनियों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का केंद्र है। जीएचएमसी (त्रख्च्वउ) द्वारा जर्जर हो चुके पुराने पुल को गिराने का काम शुरू करने के बाद, दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों को अरविंद नगर और एलआईसी कॉलोनी जैसी रिहायशी बस्तियों की ओर मोड़ दिया गया है।

इन कॉलोनियों की संकरी सड़कें अब वाहनों से अटी पड़ी हैं। पिछले तीन दशकों से यहाँ रह रहे स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने आज तक ऐसी स्थिति नहीं देखी। सड़कों पर खड़े वाहनों के कारण पीक ऑवर्स (व्यस्त समय) में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

**3 करोड़ की लागत से जून तक तैयार होगा नया पुल**

जीएचएमसी के सहायक अभियंता के. महेश ने बताया कि नागरिक निकाय ने जून तक इस पुल का पुनर्निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, यह ढांचा काफी कमजोर और जर्जर हो गया था। हमने दो साल पहले ही इसकी पहचान कर ली थी कि यह भारी वाहनों के लिए सुरक्षित नहीं है। अब जीएचएमसी 3 करोड़ रुपये की लागत से यहाँ नया पुल बना रही है।

सुचारू आवाजाही के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी डायवर्जन प्लान

सिविल कार्यों को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने निम्नलिखित रूट डायवर्जन की घोषणा की है:

हिमायत नगर (स्ट्रीट नंबर 9) से इंद्रा पार्क की ओर: अशोक नगर एक्स रोड से सब-रजिस्ट्रार कार्यालय, अशोक नगर - बकाराम ब्रिज - एलआईसी कॉलोनी - बंदा मैसम्मा एक्स रोड - धरना चौक मार्ग होते हुए इंद्रा पार्क की ओर।

आरटीसी एक्स रोड से इंद्रा पार्क की ओर: अशोक नगर एक्स रोड से सब-रजिस्ट्रार कार्यालय - बकाराम ब्रिज - एलआईसी कॉलोनी - बंदा मैसम्मा एक्स रोड - धरना चौक मार्ग होकर भेजा जाएगा।बकाराम से इंद्रा पार्क की ओर: बकाराम ब्रिज पर वाहनों को दाईं ओर एलआईसी कॉलोनी - बंडा मैसम्मा एक्स रोड - धरना चौक मार्ग की तरफ मोड़ा गया है।

# रानी सती दादी महिला शाखा द्वारा धूमधाम से मनाया गया होली व गणगौर उत्सव

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से रहा सराबोर

**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज रानी सती दादी महिला शाखा, घासी बाजार द्वारा आयोजित होली व गणगौर उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। यह भव्य कार्यक्रम अग्रवाल मीटिंग हॉल, 10वाँ माला, राघव रतना टावर, चिराग अली लाइन में आयोजित किया गया, जहाँ महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर उत्सव में भाग लिया।●कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अग्रसेन महाराज जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात् लकी ड्रा निकाला गया, जिसमें पाँच भाग्यशाली विजेताओं के रूप में नेहा, सुनीता, नीतू, ज्योति और कृपा का नाम घोषित किया गया। सभी विजेताओं को उत्साहवर्धक प्रोत्साहन दिया गया।

इसके उपरांत विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें पिचकारी डेकोरेशन, ईश्वरगौर गण डेकोरेशन तथा गणगौर पूजा थाली डेकोरेशन प्रमुख थीं। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेता के रूप में दीक्षा अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, सुमन अग्रवाल और रीना अग्रवाल का चयन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को रिंकू गर्ग एवं कविता गोयल द्वारा उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में तंबोला खिलाया गया, जिसके बीच-बीच में रोचक प्रश्न भी पूछे गए। सवाल व तंबोला के विजेताओं में दीपा अग्रवाल, नीतू, रजनी, नेहा, रेखा, सुनीता, दिव्या, शिल्पा, सुमन, अंकित, लता, हेमा, पायल, नीलम, शीतल, किरण, अनीता, रानी, दीप्ति, दिशा, अनीता, रेनू आदि शामिल रहीं।




इसके अतिरिक्त पेपर गेम एवं बैलून गेम भी आयोजित किए गए, जिनमें सभी प्रतिभागियों ने भरपूर आनंद उठाया। राजस्थानी ढोल की थाप पर फूलों की होली भी खेली गई, जिसमें फुगड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुगड़ी प्रतियोगिता में भी काफी महिलाओं ने भाग लिया और विजेता घोषित की गईं। सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

कार्यक्रम में ठंडी-ठंडी दही की लस्सी तथा स्वादिष्ट राजस्थानी व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसका सभी अतिथियों ने आनंद लिया। कार्यक्रम में महिला शाखा के सभी अध्यक्षों को सादर आमंत्रित किया गया, जिनमें- शिव शक्ति महिला, मोती नगर शाखा: दीपा अग्रवाल, सत्य शक्ति महिला, टीवी टावर शाखा: रानी मित्तल, मलकपेट महिला शाखा: रेखा अग्रवाल, जड कॉलोनी, सनत नगर महिला शाखा: रजनी अग्रवाल, गोशामहल सखी सहेली महिला शाखा: दीपा अग्रवाल, अग्रू महिला मंच: दीपा अग्रवाल और दोमालगुड़ा महिला समिति से सरला अग्रवाल उपस्थित रहीं।

सभी अध्यक्षों का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। रिंकू गर्ग ने सभी अध्यक्षों का दिल से धन्यवाद दिया और आगे भी ऐसे ही कार्यक्रमों में सहयोग बनाए रखने की अपील की। शाखाओं के अध्यक्षों ने भी रानी सती दादी महिला शाखा के सभी पदाधिकारियों का सम्मान किया और कार्यक्रम की भूरि-भूरि सराहना की।

यह संपूर्ण कार्यक्रम सभी के सहयोग एवं सहभागिता से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संचालन में अध्यक्ष रिंकू गर्ग, उपाध्यक्ष हेमा अग्रवाल, मंत्री मोनिका अग्रवाल, सह-मंत्री सुशील केडिया, कोषाध्यक्ष सविता अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य कविता संघी, कविता गोयल तथा कार्यकारिणी सदस्य पूनम तुलस्यान, सीमा अग्रवाल आदि की सक्रिय भूमिका रही।

# कुतुब शाही टोम्ब्स रोड पर दुकानों में भीषण आग, गैस सिलेंडर फटने से मचा हड़कंप

**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ऐतिहासिक कुतुब शाही टोम्ब्स रोड पर स्थित दुकानों में शुक्रवार की रात भीषण आग लग गई। इस घटना में भारी संपत्ति का नुकसान हुआ है, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग की शुरुआत मस्जिद-ए-तौहीद के पास स्थित एक टायर की दुकान से हुई। देखते ही देखते लपटों ने पास की एक गैस स्टोव मरम्मत की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना के वक्त इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, क्योंकि पास ही स्थित मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**मस्जिद से सुरक्षित निकाले गए 1500 जायरीन**

जिस समय आग भड़की, उस वक्त मस्जिद में करीब 1500 लोग मौजूद थे। आग की लपटें देख प्रशासन



ने तुरंत सक्रियता दिखाई और सुरक्षा के लिहाज से लोगों को आनन-फानन में वहां से हटाया। टोलीचौकी के पूर्व कॉर्पोरेटर सैयद राशिद फराजुद्दीन ने बताया, जब आग लगी, तब लोग प्रार्थना में व्यस्त थे। उन्हें कुछ समय के लिए सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया गया। दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

**शॉर्ट सर्किट और सिलेंडर विस्फोट ने बढ़ाई मुश्किल**

दमकल विभाग की शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग फैलने के दौरान गैस स्टोव मरम्मत की दुकान में रखे कुछ छोटे एलपीजी (ड्झत्र) सिलेंडरों में विस्फोट हो गया, जिससे कुछ समय के लिए लपटें और भी विकराल हो गईं। हालांकि, फायर टेंडर्स ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को आसपास की अन्य इमारतों तक फैलने से पहले ही काबू पा लिया।

**प्रशासन ने शुरू की नुकसान की जांच**

फिलहाल, पुलिस और दमकल विभाग ने घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। अधिकारी आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाने और संपत्ति के कुल नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। व्यस्त ऐतिहासिक क्षेत्र होने के कारण स्थानीय निवासियों और दुकानदारों में इस घटना को लेकर काफी चिंता देखी जा रही है।

# जीआईओ और साटा ने रियाद में अनुबंध संबंधी समस्याओं का सामना कर रही भारतीय नर्सों को दिया समर्थन

## विदेश में फंसी भारतीय नर्सों को मिला भारतीय संगठनों का साथ





**रियाद/हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ग्लोबल इंडियन ऑर्गनाइजेशन (जीआईओ) और सऊदी अरब तेलुगु एसोसिएशन (साटा) के प्रतिनिधियों ने रियाद में एक भर्ती एजेंसी के माध्यम से रोजगार अनुबंधों में कठिनाइयों का सामना कर रही भारतीय नर्सों के एक समूह से मुलाकात की।जीआईओ रियाद की अध्यक्ष प्रीति चौहान ने सत्र की शुरुआत संगठन का परिचय देकर की और एक सहायक वातावरण तैयार किया, जिससे नर्सें अपनी समस्याएं खुलकर साझा कर सकीं। उन्होंने कानूनी प्रक्रियाओं की व्याख्या की और उन्हें सलाह दी कि वे कानूनी समाधान खोजते हुए निरंतर समर्थन का आश्वासन देते हुए किसी भी गलत रास्ते पर न जाएं।

**नर्सों की स्थिति का लिया जायजा**

चर्चा के दौरान, जीआईओ सदस्यों ने नर्सों की पेशेवर स्थिति और अनुबंध विवरणों का आकलन किया। श्री रमेश चौधरी ने वैध लाइसेंसों के बारे में पूछताछ की और प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों के लिए मार्गदर्शन की पेशकश की, उनकी सहायता के लिए संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित किया। विवेक शर्मा ने भारत से नर्सों की यात्रा और भर्ती प्रक्रिया का विस्तृत ब्योरा एकत्र किया। चक्षु श्रीवास्तव ने भर्ती एजेंसी के साथ अनुबंधों और रोजगार व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

कुछ जीआईओ सदस्य, जिनमें अमित कौंटिया भी शामिल हैं, समर्थन प्रयासों में शामिल रहने के लिए वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए।

साटा की ओर से श्रीमती सर्वाणी ने नर्सों की मातृभाषा में संवाद किया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और स्पष्टता सुनिश्चित हुई। टीम ने आवश्यक वस्तुएं, नाश्ते और ताजगी देने वाली चीजें भी वितरित कीं।

नर्सों ने जीआईओ, साटा और पूरी टीम के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की और एक छोटा धन्यवाद वीडियो भी रिकॉर्ड किया। परिवहन में निरंतर समर्थन के लिए बस ड्राइवर नंदू को विशेष रूप से पहचान दी गई।

**भारतीयों की मदद का संकल्प**

इस बैठक ने कठिन रोजगार परिस्थितियों में रियाद में भारतीय नर्सों की सहायता के लिए जीआईओ और साटा की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।सभी स्वयंसेवकों की साटा रियाद के अध्यक्ष श्रीनिवास, पूर्वी क्षेत्र साटा अध्यक्ष तेजा और साटा के संस्थापक मल्लेसन द्वारा अत्यधिक सराहना की गई।

# जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान ला रहा राधे-राधे ग्रुप : पूजा संघी





**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** बेगम बाजार। राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने शनिवार को नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए पूजा संघी ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप जो सेवा कार्य कर रहा है, वह वास्तव में सराहनीय, अनुकरणीय और प्रेरणादायी है। जरूरतमंद लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है और इस प्रकार के आयोजन समाज में सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर रवि अग्रवाल, वंश अग्रवाल, ई जगन चंपापेट, विनोद तोशनीवाल, गोविंद राम पचेरिया, अरुण विजयवर्गीय, महेश गोयल, शिव भगवान अग्रवाल , नीलम विजयवर्गीय, लता गोयल, मीना अग्रवाल, रेनू गुप्ता एवं पूजा संघी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# मैसूर-अजमेर वाया रतलाम ट्रेन का नियमितीकरण, यात्रियों को मिली बड़ी राहत



**हुब्बल्ल, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मैसूर-अजमेर वाया रतलाम होकर संचालित होने वाली ट्रेन संख्या 06281/82 को भारतीय रेलवे द्वारा अब स्थायी नियमित सेवा में परिवर्तित कर दिया गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय से कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और अंतर्राज्यीय यातायात में नई गति आएगी।

प्रवासी ट्रैवेलर्स एसोसिएशन कर्नाटक के राज्य कार्यदर्शी सुभाष डंक ने बताया कि इस ट्रेन के नियमितीकरण की मांग को लेकर दक्षिण पश्चिम रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य महेंद्र सिंघी जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में गत 15 जनवरी को माननीय रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना के हुबली आगमन के दौरान एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर इस ट्रेन को नियमित रूप से संचालित करने की मांग प्रबलता से रखी गई थी।

रेलवे प्रशासन द्वारा इस मांग पर त्वरित और सकारात्मक कार्यवाही करते हुए अब इस ट्रेन को नियमित रूप से संचालित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि यह ट्रेन वर्तमान में विशेष सेवा (डशिलळरश्र ढअॅरळप) के रूप में चलाई जा रही थी, जो बढ़ती हुई यात्री मांग को देखते हुए अपर्याप्त साबित हो रही थी।

मैसूरु-अजमेर रेल सेवा कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय मार्ग है। इसके नियमित होने से हजारों यात्रियों, विशेषकर छात्रों, व्यापारियों, तीर्थयात्रियों और प्रवासी मजदूरों को बेहतर और सुगम रेल संपर्क उपलब्ध होगा। अब यात्रियों को टिकट बुकिंग, समय सारिणी और यात्रा योजना बनाने में अधिक सुविधा होगी।

प्रवासी ट्रैवेलर्स एसोसिएशन ने इस महत्वपूर्ण और जनहितकारी निर्णय के लिए माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, दक्षिण पश्चिम रेलवे सलाहकार समिति सदस्य महेंद्र सिंघी जी, तथा सभी संबंधित रेलवे अधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। यह निर्णय यात्रियों की सुविधा, बेहतर रेल संपर्क और क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सहकारी समिति का पंजीकरण निलंबित हो तो चुनाव नहीं हो सकते : हाई कोर्ट

## एशियन सनसिटी फ्लैट मालिकों के मामले में न्यायमूर्ति माधवी देवी का फैसला

**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति त. माधवी देवी ने फैसला दिया कि जब सहकारी समिति का पंजीकरण सहकारी ट्रिब्यूनल के आदेश से निलंबित हो, तो उसके चुनाव आगे नहीं बढ़ाए जा सकते। न्यायाधीश ने कुनाला सुरेश द्वारा दायर एक रिट याचिका का निपटारा किया, जिसमें रंगारेड्डी जिले के सिरिलिंगमपल्ली में एशियन सनसिटी फ्लैट मालिकों मेंटेनेंस म्युचुअली एडेड सहकारी समिति के लिए जारी चुनाव नोटिस को चुनौती दी गई थी।

**चुनाव अधिकारी द्वारा अप्रैल 2025 में जारी किया गया था नोटिस**

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि चुनाव अधिकारी ने अप्रैल 2025 में नोटिस जारी किया, जिसमें मई 2025 में समिति की प्रबंध समिति के चुनाव निर्धारित किए गए थे, भले ही सहकारी ट्रिब्यूनल ने पहले ही समिति के पंजीकरण को निलंबित करने और चुनाव प्रक्रिया को रोकने का अंतरिम आदेश पारित कर दिया था।

**उत्तरदाताओं ने हाई कोर्ट के पूर्व निर्देशों का हवाला दिया**

उत्तरदाताओं ने तर्क दिया कि अंतरिम समिति की नियुक्ति और चुनावों की शुरुआत हाई कोर्ट के पूर्व निर्देशों और एक डिवीजन बेंच के आदेश का अनुपालन करते हुए की गई थी, जिसमें कानून के अनुसार चुनाव कराने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने अदालत द्वारा पहले दिए गए अंतरिम निलंबन को समाप्त करने की मांग की।

**न्यायाधीश ने ट्रिब्यूनल के आदेश को बताया प्रभावी**

रिकॉर्ड की जांच के बाद, न्यायाधीश ने नोट किया कि ट्रिब्यूनल का समिति के पंजीकरण को निलंबित करने का अंतरिम आदेश प्रभावी रहा और किसी उच्च मंच ने उस आदेश को रद्द नहीं किया था। न्यायाधीश ने देखा कि एक बार जब समिति का पंजीकरण निलंबित हो जाता है, तो समिति को कानून में मौजूद नहीं माना जा सकता और इसलिए चुनाव नहीं कराए जा सकते।

**न्यायिक अनुशासन का किया जोर**

न्यायाधीश ने जोर दिया कि न्यायिक अनुशासन की आवश्यकता थी कि अदालतें और अधिकारी योग्य ट्रिब्यूनलों के आदेशों का सम्मान करें और उन्हें प्रभावी दें जब तक कि उन आदेशों को संशोधित या समाप्त नहीं किया जाता। प्रभावी निलंबन के बावजूद चुनाव कराना इस सिद्धांत के विपरीत कार्य करने के बराबर होगा। न्यायाधीश ने अधिकारियों को सहकारी ट्रिब्यूनल के समक्ष उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया। अंतरिम व्यवस्था के रूप में, जिला सहकारी अधिकारी को ट्रिब्यूनल द्वारा लंबित आ-वेदनों पर निर्णय तक समिति के कार्यों का प्रबंधन करने के लिए एक अधिकारी व्यक्ति को प्रभारी नियुक्त करना होगा।

**पुलिसकर्मियों ने चुनौती दी पदोन्नति प्रक्रिया**

एएसपी पद के लिए पदोन्नति को लेकर रिट याचिकाएं दायर

तेलंगाना हाई कोर्ट की दो-न्यायाधीश पीठ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) (गैर-कैडर) के पद के लिए की गई पदोन्नतियों को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं के एक समूचे की सुनवाई जारी रखेगी। मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह और न्यायमूर्ति जी.एम. मोहिउद्दीन की पीठ एन. वेणु गोपाल रेड्डी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं का निपटारा कर रही थी, जिसमें फीडर कैडरों में आवश्यक तैयारी अभ्यास पूरा किए बिना राज्य अधिकारियों द्वारा पदोन्नतियां प्रभावित करने की कार्रवाई पर सवाल उठाया गया था।

आवश्यक तैयारी अभ्यास पूरा नहीं होने का आरोप



याचिकाकर्ताओं का मामला था कि राज्य अधिकारियों ने पहले एएसपी के कैडर में की गई विशेष अंतरिम पदोन्नतियों की समीक्षा किए बिना और एपी राज्य और अधीनस्थ सेवा नियमों के नियम 6 के तहत वार्षिक पदोन्नति पैनल तैयार किए बिना पुलिस अधीक्षक (गैर-कैडर) के पद के लिए कुछ पदोन्नतियां की थीं। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि अधिकारियों को 29 नवंबर, 2018 को जारी की गई अंतिम वरिष्ठता सूची के अनुसार उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के कैडर में अंतिम आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद एएसपी के कैडर में वार्षिक पैनल तैयार करने की आवश्यकता थी। वकील ने तर्क दिया कि फीडर कैडर में आवश्यक तैयारी अभ्यास किए बिना की गई पदोन्नतियां सेवा नियमों के विपरीत थीं।

**वरिष्ठता स्थिति अंतिम नहीं होने पर कार्रवाई को बताया मनमाना**

अधिकारियों ने याचिकाकर्ताओं के रैंक से जूनियर अधिकारियों के मामलों पर विचार किया, लेकिन याचिकाकर्ताओं को इस आधार पर बाहर कर दिया कि उन्होंने एएसपी के कैडर में आवश्यक सेवा पूरी नहीं की थी। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि जब वार्षिक पैनल तैयार करने और वरिष्ठता स्थिति को अंतिम रूप देने का आधारभूत अभ्यास पूरा नहीं हुआ था, तो ऐसी कार्रवाई मनमानी और भेदभावपूर्ण थी। इसलिए, याचिकाकर्ताओं ने एपी राज्य और अधीनस्थ सेवा नियमों के नियम 6 के अनुसार डीएसपी से एएसपी के लिए पदोन्नति के लिए वार्षिक पैनल तैयार करने के निर्देशों की मांग की। पीठ ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए स्थगित कर दिया।

**नागरिक निकाय से सड़क खोदने पर सवाल**

**काकतीय शहरी विकास प्राधिकरण को हाई कोर्ट ने घेरा**

तेलंगाना हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस. चलपथी राव ने काकतीय शहरी विकास प्राधिकरण (कुडा) से उन आरोपों पर सवाल किए कि अधिकारियों द्वारा पहले दी गई बिल्डिंग अनुमति के बावजूद एक आवासीय भूखंड के लिए सार्वजनिक पहुंच सड़क खोद दी गई। न्यायाधीश बी. श्रीनिवासुलु के कानून प्रतिनिधियों द्वारा दायर एक रिट याचिका का निपटारा कर रहे थे, जिन्होंने आरोप लगाया कि उत्तरदाता वारंगल जिले के हनमकोंडा मंडल के लश्कर सिंगारम में एक लेआउट में निर्मित भवन की एकमात्र पहुंच सड़क को बंद करने का प्रयास कर रहे थे।

बिल्डिंग अनुमति के बाद सड़क खोदने पर उठाए सवाल

याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि लेआउट में एक खुली जगह थी, जिससे दो भूखंड निकाले गए और बिल्डिंग अनुमतियां दी गईं। यह तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता और दो अन्य ने उन अनुमोदनों के अनुसार भवनों का निर्माण किया। पहले कुछ कथित उल्लंघनों के संबंध में नोटिस जारी किए गए थे और स्पष्टीकरण दिए गए थे।

अदालत ने अधिकारियों से पूछा- किसने दी अनुमति?

सुनवाई के दौरान, न्यायाधीश ने अधिकारियों से पूछा कि बिल्डिंग अनुमति किसने दी थी। जब अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने अनुमति दी थी, तो अदालत ने सवाल किया कि ऐसी अनुमति देने के बाद सड़क क्यों खोदी गई और टिप्पणी की कि उचित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए था।

**खुली जगह होने का उल्लेख करते हुए निजी व्यक्तियों की संभावना पर जताया संदेह**

यह देखते हुए कि भूमि स्वीकार्य रूप से एक खुली जगह थी, न्यायाधीश ने संदेह व्यक्त किया कि अधिकारी अनुमति देने के बाद सड़क क्यों खोदेंगे और आश्चर्य जताया कि क्या यह कार्य निजी व्यक्तियों द्वारा किया जा सकता था। अदालत ने याचिकाकर्ता को सड़क के स्थान का पता लगाने के लिए बिक्री पत्र दायर करने का निर्देश दिया और काकतीय शहरी विकास प्राधिकरण और वारंगल नगर निगम से वास्तविक स्थिति का सत्यापन करने के लिए कहा।

# मोइनाबाद फार्महाउस ड्रग छापे में बीआरएस पूर्व विधायक, दो अन्य राजनेता गिरफ्तार

## फार्महाउस में कथित तौर पर कोकीन का सेवन करते हुए पकड़े गए



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 0ईगल टीम ने मोइनाबाद पुलिस के साथ शनिवार शाम मोइनाबाद में एक फार्महाउस में पार्टी के दौरान कथित तौर पर कोकीन का सेवन करते हुए लगभग पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिसमें तीन राजनेता शामिल हैं। जबकि रिपोर्टों में उल्लेख किया गया था कि पुलिस पर फार्महाउस में मौजूद लोगों ने शुरू में गोलीबारी की थी, अधिकारियों ने हमले से इनकार किया।

**बीआरएस पूर्व विधायक रोहित रेड्डी के फार्महाउस में हुई पार्टी**

ईगल महानिदेशक संदीप शांडिल्या के अनुसार, पार्टी बीआरएस पूर्विधायक रोहित रेड्डी के स्वामित्व वाले एक फार्महाउस में आयोजित की गई थी। कथित तौर पर इस कार्यक्रम में एलूरु सांसद पुट्टा महेश और जयपुर के पूर्व विधायक नमित शर्मा, एक अधिवक्ता और पांच रियल एस्टेट व्यवसायी मौजूद थे। जबकि तस्करी की गई वस्तु की मात्रा का अभी पता नहीं लगाया जा सका है, पुलिस ने कहा कि यह लगभग दो ग्राम के करीब प्रतीत होती है।

**नौ में से पांच का ड्रग टेस्ट पॉजिटिव**

फार्महाउस में नौ लोग मौजूद थे जब पुलिस ने छापा मारा और उनमें से पांच का ड्रग टेस्ट पॉजिटिव आया।

ईगल टीम ने आरोपियों को मोइनाबाद पुलिस के हवाले कर दिया, जो उन्हें फिर से ड्रग टेस्ट के अधीन करेगी और फिर उनके खिलाफ मामला दर्ज करेगी।

**अधिकारियों ने गोलीबारी से किया इनकार, आक्रामक व्यवहार की पुष्टि**

जबकि अधिकारियों ने किसी भी गोलीबारी से इनकार किया, उन्होंने कहा कि फार्महाउस में मौजूद लोगों ने आक्रामक व्यवहार किया और शुरू में टीम को परिसर में प्रवेश करने से रोकने का प्रयास किया। इस घटना की आगे की जांच जारी है।

# जीएचएमसी ने अग्नि सुरक्षा अभियान में 252 इमारतों का निरीक्षण किया

## अधिकांश वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में मूलभूत व्यवस्थाएं, कुछ में कमी पाई गई




**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 0 जीएचएमसी ने शनिवार को अग्नि सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा के लिए एक विशेष अभियान चलाया, जिसमें शहर भर में 252 इमारतों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में मूलभूत अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं थीं, हालांकि कुछ में पर्याप्त सुविधाओं की कमी पाई गई। ऐसे मामलों को अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए करीबी निगरानी में रखा जाएगा।

निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने अग्नि सुरक्षा प्रणालियों की जांच की और मालिकों और निवासियों में रोकथाम उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाई। ध्यान सेलर पर था 0हमने जांच की कि क्या उनका उपयोग ऐसी खतरनाक सामग्री संग्रहीत करने के लिए किया जा रहा था जो आग के जोखिम पैदा कर सकती है, एक जीएचएमसी अधिकारी ने कहा।

जहां खतरनाक सामग्री पाई गई, मालिकों को उन्हें तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया। अनुपस्थित, गैर-कार्यात्मक, या खराब तरीके से बनाए रखे गए अग्नि सुरक्षा उपकरणों वाले प्रतिष्ठानों को भी नोटिस जारी किए गए, जिसमें उन्हें मानकों के अनुसार प्रणालियों को ठीक करने का निर्देश दिया गया।

जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन ने कहा कि ऐसे निरीक्षण अभियान तैयारियों को मजबूत करने और शहर में आग संबंधित घटनाओं को रोकने के लिए जारी रहेंगे।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, No. 6944111Y Hav Koteswara Rao Rangineni of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, Ts that my mother name is changed from RANGENENI SAMABA RAJAM to RANGINENI SAMBRAJYAM

**CHANGE OF NAME**

I, No. 6948640H NK C Ramakrishnan of ADM Bn, Aoc centre Secunderabad, Ts that my mother name is changed from ANNAMMAL to ANNAMMA C and also my father name is changed from CHALLADURAI to CHELLADURAI P

# उपमुख्यमंत्री का निर्देश: तीन महीने में पूरे करें अधूरे कल्याणकारी छात्रावास, लापरवाही पर दी चेतावनी



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने शनिवार को कल्याण विभाग के अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया है कि जो छात्रावास 80 प्रतिशत तक बन चुके हैं, उन्हें अगले तीन महीनों के भीतर अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। सरकार का लक्ष्य है कि आगामी शैक्षणिक सत्र शुरू होने तक ये छात्रावास छात्रों के लिए पूरी तरह तैयार हों।

डॉ. बी.आर. अंबेडकर सचिवालय में उपमुख्यमंत्री ने कल्याण मंत्री अदलुरी लक्ष्मण के साथ एससी (डउ) और एसटी (डढ) कल्याण विभागों के बजट प्रस्तावों की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य और बंदोबस्त (एपवुेशर्पीी) विभाग के अधिकारियों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

**बिलों के भुगतान के लिए नियुक्त होगा वरिष्ठ अधिकारी**

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि छात्रावासों के मरम्मत बिलों को हर 15 दिन में वित्त विभाग को भेजने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त किया जाए ताकि भुगतान में देरी न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्मियों की छुट्टियों के दौरान होने वाले मरम्मत कार्यों में कोई भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किराया, बिजली बिल, कॉस्मेटिक शुल्क और आउटसोर्सिंग स्टाफ के वेतन के बिल समय पर जमा किए जाएं। उन्होंने पिछली सरकार के दौरान हुई देरी का हवाला देते हुए इस पूरी प्रक्रिया में सुधार लाने पर जोर दिया।

**सुविधाओं की निगरानी और डाइट चार्ज में भारी वृद्धि**

छात्रावासों में शिक्षण की गुणवत्ता, भोजन और अन्य सुविधाओं की निगरानी के लिए एक विशेष तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने डाइट चार्ज (भोजन शुल्क) में 40 प्रतिशत और कॉस्मेटिक शुल्क में 200 प्रतिशत की भारी वृद्धि की है। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उच्च अधिकारियों को नियमित रूप से रिपोर्ट भेजने का आदेश भी दिया गया है।

**आयुर्वेद को बढ़ावा और विरासत मंदिरों का संरक्षण**

आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा पर चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने आयुष (अधणडक) विभाग को 'रोजगार गारंटी योजना' के तहत बड़े पैमाने पर औषधीय पौधों की खेती के प्रस्ताव तैयार करने को कहा। वहीं, वन विभाग को सुझाव दिया गया कि पर्यटन के विकास से स्थानीय समुदायों को जंगलों की रक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

विरासत स्थलों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे प्राचीन और पैतृक मंदिरों के विकास एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान दें।

इस बैठक में वित्त विभाग के प्रधान सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया सहित वरिष्ठ अधिकारी सब्य साची घोष, कृष्णा आदित्य, क्रिस्टीना, सुवर्णा और हनुमंत राव उपस्थित थे।

## तेलंगाना ने बनाया नया एक दिन में बिजली आपूर्ति का रिकॉर्ड, उप मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को दी बधाई

### 13 मार्च को 341.08 मिलियन यूनिट बिजली की आपूर्ति कर इतिहास रचा

**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना पावर यूटिलिटीज ने 13 मार्च को एक ही दिन में रिकॉर्ड 341.08 मिलियन यूनिट (एमयू) बिजली की आपूर्ति करके इतिहास रच दिया।

सुबह 11:17 बजे, राज्य ने 18,228 मेगावाट की पीक डिमांड पूरी की, जिसने मार्च 2025 में बने पिछले रिकॉर्ड 335.19 एमयू और 17,162 मेगावाट को पीछे छोड़ दिया।

अधिकारियों ने इस उछाल का कारण बढ़ते तापमान और कृषि बिजली खपत में वृद्धि को बताया।

राज्य के बिजली बुनियादी ढांचे को भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए मजबूत किया गया है, जिसमें 350 एमयू से अधिक दैनिक ऊर्जा आवश्यकताओं और लगभग 19,000 मेगावाट की पीक लोड को पूरा करने की क्षमता है।

एक मजबूत पावर ग्रिड और समन्वित परिचालन योजना उच्च मांग के दौरान भी निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करती है। उप मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्का ने शनिवार को सभी पावर यूटिलिटीज के कर्मचारियों को निरंतर समुद्री स्तर पर बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए बधाई दी।

## तेलंगाना सरकार के खिलाफ भाजपा का शंखनाद

### 15 दिनों तक चलेगा प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** तेलंगाना प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने शनिवार को कांग्रेस सरकार के विरुद्ध आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर 'जनविरोधी शासन' का आरोप लगाते हुए 15 दिनों तक चलने वाले प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है।

सरकार की कथित विफलताओं को उजागर करने वाले एक पोस्टर का विमोचन करते हुए रामचंद्र राव ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन तत्काल प्रभाव से शुरू होगा और विरोध प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के रूप में पूरे राज्य में जारी रहेगा।

**मंडल कार्यालयों से शुरू होगी विरोध की लहर**

आंदोलन के पहले चरण की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि 16 मार्च को भाजपा कार्यकर्ता राज्य के सभी मंडल कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान जन समस्याओं और शिकायतों को उजागर करते हुए मंडल अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

इसके पश्चात, आंदोलन को और तेज करते हुए 20 मार्च को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में जिला कलेक्टर कार्यालयों के समक्ष विशाल प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। रामचंद्र राव ने कहा कि पार्टी इस आंदोलन का उपयोग जनता की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाने और सरकार को उन्हें हल करने के लिए मजबूर करने के लिए करेगी।

**जनता से समर्थन की अपील, जल्द घोषित होंगे अगले कार्यक्रम**

भाजपा नेता ने तेलंगाना की जनता से इस आंदोलन को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि पार्टी लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चेतावनी दी कि विरोध प्रदर्शनों का स्वरूप ऐसा होगा जो राज्य सरकार को सार्वजनिक मुद्दों पर जवाब देने के लिए विवश कर देगा।

आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी जल्द ही पार्टी नेताओं के साथ चर्चा के बाद साझा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि चल रहे इस आंदोलन के हिस्से के रूप में अतिरिक्त विरोध कार्यक्रमों की घोषणा भी शीघ्र की जाएगी।

## पूर्व डीजीपी एच.जे. डोरा का हैदराबाद में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

### 83 वर्षीय डोरा का निम्स में निधन, पुलिस विभाग में सुधारक के रूप में थी पहचान



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पूर्व पुलिस महानिदेशक एच.जे. डोरा का अंतिम संस्कार शनिवार को यहां महाप्रस्थानम में राजकीय सम्मान के साथ किया गया।

83 वर्षीय डोरा का शुक्रवार सुबह यहां निम्स में इलाज के दौरान बीमारी के कारण निधन हो गया था। डोरा, जो तत्कालीन आंध्र प्रदेश के पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे और पुलिस विभाग में सुधारक के रूप में जाने जाते थे, का अंतिम संस्कार भावुक दृश्यों के बीच किया गया, जहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशंसकों ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी।

अंतिम यात्रा उनके जुबली हिल्स स्थित निवास से शुरू हुई और महाप्रस्थानम तक गई, जहां राजकीय सम्मान के साथ दाह संस्कार किया गया। दिन में पहले कई वरिष्ठ अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

तेलंगाना पुलिस महानिदेशक बी. शिवधर रेड्डी ने अपने गुरु के सम्मान में व्यक्तिगत रूप से बियर उठाया। उनके साथ हैदराबाद सिटी पुलिस कमिश्नर वी.सी. सज्जनार और साइबराबाद पुलिस कमिश्नर एम. रमेश भी अंतिम यात्रा के दौरान बियर उठाने में शामिल हुए।

पूर्व डीजीपी जितेंदर और कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के साथ-साथ राजीव त्रिवेदी, एस. चंद्रशेखर रेड्डी और कमलासन रेड्डी ने पुष्पांजलि अर्पित की और डोरा के पुलिस व्यवस्था में योगदान को याद किया।

अधिकारियों ने डोरा को एक समर्पित अधिकारी के रूप में याद किया, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान पुलिस प्रशासन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## *गैस केवाईसी के नाम पर साइबर ठगी का बढ़ा ग्राफ*

### पुलिस कमिश्नर वी. सी. सज्जनर ने जनता को किया आगाह



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)** हैदराबाद शहर के पुलिस कमिश्नर वी. सी. सज्जनर ने शनिवार को गैस कनेक्शन केवाईसी अपडेट और इमरजेंसी गैस बुकिंग के नाम पर बढ़ रहे साइबर अपराधों को लेकर नागरिकों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अपराधी गैस सिलेंडर की कमी का फायदा उठाकर मासूम ग्राहकों को अपनी ठगी का शिकार बना रहे हैं।

पुलिस प्रमुख द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि जालसाज व्हाट्सएप और एसएमएस के जरिए लिंक भेजकर उपभोक्ताओं से अपना केवाईसी अपडेट करने को कहते हैं।

एपीके फाइल और संदिग्ध लिंक से रहें सावधान

कमिश्नर सज्जनर ने आगाह किया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भेजे गए असत्यापित लिंक पर क्लिक करने या एपीके फाइल डाउनलोड करने से साइबर अपराधियों को मोबाइल फोन का पूरा एक्सेस मिल सकता है। इससे वे बैंक ओटीपी और अन्य गोपनीय संदेशों को आसानी से इंटरसेप्ट कर सकते हैं और खाता खाली कर सकते हैं।

महाराष्ट्र के डोंबिवली की एक हालिया घटना का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि एक प्रतिष्ठित गैस कंपनी का प्रतिनिधि बनकर साइबर ठगों ने दो महिलाओं से संपर्क किया। उन्हें एक एपीके फाइल भेजकर विवरण भरने को कहा गया। जैसे ही ऐप इंस्टॉल हुआ, उनके बैंक खातों से 4 लाख रुपये धोखाधड़ी से निकाल लिए गए।

**फर्जी विज्ञापनों और एडवांस पेमेंट के झांसे में न आएं**

कमिश्नर ने सोशल मीडिया पर इंस्टेंट सिलेंडर डिलीवरी या अतिरिक्त सिलेंडर का वादा करने वाले विज्ञापनों के प्रति भी सचेत किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैस आपूर्ति के लिए अग्रिम भुगतान (अर्वींरपलश झरूाशर्पी) की मांग करने वाला कोई भी संदेश साइबर धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है।

**सुरक्षा के लिए प्रमुख सुझाव:**

गोपनीयता: किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैंक विवरण, ओटीपी या यूपीआई पिन साझा न करें।

आधिकारिक माध्यम: बुकिंग या केवाईसी के लिए केवल अधिकृत गैस कंपनियों के आधिकारिक ऐप या वेबसाइट का ही उपयोग करें।

प्रत्यक्ष संपर्क: किसी भी संदेह की स्थिति में उपभोक्ता सीधे अपनी संबंधित गैस एजेंसी के कार्यालय में जाकर संपर्क करें।पुलिस कमिश्नर ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति ऐसी धोखाधड़ी का शिकार होता है, तो वह तुरंत नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या केंद्र सरकार के पोर्टल cybercrime.gov.in.पर अपनी शिकायत दर्ज कराए।

## यूपीएससी ने तेलंगाना डीजीपी पद के लिए 3 आईपीएस अधिकारियों को किया शॉर्टलिस्ट

### सीवी आनंद को माना जा रहा फ्रंट-रनर



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने कथित तौर पर तेलंगाना में डीजीपी के पद के लिए तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को शॉर्टलिस्ट किया है। अब राज्य सरकार से उम्मीद की जा रही है कि वह तीन में से एक को चुनकर राज्य के पुलिस बल का नेतृत्व करेगी।

चयन समिति ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया पूरी करने के लिए 11 मार्च को दिल्ली में बैठक की। इस उच्च स्तरीय बैठक में यूपीएससी के अध्यक्ष, केंद्रीय गृह सचिव, तेलंगाना के मुख्य सचिव और गृह मंत्रालय के एक नामित अधिकारी ने भाग लिया।

राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत छह डीजी-रैंक के अधिकारियों के सेवा रिकॉर्ड की समीक्षा के बाद, समिति ने सूची को तीन उम्मीदवारों तक सीमित कर दिया। शॉर्टलिस्टिंग वरिष्ठता के साथ-साथ शेष सेवा कार्यकाल की अवधि के आधार पर की गई।जिन्हें शॉर्टलिस्ट किया गया है उनमें सीवी आनंद (1991 बैच), जो वर्तमान में विशेष मुख्य सचिव (गृह) के रूप में कार्यरत हैं; विनायक प्रभाकर आप्टे (1994 बैच), खुफिया ब्यूरो में विशेष निदेशक; और सौम्या मिश्रा (1994 बैच), तेलंगाना की महानिदेशक जेल शामिल हैं।

इन तीनों में, आनंद को व्यापक रूप से फ्रंट-रनर के रूप में देखा जा रहा है, जिन्होंने पहले हैदराबाद और साइबराबाद दोनों के पुलिस कमिश्नर के रूप में कार्य किया है।

## केरोसीन आवंटन: तेलंगाना को मिले 1,740 किलोलीटर एडहॉक पीडीएस एसकेओ



**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से केरोसीन का वितरण नहीं करता है, लेकिन इसे 1,740 किलोलीटर का आवंटन मिला है, जो जाहिर तौर पर एलपीजी संकट से निपटने के लिए है। यह अधिकारियों को भ्रमित कर रहा है क्योंकि राज्य के पास इस ईंधन के वितरण को संभालने के लिए कोई नेटवर्क नहीं है।

**केंद्र सरकार के निर्देश**

संघ पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के एक पत्र में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा गया है कि वे सुनिश्चित करें कि केरोसीन का वितरण पीडीएस या किसी अन्य मोड के माध्यम से किसी भी नामित स्थान पर किया जाए, जिसमें पीएसयू तेल विपणन कंपनियों के रिटेल आउटलेट भी शामिल हैं। केंद्र ने निर्दिष्ट किया कि यह ईंधन केवल खाना पकाने और रोशनी के लिए उपयोग किया जाना चाहिए।

**तेलंगाना में सफेद केरोसीन की खपत में बदलाव**

तेलंगाना में, सफेद केरोसीन (गैर-पीडीएस केरोसीन) की खपत में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है क्योंकि राज्य ने हाल के दशकों में घरेलू उपयोग के लिए केरोसीन-मुक्त बनने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सफेद केरोसीन मुख्य रूप से निजी डीलरों और ओएमसी के माध्यम से उपलब्ध है, जो लगभग 80 से 90 रुपये प्रति लीटर की दर से बिकता है। इसका वर्तमान में मुख्य रूप से औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए उपयोग किया जाता है।

**आपात स्थिति में वितरण के लिए आवंटन**

नागरिक आपूर्ति सूत्रों के अनुसार, केरोसीन आवंटन केवल आपात स्थिति में वितरण के लिए किए गए थे। संघ मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुपालन में व्यवहार्य वितरण चैनलों पर जल्द ही एक निर्णय लिया जाएगा, एक सूत्र ने समाचार एजेंसी को सूचित किया।

**उचित मूल्य दुकानें अनिच्छुक, पेट्रोल पंप विकल्प**

उचित मूल्य दुकानें (एफपीएस) उपकरण और सुविधाओं की कमी का हवाला देते हुए केरोसीन वितरण की नई जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं हैं। पेट्रोल पंपों के माध्यम से वितरण व्यवहार्य विकल्प होगा। चूंकि हमारे पास केरोसीन को संभालने के लिए बुनियादी ढांचा नहीं है, इसलिए सरकार की मदद के लिए हम कुछ नहीं कर सकते, एक एफपीएस प्रतिनिधि ने कहा।

## तेलंगाना में 377 पीजी मेडिकल सीटें खाली

### सक्षम प्राधिकारी कोटा में 125, प्रबंधन कोटा में 252 सीटें रिक्त

**हैदराबाद, 14 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना राज्य निजी मेडिकल और डेंटल कॉलेज प्रबंधन संघ के अनुसार, तेलंगाना में कुल 377 स्नातकोत्तर मेडिकल सीटें खाली रह गई हैं।

इसमें सक्षम प्राधिकारी कोटा के तहत 125 और प्रबंधन कोटा के तहत 252 सीटें शामिल हैं।

**स्वास्थ्य विभाग करेगा मंत्री को ब्रीफ**

अधिकारियों ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी कोटा में कम संख्या में सरकारी कॉलेज की सीटें शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के मंत्री को ब्रीफ करने और राष्ट्रीय मेडिकल आयोग (एनएमसी) के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करने की उम्मीद है।

हर साल खाली रहती हैं सीटें: केएनआरयूएचएस वीसी कलावती नरायण राव यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (केएनआरयूएचएस) के कुलपति डॉ. के. रमेश रेड्डी ने नोट किया कि हर साल खाली सीटें देखी जाती हैं, ज्यादातर निजी कॉलेजों में। "सरकारी कॉलेजों में अधिकांश गैर-नैदानिक सीटें भरी हुई हैं, लेकिन निजी कॉलेजों में अधिक सीटें खाली रह जाती हैं। यह हमारे राज्य के लिए नया नहीं है और पूरे देश में होता है, उन्होंने कहा।

संघ ने दायर की रिट याचिका

संघ ने प्रवेश की समय सीमा में विस्तार और पात्रता मानदंडों में संशोधन की मांग करते हुए एक रिट याचिका दायर की है, यह तर्क देते हुए कि अन्यथा कई छात्रों को अगली प्रवेश परीक्षा के लिए फिर से तैयारी करनी होगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.